डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शनिवार
12.11.2022
मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 04
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-29 अंक-28 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**

अगर जीवन में सफलता प्राप्त करनी है तो यह गुण व्यक्ति में अवश्य होने चाहिए। धैर्यवान होना, पवित्र होना और सबसे महत्वपूर्ण दृढ़ निश्चयी होना।




## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चुनावी वादे को किया पूरा

# 1932 खतियान के आधार पर राज्य में स्थानीय नीति लागू

- पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत
- आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को 77 प्रतिशत आरक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा ने शुक्रवार को झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक, स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा और परिणामी सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभों को ऐसे स्थानीय व्यक्तियों तक विस्तारित करने के लिए विधेयक 2022 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति संबंधित इस विधेयक को विधानसभा से पारित करा कर अपने सबसे बड़े चुनावी वायदे को पूरा कर लिया है। सरकार ने वायदे के अनुरूप शुक्रवार को विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाकर इन दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से पारित करा लिया। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 विधेयक भारत के संविधान की नौंवी अनुसूची में सम्मिलित होने के उपरांत प्रभावी होगा। इससे झारखंड में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1), पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) और आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को 77 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस विधेयक के पारित हो जाने से ओबीसी के अलावा एसटी और एससी को मिलनेवाले आरक्षण प्रतिशत में भी बढ़ोत्तरी हुई है। विधानसभा के विशेष सत्र में सीएम हेमंत सोरेन ने इस विधेयक को पेश करते हुए बताया कि सीधी भर्ती से राज्य में होनेवाली सरकारी नियुक्तियों में 77 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है, जबकि मेरिट से 23 प्रतिशत पद भरे जायेंगे। इस विधेयक के अनुसार अब राज्य में अनुसूचित जाति के लिए 12, अनुसूचित जनजाति के लिए 26, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-1) के लिए 15, पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-2) के लिए 12, आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। यानी सरकारी नौकरियों में इनके लिये 77 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान होगा। श्री सोरेन की ओर से बताया गया कि 15 नवम्बर 2000 को अलग झारखंड राज्य गठन के बाद राज्य में आरक्षण का प्रतिशत पुनर्निर्धारित करने के लिए 2001 में तत्कालीन सीएम बाबूलाल मरांडी की ओर से तत्कालीन कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा की अध्यक्षता में एक मंत्रिमंडलीय उप समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने सभी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए 71 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव दिया, जिसमें अनुसूचित जाति के लिए 12, अनुसूचित जनजाति के लिए 32, अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लिए 16 प्रतिशत और पिछड़ा वर्ग के लिए 9 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया। श्री मरांडी की सरकार ने इस रिपोर्ट के आधार पर कुल 73 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया, जिसमें अनुसूचित जाति को 14, अनुसूचित जनजाति को 32, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 18 और पिछड़ा वर्ग को 9 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया। मुख्यमंत्री की ओर से विधानसभा में पेश विधेयक में बताया गया है कि ओबीसी की ओर से आरक्षण की सीमा बढ़ाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। जबकि केंद्र सरकार पर भी ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण और पड़ोसी राज्य बिहार में पिछड़ा वर्ग को 30 प्रतिशत आरक्षण देय है। मंत्रिमंडलीय उपसमिति की रिपोर्ट में ओबीसी की जनसंख्या 32 प्रतिशत से ज्यादा आकलित किया गया था। इसके साथ ही अनुसूचित जाति की जनसंख्या 12 प्रतिशत और 1971 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 32.12 अंकित की गयी थी। यह बात भी सामने आयी है कि अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 1941 की जनगणना के बाद से कम हो रही है, इस वर्ग को संरक्षित करने के उद्देश्य से 32 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया गया था। इस तरह से राज्य में पिछड़ों की आबादी लगभग 76 प्रतिशत के आसपास है, जिसमें एसी, एसटी, ओबीसी-1 और ओबीसी-2 शामिल है। इसलिए इनके विकास के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने का प्रस्ताव किया गया है। श्री सोरेन ने विधानसभा में विधेयक को पेश करते हुए बताया कि इस अधिनियम के तहत परिभाषित स्थानीय व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक बीमा और रोजगार-बेरोजगारी के संबंध में राज्य की सभी योजनाओं और नीतियों के हकदार होंगे। स्थानीय नागरिक को अपनी भूमि, रोजगार, कृषि ऋण और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### स्पीकर को बुके देकर सीएम ने किया अभिनंदन



**रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष रबिन्द्र नाथ महतो को बुके देकर उनका अभिनंदन किया।**

### मुख्यमंत्री का केंद्रीय सरना समिति और सरना प्रार्थना सभा ने किया जोरदार स्वागत और अभिनंदन



**रांची।** 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक झारखंड विधानसभा से पारित होने पर झारखंडवासियों में इतना उत्साह उमंग उल्लास और खुशी है, इसकी बानगी मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में भी देखने को मिली। इस ऐतिहासिक पहल के लिए केंद्रीय सरना समिति और सरना प्रार्थना सभा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर उन्होंने खूब जयकारे लगाये। एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियों को इजहार किया। वहीं, आतिशबाजी कर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पूरे झारखंड के लिए आज का दिन विशेष व ऐतिहासिक है : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक को सदन की मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जो कहते हैं, वो करते हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पिछले साल हमने सरना कोर्ड पारित किया था। आज का दिन शुभ है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पूरे झारखंड के लिए आज का दिन विशेष और ऐतिहासिक है। झारखंड विधानसभा से झारखंडवासियों की आत्मा और अस्मिता से जुड़े 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक पारित हो चुका है। आज पूरा झारखंड जश्न और खुशियां मना रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन में इन दोनों विधेयकों के सदन से पारित होने के बाद विधानसभा परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक बार फिर झारखंड के लिहाज से 11 नवंबर का दिन इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज हो चुका है।

**हमारी सरकार ने निभाया वादा, अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो वादा किया था, उसे निभाने का काम किया है। अब केंद्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह झारखंड की भावनाओं के अनुरूप संवैधानिक प्रावधानों के तहत 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि से संबंधित विधेयक को नौवीं अनुसूची में डालने की पहल करे, ताकि झारखंडवासियों उनका मान-सम्मान और अधिकार मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जरूर हुई तो पूरी सरकार दिल्ली में भी इसके लिये अपनी पूरी ताकत लगाने से पीछे नहीं हटेगी।

**विकास और जनकल्याण के कार्य निरंतर जारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए जनकल्याण और विकास के कार्य सरकार लगातार कर रही हैं। लंबे समय से जो समस्याएं यहां व्याप्त थी, उसे दूर करने का कार्य लगातार जारी है। आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और वंचित वर्गों का जो दुःख-दर्द है, उसे दूर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। सरकार के कदम ना रुके थे और ना रुकेंगे। हम लगातार आगे बढ़ते रहेंगे।

**झारखंड के लिए 11 नवम्बर का दिन है बेहद खास :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लिहाज से 11 नवम्बर का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक है। 11 नवम्बर 1908 को ही छोटानागपुर टेनेंसी एक्ट वजूद में आया था वहीं, पिछले वर्ष 11 नवम्बर को झारखंड विधानसभा में सरना अलग धर्म के विधेयक को पारित कर केंद्र सरकार को भेजा गया था और एक बार फिर आज 1932 खतियान आधारित स्थानीयता और नियुक्ति तथा सेवाओं में आरक्षण वृद्धि का विधेयक झारखंड विधानसभा से पारित किया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### विष्णु अग्रवाल से ईडी ने की पूछताछ

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय के रांची जोनल ऑफिस में कारोबारी विष्णु अग्रवाल से पूछताछ हुई। ईडी ने नौ नवम्बर की पूछताछ के बाद कई सारे कागजातों के साथ विष्णु अग्रवाल को बुलाया था। एक दिन का वक्त उन्हें कागजात जुटाने के लिए दिया गया था। ऐसे में शुक्रवार की दोपहर वह रांची जोनल ऑफिस पहुंचे। देर शाम तक सेना की जमीन की खरीद के साथ-साथ अन्य गैरमजरूआ व खास महल की जमीन की खरीद से जुड़े मामले में ईडी ने विष्णु अग्रवाल से पूछताछ की।

### जमानत के बाद रांची पहुंचे कांग्रेस के तीनों विधायक

**रांची।** कैश कांड में कलकत्ता हाईकोर्ट से स्थायी जमानत मिलने के बाद कांग्रेस के तीनों विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी शुक्रवार को कोलकाता से रांची पहुंचे। तीनों का कई जगह स्वागत हुआ। इरफान अंसारी, राजेश कच्छप और नमन विक्सल कोंगाड़ी ने रांची में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही अपने समर्थकों का आभार व्यक्त किया। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए तीनों विधायकों ने कहा कि एक साजिश के तहत कुछ बाहरी लोगों ने उन्हें फंसाने का प्रयास किया है जिसका जल्द ही पर्दाफाश होगा। विधायक इरफान अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार गिराने की कोशिश में उन सभी की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि वे मांग करेंगे कि वर्ल्ड की बेस्ट एजेंसी से पूरे प्रकरण की जांच करायी जाये।

### सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नावा बाजार थाना क्षेत्र के कंडा घाटी के समीप गुरुवार की शाम पिकअप वैन एवं मोटरसाइकिल के बीच हुई टक्कर में घायल हुए दो युवकों की मौत हो गई। एक की मौत मेदिनी राय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जबकि दूसरे की मौत रांची के राजेन्द्र इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (रिम्स) ले जाने के क्रम में हो गई। घटना के बाद दोनों को एमआरएमसीएच में भर्ती किया गया था। गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के तमगे कला गांव निवासी 29 वर्षीय प्रभु पहिया की मौत एमआरएमसीएच में जबकि नावा बाजार थाना क्षेत्र के खोंगा गांव निवासी 40 वर्षीय प्रमोद परहिया की मौत रिम्स ले जाने के दौरान सतबरवा में हो गई। दोनों शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मेदिनीनगर शहर थाने की पुलिस ने उसे परिजनों को सौंप दिया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने जदयू-राजद गठबंधन सरकार बर्खास्त करने की याचिका की खारिज

### चुनिंदा हालात में चुनाव बाद किये गये गठबंधन सरकार स्वीकार्य

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने बिहार की जदयू-राजद सरकार के विरुद्ध दायर एक याचिका को खारिज करते हुए कहा कि चुनिंदा हालात में चुनाव बाद किये गये गठबंधन स्वीकार्य हैं। एक व्यक्ति चंदन कुमार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर राजद-जदयू गठबंधन को गलत बताकर नीतीश कुमार सरकार को बर्खास्त करने को कहा गया था। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस एमएम संदरेश की बेंच ने कहा कि दल-बदल कानून में भी इस तरह के गठबंधन का प्रावधान है। संविधान का 10वां शेड्यूल भी इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच का कहना था कि याचिका में कोई मजबूत दलील नहीं दी गयी है, जिस पर कोर्ट विचार करने का मन बनाये। लिहाजा इस याचिका को सिरे से खारिज किया जाता है। एक व्यक्ति चंदन कुमार ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर करके दलील दी थी कि नीतीश और जदयू का महागठबंधन जनता के साथ धोखा है। हॉर्स ट्रेडिंग और करप्ट पॉलिटिक्स के चलते लोगों को एक स्थिर सरकार नहीं मिल पा रही है। उनका कहना था कि ये गठबंधन संविधान का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## जेजेएमपी का उग्रवादी पिस्टल के साथ गिरफ्तार

### पुलिस मुठभेड़ व डकैती की घटना में था शामिल



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** पुलिस ने प्रतिबंधित जेजेएमपी संगठन के एक सक्रिय उग्रवादी को हथियार और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। लातेहार एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर उसे सिकनी-रिचुघुटा मार्ग पर पकड़ा गया। गिरफ्तार उग्रवादी सदर थाना के पेशरार में पुलिस के साथ मुठभेड़ और मनिका थाना क्षेत्र के देवबार मोड़ में हुई डकैती की घटना में शामिल था। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए लातेहार एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि जेजेएमपी के सक्रिय उग्रवादी कमलेश नायक उर्फ कमलेश घासी उम्र 21 वर्ष, गांव-कोने बिनगड़ा, थाना-लातेहार को लोडेड पिस्टल एवं जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया है। हाल में ही कमलेश नायक ने बिनगड़ा गांव की एक नाबालिग लड़की को पिस्तौल के बल पर अपहरण किया था। नाबालिग लड़की को भी गिरफ्तार उग्रवादी के पास से सकुशल बरामद किया है।

**बरामद सामग्रियों की सूची :** गिरफ्तार उग्रवादी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### मनातू चक से लैंडमाइंस बरामद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के मनातू चक में सुरक्षाबलों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। माओवादियों ने सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए एक पुलिया में लैंडमाइंस को लगाया था। लैंडमाइंस को सुरक्षाबलों ने विस्फोट कर नष्ट कर दिया है। यह पूरी घटना पलामू के मनातू थाना क्षेत्र के चक के बधार की है। लैंडमाइंस बरामद होने के बाद इलाके में सुरक्षा बल सर्च अभियान चला रहे हैं। पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने लैंडमाइंस की बरामद होने की पुष्टि करते हुए बताया कि बम निरोधक दस्ते ने इस लैंड माइंस को डिफ्यूज कर दिया है। दरअसल, सीआरपीएफ 134

## ज्ञानवापी परिसर के शिवलिंग का संरक्षण अगले आदेश तक रहेगा जारी

**- आरएनएम**

**नयी दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी मामले में सुनवाई के दौरान अपने पुराने आदेश को बरकरार रखते हुए कहा कि शिवलिंग का संरक्षण अगले आदेश तक जारी रहेगा। हिंदू पक्ष को इस मामले में जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया गया है। कोर्ट ने इससे पहले 12 नवम्बर तक वजू खाने के संरक्षण का आदेश दिया था। इस बारे में हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग (ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में) के सीलिंग आदेश को अगले आदेश तक बढ़ा दिया है। अदालत ने हमें मुस्लिम पक्ष की एक याचिका का जवाब देने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर के ईएसआई सर्वे कराने की मांग पर अब 28 नवम्बर को सुनवाई करेगी। वहीं, शृंगार गौरी और ज्ञानवापी मस्जिद मामले में जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने सुनवाई की अगली तारीख पांच दिसम्बर को तय की है। मालूम हो कि इसके पहले ज्ञानवापी की शृंगार गौरी के नियमित दर्शन, पूजा पाठ और अन्य मामलों के संरक्षण के लिए 21 अक्टूबर को जिला जज की कोर्ट में हिन्दू पक्ष की ओर से कार्रवाई आगे बढ़ाने की मांग पर सुनवाई हुई थी। वहीं, मुस्लिम पक्ष ने अधिवक्ता ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### पूर्व पीएम राजीव गांधी हत्याकांड केस में सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## सभी छह दोषियों को रिहा करने का दिया आदेश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जेल में बंद सभी छह आरोपियों को रिहा करने के आदेश दे दिया है। दोषियों नलिनी और आरपी रविचंद्रन दोनों ने समय से पहले रिहाई की मांग को लेकर शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। न्यायाधीश बीआर. गवई और न्यायाधीश बीवी. नागरत्ना की पीठ ने कहा कि मामले के दोषियों में से एक आरोपी एजी. पेरारिवलन के मामले में शीर्ष अदालत का पहले दिया गया फैसला इन दोनों के मामले में भी लागू होता है।

**ये छह दोषी होंगे रिहा**

राजीव गांधी हत्याकांड में नलिनी, विचंद्रन, मुरुगन, संथन, जयकुमार और रॉबर्ट पॉयस को रिहा करने के आदेश दिया है। पेरारिवलन पहले ही इस मामले में रिहा हो चुके हैं। संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत प्रदत्त शक्ति का इस्तेमाल करते हुए, उच्चतम न्यायालय ने 18 मई को पेरारिवलन को रिहा करने का आदेश दिया था, जिसने 30 साल से अधिक जेल की सजा पूरी कर ली थी।

**1991 में हुई थी राजीव गांधी की हत्या :** बता दें कि 21 मई 1991 की रात राजीव ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## न्यूज गैलरी

### मारपीट में तीन घायल , रेफर

**विश्रामपुर।** आपसी जमीन विवाद में हुए मारपीट में तीन भाई गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विश्रामपुर में इलाज किया जा रहा है। घायलों में मुख्य रूप से मुसाफिर साव, मथुरा साव, दिलकेशवर साव पिता कर्मदव साव का नाम शामिल है। जो कि आपस में सगे भाई है। जो कि पांडू थाना क्षेत्र के सिलदिली गांव के रहने वाले है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपसी जमीन विवाद का मामला बताया जा रहा है। जिसमें खेत में पानी पटाने को लेकर उत्पन हुए विवाद के कारण घर के बगल के पट्टीदार के साथ मारपीट होने लगीं। जिसमें तीनो भाई बुरी तरह घायल हो गये। जिन्हें परिजनों व स्थानीय लोगों ने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भर्ती करवाया । जहां चिकित्सक डॉ. सलमान अहमद ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के उपरांत बेहतर इलाज हेतू 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। मौके पर जीएनएम जितेन्द्र कुमार, गौतम कुमार, इसरार हवारी,सहित कई अन्य स्वास्थकर्मी मौजूद थे।

### राजद नेता ने चापाकल की मरम्मत करा, पेयजल मुहैया कराई

**हरिहरगंज।** राजद प्रदेश महासचिव सह समाजसेवी कमलेश कुमार यादव ने शुक्रवार को निजी खर्च से नगर पंचायत क्षेत्र के कोशडिहरा नहर पर हरिचरन साव के घर के समीप स्थित खराब सार्वजनिक चापाकल की मरम्मत कराते हुए, ग्रामीणों को पेयजल मुहैया कराया। बता दें कि राजद नेता कमलेश यादव नगर पंचायत में जनहित के कई कार्य कराते आ रहे हैं। इस बावत जनहित के इस कार्य को लेकर ग्रामीणों ने कमलेश यादव के प्रति आभार जताया है। आभार जताने वालों में कामेश्वर पासवान, श्याम उदित पासवान, रवि कुमार, मनोज कुमार आदि का नाम शामिल है।

### बैरांव पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**हुसैनाबाद।** जिले के हुसैनाबाद प्रखण्ड अंतर्गत बैरांव पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की शुरूआत मुखिया आत्मेश सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह झामुमो नेता वशिष्ठ सिंह,पूर्व जिला परिषद सदस्य मदन पासवान,अंचलाधिकारी नन्द कुमार राम, एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू कुमार सिंह ,पंचायत समिति सदस्य आदि ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, जनवितरण ,पेंशन समेत सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं से जुड़े मामले आये ,जहां पर कई मामलों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया गया। मौके पर मुखिया आत्मेश कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह ने कहा कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के लिए संकल्पित है। आम जनता को भी अपने हक अधिकार के लिए जागरूक होकर लाभ लेने की जरूरत है। मौके विपिन कुमार ,अविनाश कुमार सिंह ,सुदामा कुमार, कुंदन कुमार सिंह ,सुधीर कुमार ठाकुर समेत कई विभाग के कर्मी व ग्रामीण जनता मौजूद थे।

### समाजसेवी ने निजी खर्च से चापाकल की मरम्मत कराई

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के सतगांवा बांध पर स्थित चापाकल का समाजसेवी जानू चौधरी ने शुक्रवार को निजी खर्च से मरम्मत कराई। यह चापाकल पिछले कई दिनों से खराब पड़ा था। जिससे आसपास के लोगों के समक्ष पानी की समस्या उत्पन्न हो गयी थी। इसकी जानकारी मिलने पर समाजसेवी जानू चौधरी ने मिस्त्री को भेजकर उक्त चापाकल की मरम्मत कराकर चालू कराया। उनके इस कार्य के लिए विजय यादव, नसीम खान, बैजनाथ साव, शेरा खातून, बंटी कुमार, सुनील कुमार, राजू शर्मा, पुकार सिंह, अजमेरी खातून, तैयब, उपेंद्र कुमार, गुनगुन सहित कई लोगों ने आभार जताया।

### दस लाभुकों को मिली पेंशन स्वीकृति पत्र

**हुसैनाबाद।** जिला परिषद सदस्य संगीता देवी ने शुक्रवार को हैदरनगर प्रखंड के बिलासपुर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में दस दिव्यांग व वृद्धा पेंशन से संबधित लाभुकों को स्वीकृति पत्र दिया। इस पत्र वितरण के साथ ही बीडीओ धीरज कुमार ठाकुर ने कहा कि आगे भी कोई इस लाभ से वंचित न रहे। इसके लिए अर्हताधारी विहित प्रपत्र के साथ आवश्यक कागजात कभी भी प्रखंड कार्यालय में जमा करने को स्वतंत्र हैं।

## हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा के रोषपूर्ण प्रदर्शन में उमड़ी भीड़

# भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है हेमंत सरकार: विभाकर




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में भारतीय जनता पार्टी की हुसैनाबाद इकाई द्वारा शुक्रवार को हेमंत सोरेन सरकार के खिलाफ रोषपूर्ण प्रदर्शन किया गया। हेमंत सरकार की जनविरोधी नीति और पूरे राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण की राजनीति हत्या, बालू पत्थर की लूट की छूट के विरोध में जुलूस निकाला गया। जो शहर के अंबेडकर चौक से शुरू होकर मुख्य बाजार होते हुए हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में पहुंचकर रोषपूर्ण प्रदर्शन व सभा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता ने की। संचालन उर्द्ववार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम प्रभारी विभाकर पांडेय ने कहा कि झारखंड में भय और भ्रष्टाचार का माहौल है ।आये दिन महिलाओं और छात्रा के साथ दुष्कर्म हो रहा है। मौके पर भापजा प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार सिर्फ लूट खसोट में लगी है। इस सरकार में अपराधी बेलगाम हो चुके है। मौके पर किसान मोर्चा के राष्टीय कार्यसमिति सदस्य अशोक कुमार सिंह ने हेमंत सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसान मजदूर, शोषित पीड़ित के साथ जो अन्याय हो रही है । उसे भाजपा के कार्यकर्ता बर्दास्त नहीं करेंगे। मौके पर भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कर्नल संजय सिंह, रामप्रवेश सिंह, कामेश्वर कुशवाहा, प्रेमतोष सिंह, श्रवण अग्रवाल, जिला मंत्री संतोष कुमार सिंह समेत कई वक्ताओं ने हेमंत सरकार की आलोचना की। धन्यवाद ज्ञापन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने की।

# शशिकांत ने पाई सफलता, बने एसडीओ

### सांसद, विधायक व मुखिया सहित कई लोगों ने दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के मुरमा कला गांव निवासी राम प्रयाग राम के पुत्र शशिकांत कुमार ने पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। शशिकांत को झारखंड लोक सेवा आयोग के संयुक्त परीक्षा में 404 वां रैंक प्राप्त हुआ है। उनका जल संसाधन विभाग में एसडीओ (सहायक अभियंता) के पद पर चयन हुआ है। शशिकांत के इस उपलब्धि पर मुरमा गांव सहित पूरे विश्रामपुर प्रखंड में खुशी का माहौल है। शशिकांत कुमार ने अपनी इस कामयाबी का श्रेय अपने पिता और गुरुजनों को दिया। शशिकांत ने बताया कि दसवीं तक की पढ़ाई रांची स्थित रातु के इंटरनेशनल स्कूल से की है। वहीं इंजिनियरिंग की शिक्षा सिंदरी के बीआईटी मेसरा से ग्रहण किया । शशिकांत के पिता राम प्रयाग राम ने कहा कि वह शुरू से ही मेधावी था। सीमित संसाधनों में शशिकांत ने हमेशा बेहतर किया है। इधर शशिकांत कुमार की सफलता पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रमुख रम्भा देवी सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## मुखिया व पंचायत समिति ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण

### शिक्षक सही तरीके से पठन-पाठन कराये : मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमण्डल क्षेत्र के अतिसुदूवर्ती महुडंड पंचायत में पठन पाठन व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को मुखिया मीना देवी,पंचायत समिति सदस्य रमेश पासवान ने न्यू प्राथमिक विद्यालय नासोजमालपुर उच्च विद्यालय महुडंड एवं मध्य विद्यालय लकसेरा में निरीक्षण किया। जिसके दौरान, लकसेरा विद्यालय में 3 शिक्षक की जगह मात्र एक ही शिक्षक उपस्थित थे। इस पर नराजगी जाहिर की और शिक्षकों से कहा कि आप लोग पठन पाठन में कोई लापरवाही नहीं करें । बच्चों को शिक्षा के साथ खिलवाड़ नहीं हो ! क्यों कि इस क्षेत्र में अधिकतर बच्चें बिलकुल गरीब है !आगे उन्होंने अभिवावकों को भी बच्चों को समय पर विद्यालय भेजने और ध्यान देने की अपील की। ताकि बच्चें समय पर शिक्षा ग्रहण कर सकें ! मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शिवशंकर यादव समेत कई लोग उपस्थित थे।

## आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत बेलौदर प्राथमिक विद्यालय परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में 13 से 16 वार्ड तक के लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिये। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने क्रमवार पंजीकरण कराने के बाद लोगों से आवेदन प्राप्त किया। शिविर में बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, सीओ बासुदेव राय ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के संबंधित आवेदन लिए गए हैं। कुछ मामलों का निष्पादन शिविर में तत्काल किया गया। उन्होंने कहा कि अधिकतर आवेदन सर्वजन पेंशन योजना, बाल विकास, सावित्री बाई फुले समृद्धि योजना, शहरी प्रधानमंत्री आवास योजना के आवेदन प्राप्त हुए हैं। केसीसी के लिए भी दर्जनों किसानों ने आवेदन दिया है। इस दौरान गरीब जरूरतमंदो के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में सिटी मैनेजर अजमल हुसैन, सिटीमिशन मैनेजर राकेश सिंह, सीएलटीसी संजय राणा, जिप सदस्य प्रतिनिधि सह समाजसेवी राजेश राम, राजीव रंजन,कमलेश कुमार यादव, कृष्ण कुमार सिंह, अरविंद पासवान, प्रमोद कुमार रवि, संतोष प्रजापति, अखिलेश पासवान, राघव सिंह, ब्रजेश सिंह, गोपाल प्रसाद, छोटू कुमार, रवि कुमार, एनसीपी नेता मो. आबिद, टुडे आलम, आंगनबाड़ी प्रवेशिका सुमित्रा कुमारी, प्रखंड सहायक अलीम अंसारी, सीआई प्रगति प्रकाश, धर्मेंद्र पटेल, सीईओ विचित्रा कुमारी सहित कई विभाग के कर्मी और सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## दलित परिवार की महिलाओं ने डीसी से की मुलाकात

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत वार्ड एक के भलूही गांव की दलित परिवार की महिलाओं ने शुक्रवार को पलामू उपायुक्त से मेदिनीनगर कार्यालय में जाकर मुलाकात की। दलित परिवार के महिलाओं का नेतृत्व युवा समाजसेवी मणि भूषण पांडेय कर रहे थे। महिलाओं ने डीसी को अपना दुखड़ा सुनाते हुए कहा कि हम सब अत्यंत गरीब परिवार से हैं। इसके बावजूद हमलोगों के पास राशन का ग्रीन कार्ड है। महिलाओं ने डीसी से ग्रीन कार्ड को लाल कार्ड में तब्दील कराने की गुहार लगाई। मणिभूषण पांडेय ने कहा कि दलित परिवार की गरीब महिलाओं को लाल कार्ड से वंचित रखा गया है। उपायुक्त ने महिलाओं को आश्वस्त किया है कि इस दिशा में सकारात्मक पहल किया जायेगा। डीसी से मुलाकात करने वाली महिलाओं में बिभु देवी, दुलारी कुंवर, चांदनी कुमारी, इंदु देवी, गुलाबी देवी सहित कई का नाम शामिल है।

## अबुल कलाम आजाद हिन्दू मुस्लिम एकता के बड़े पक्षधर थें : उपाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद उर्दू मिडिल स्कूल में युनाइटेड मिल्ली फोरम एवं आइडियल टीचर्स एसोसिएशन हुसैनाबाद के संयुक्त तत्वावधान में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री, भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद का जन्मदिवस व राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर समारोह आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने किया। जबकि संचालन शिक्षक मो. जुबैर अंसारी ने किया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह मौजूद थे। मौके पर जिला उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद हिन्दू मुस्लिम एकता के बड़े पक्षधर थे। इनका जन्म 11 नवंबर 1888 को मक्का में हुआ था। पुनः 1890 में उनका परिवार कोलकाता में आकर बस गया। उन्होंने देश के बंटवारे का भी पूरजोर विरोध किया था। वे स्वतंत्र भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री बने। पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी ने कहा कि इस महान स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा स्थापित किया जाना चाहिए। नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि मौलाना को भारत रत्न से भी नवाजा गया है। इनके नाम पर भवन का निर्माण कराया जायेगा। नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि देश के प्रथम शिक्षा मंत्री ने देश में आइआइटी, आइ आइएम, यूजीसी, साहित्य अकादमी, ललित कला अकादमी जैसे संस्थानों की स्थापना किया। जिससे हजारों नौजवान शिक्षा ग्रहण कर देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. एजाज आलम ने किया। मौके पर शिक्षक शकील अहमद,इजहार कादरी, अजय भारती, इम्तेयाज आलम, सोनू खां, सिबतैन मिर्जा, अफजाल खां, शाह जफर,आरिफ खां, नजीर अंसारी, शाह आलम, जाकिर अली, अलीमुद्दीन, शाहरुख खान के अलावा काफी संख्या में छात्र छात्राएं और महिलाएं उपस्थित थे।

## भाजपा का हेमंत सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा के द्वारा छत्तरपुर में सरकार के खिलाफ जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया । जिसमें सौ से अधिक भाजपाई शामिल हुए। जन आक्रोश रैली में पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि छतरपुर प्रखंड व अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों ने लूट मचा कर रखा है। यहां के पदाधिकारी खुलेआम घूसखोरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस खेल में राज्य सरकार भी पूरी तरह से लिप्त है । छतरपुर के वृद्धा पेंशन का मामला उठाते हुए उन्होंने कहा कि गरीब असहाय दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं । जबकि छतरपुर के पदाधिकारियों की मिलीभगत से जवान पेंशन का लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी होशियार रहें, इनके मामले जनता के बीच जाएगी और इन पर कार्रवाई होगी । उन्होंने राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि हेमंत सोरेन जल्द ही जेल जाने वाले हैं । क्योंकि उनके साथी संगति भी पहले ही जेल पहुंच चुके हैं। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी रविंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यह रैली राज्य सरकार को चेतावनी है । अभी भी सुधार नहीं किए तो यह रैली जन आंदोलनों में बदल जायेगा । उन्होंने कहा कि राज्य को अब तक का सबसे भ्रष्ट सरकार मिली है। वहीं भाजपा के अरविंद सिंह ने कहा कि छतरपुर में जमीन लूट खरोस के साथ-साथ वृद्धा पेंशन की जांच की बात कही ।भाजपा नेता कामेश्वर पासवान ने कहा कि छतरपुर अंचल कार्यालय में म्यूटेशन से लेकर एनएच बायपास निर्माण में लोगों को बुलाकर कर्मचारी अमीन सीओ पैसे खा रहे हैं । जन आक्रोश रैली में भाजपा नेता रामप्रसाद शर्मा ,जितेंद्र कुमार ,सुदामा चंद्रवंशी, शंभू यादव ,राजेंद्र यादव ,अनिल सिंह, लाल मोहन गुप्ता, नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**प्रभाग - (भूमि संरक्षण) कार्यालय - भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज**

-: आम सूचना :-

**वित्तीय वर्ष 2022-23 में डीपबोरिंग एवं परकोलेशन टैंक के निर्माण के लिए ''जलनिधि'' नामक योजना**

झारखण्ड राज्यनान्तर्गत कृषि को बढ़ावा देने, बहुफसलीय कृषि के विकास, मानसुन पर कृषकों की निर्भरता कम करने हेतु विभिन्न श्रोतों से सिंचाई की समुचित व्यवस्था हेतु डीपबोर/परकोलेशन टैंक के निर्माण हेतु **''जलनिधि''** नामक एक नयी योजना वित्तीय वर्ष 2015-16 से प्रारंभ की गयी है। जिससे कृषि योग्य भूमि को सिंचित और बहुफसलीय कृषि को बढ़ावा दिया जा सके।

(योजना का स्वरूप)

**1. डीप बोरिंग की योजना**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| योजनान्तर्गत 6 इंच Diameter deep boring submersible pump 1.5 Hp आवश्यक Accessories एवं संस्थापन (Installation) के साथ | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 5 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 3.50 लाख | 90 प्रतिशत (3.15 लाख) | 10 प्रतिशत (0.35 लाख) |

**2. परकोलेशन टैंक निर्माण की योजना (Percolation Tank)**

| कार्य योजना | पात्रता | अनुदान की राशि | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अनुमानित योजना लागत प्रति इकाई | अधिकतम अनुदान की राशि | पानी पंचायत अंशदान की राशि |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| Length of Percolation Tank -120ft. width of Percolation Tank -100 ft. Depth of Percolation Tank -12ft. Length of Bound -370ft. Side Slope- 1:1 | योजना लघु एवं सीमांत कृषक समूहों के लिए लागू होगा। विभागीय मार्गदर्शन के आलोक में विधिवत पानी पंचायत का गठन कर इसका कार्यान्वयन कराया जायेगा। समिति के सदस्यों के पास कलस्टर में न्यूनतम 10 एकड़ भूमि होना अनिवार्य होगा। | 4.70 लाख | 90 प्रतिशत (4.23 लाख) | 10 प्रतिशत (0.47 लाख) |

**डीप बोरिंग/परकोलेशन टैंक का आवदेन-पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27-11-2022 है।**

**कृषक/संस्था का चयन**

(i) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/लघु/सीमांत कृषक/महिला कृषकों/इच्छुक कृषक समूहों का चयन प्राथमिकता के आधार पर किया जायेगा।
(ii) जिन कृषक समूहों को पूर्व में डीप वेल बोरिंग, सिंचाई पम्प का लाभ प्राप्त हो चुका है, उनकी पात्रता **"जलनिधि योजना"** के लिए मान्य नहीं होगी।
(iii) योजना के कार्यान्वयन में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी एवं ग्राम सभा द्वारा चयनित योजनाओं तथा माननीय स्थानीय विधायक की अनुशंसा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**आवेदन की प्राप्ति**

(i) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज के लिए निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध सुपात्र कृषकों से विहित प्रपत्र-I में आवेदन प्राप्त किया जाएगा।
(ii) भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज के कार्यालय से निशुल्क आवेदन-पत्र प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) आवेदन-पत्र का प्रारूप विभागीय वेब साईट www.jharkhandsoil.gov.in पर भी उपलब्ध है।
(iv) **आवेदन-पत्र निम्न कागजातों के साथ भूमि संरक्षण कार्यालय, डालटनगंज में जमा लिया जायेगा:-**

1. संबंधित योजना ग्राम-सभा में पारित होनी चाहिए एवं पारित प्रस्ताव की छायाप्रति मुखिया/पंचायत सेवक द्वारा अभिप्रमाणित।
2. पानी-पंचायत गठित कर, रजिस्टर की छायाप्रति एवं क्षेत्रीय कर्मचारी एवं स्थानीय मुखिया की अध्यक्षता में पानी-पंचायत के गठन की फोटोग्राफी।
3. पानी-पंचायत का राष्ट्रीयकृत बैंक में बचत खाता खोलकर कृषक-अंशदान की राशि के साथ बचत खाता की छायाप्रति। (चयनित अध्यक्ष एवं सचिव का संयुक्त खाता)
4. लाभान्वित कृषकों की सूची विहित प्रपत्र में। (मूल प्रति)
5. गाँव के नक्शे पर संबंधित योजना को चिन्हित कर ट्रेंस नक्शा।
6. जमीन का अद्यतन रसीद /अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत भू-धारिता प्रमाण पत्र एवं अध्यक्ष/सचिव का पहचान-पत्र।
7. अंचलाधिकारी के द्वारा निर्गत चेक स्लिप।
8. योजना स्थल के चयन में दोनों - I एवं III को प्राथमिकता प्रदान किया जायेगा।
9. योजना स्थल का पानी पंचायत के सदस्यों के साथ रंगीन फोटोग्राफ।

**उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर संपर्क किया जा सकता है।**

**कार्यालय का पता:-** भूमि संरक्षण पदाधिकारी, डालटनगंज
पलामू समाहरणालय, के ब्लॉक- C द्वितीय तल्ला डालटनगंज दुरभाष संख्या:-06562-230223

PR 282060 (District)22-23*D

भूमि संरक्षण पदाधिकारी,डालटनगंज

## भाजपा ने निकाली जन आक्रोश रैली

**नवीन मेल संवाददाता**

**मनातू ।** भारतीय जनता पार्टी मनातू मंडल के द्वारा बाजार से प्रखंड कार्यालय तक पदयात्रा करते हुए जन आक्रोश रैली निकाला गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन करते हुए मंडल अध्यक्ष सतेंदर यादव ने कहा कि जब से हेमंत सरकार सत्तासीन है तब से अपराधियों का मनोबल इतना बड़ा है कि महिलाओं के खिलाफ हमेशा सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। युवाओं के भविष्य को रौंदा जा रहा है । प्रखंड से लेकर जिले तक के पदाधिकारी भ्रष्टाचार के आकंठ में इतना डूब चुके हैं कि पैसों के बिना कोई काम नहीं हो रहा है । मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उदय शुक्ला ने कहा कि अब समय आ गया है ,ऐसी निकम्मी और महिला विरोधी युवा विरोधी भ्रष्टाचारियों अपराधियों को संरक्षण देने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का। सरकार के साथ जो भी हैं चाहे कांग्रेस के हो राष्ट्रीय जनता दल हो इन लोग के बड़बोलेपन से राज्य में असुरक्षा का माहौल बन गया है । इसे हम सभी कार्यकर्ता बर्दाश्त नहीं करेंगे और उखाड़कर फेंकने का काम करेंगे । पूर्व जिला अध्यक्ष पूर्व प्रत्याशी अमित तिवारी ने कहा कि हम सभी युवा जब तक राज्य में सुरक्षा का माहौल नहीं बनाएंगे। इस सरकार के बेनकाब नहीं करेंगे तब तक सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एकजुट हो जागरूक करने का काम करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा के प्रदेश महामंत्री मंजू लता भाजयुमो आईटी सेल के जिला प्रभारी ओम प्रकाश दुबे सांसद प्रतिनिधि ललित मेहता, बिगु साहू, जिला परिषद सदस्य प्रदीप कुमार चावला,लाला प्रसाद यादव, अरविंद यादव,अमरेश रंजन, गीता देवी ,पूनम देवी ,लक्ष्मण साव,अभिमन्यु तिवारी, अंतु यादव, शौकत खान,जीतेन्द्र तिवारी, सुधीर तिवारी, शत्रुघ्न अग्रवाल, विद्या शर्मा, रमेश कुमार, लाडली हसन, रविंदर यादव, दिलीप कुमार, रविंद्र यादव सहित काफी संख्या में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
**झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग**

40वीं औपबंधिक सूची जिला:-लातेहार

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक :- डायरी संख्या-1371<br>2. आवेदक का नाम :-मुके[illegible]ा प्रसाद<br>3. पिता का नाम :-स्व0 बिगु साव<br>4. ग्राम :-हुण्डरू<br>5. पोस्ट:-डेमू<br>6. प्रखण्ड :-लातेहार<br>7. थाना :-लातेहार<br>8. लिंग :-पुरूश<br>9. पहचान चिह्न:-अंकित नही।<br>10 आयु :-आयु से संबंधित दस्तावेज संलग्न नही। | लातेहार थाना काण्ड सं0 63/95<br>जी0आर0 संख्या-252 /95 | नहीं | कारण :-दिनांक 05.07.1995 को झारखण्ड क्षेत्र स्वशासी परिशद के गठन की मांग को लेकर विधि-व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा-341, 323, 337 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम:-अन्य<br>जेल की अवधि-01 दिन। | कंडिका-2 (viii)(a) |
| 2. | 1. आवेदन क्रमांक :-डायरी संख्या-1374<br>2. आवेदक का नाम :-बसंती मसोमात (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम :-स्व0 चन्दे[illegible]वर सिंह उर्फ चंद्रदेव उराँव (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम :-हुण्डरू<br>5. पोस्ट:-डेमू<br>6. प्रखण्ड :-लातेहार<br>7. थाना :-लातेहार<br>8. लिंग :-महिला<br>9. पहचान चिह्न:-अंकित नही।<br>10 आयु :-58 वर्ष | लातेहार थाना काण्ड सं0 63/95<br>जी0आर0 संख्या-252 /95 | नहीं | कारण :-दिनांक 05.07.1995 को झारखण्ड क्षेत्र स्वशासी परिशद के गठन की मांग को लेकर विधि-व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा-341, 323, 337 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम:-अन्य<br>जेल की अवधि-01 दिन। | कंडिका-2 (viii)(a) (आश्रित पत्नी) |
| 3. | 1. आवेदन क्रमांक :-1242<br>2. आवेदक का नाम :-फुलो देवी (आश्रित पत्नी)<br>3. पति का नाम :-स्व0 महेन्द्र मेहता (मूल आन्दोलनकारी)<br>4. ग्राम :-हुण्डरू<br>5. पोस्ट:-डेमू<br>6. प्रखण्ड :-लातेहार<br>7. थाना :-लातेहार<br>8. लिंग :-महिला<br>9. पहचान चिह्न:-गला में दाग।<br>10. आयु :-63 वर्ष | लातेहार थाना काण्ड सं0 63/95<br>जी0आर0 संख्या-252 /95 | नहीं | कारण :-दिनांक 05.07.1995 को झारखण्ड क्षेत्र स्वशासी परिशद के गठन की मांग को लेकर विधि-व्यवस्था भंग करने का आरोप।<br>धारा-341, 323, 337 भा0द0वि0<br>पार्टी का नाम:-अन्य | कंडिका-2(ix) (आश्रित पत्नी) |

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र ब0 तामांग)उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

नोट :- 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का भापथ पत्र अव[illegible]य रूप से उपलब्ध करावें।

(नरसिंह मुर्मू) सदस्य (भुवनेश्वर महतो) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR281980 (Home)22-23*D

### महूलिया में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**पाटन।** झारखंड सरकार के महत्वकांक्षी योजना के तहत पाटन के सुदूरवर्ती क्षेत्र महूलिया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लोगो का काफी रूझान देखने को मिला। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ किया गया। शिविर में डीएमओ आनंद कुमार प्रमुख शोभा देवी, बीडीओ मनोज कुमार,सीओ लाल बाबू,मुखिया अनुराधा देवी,उप प्रमुख अमरेश कुमार व पूर्वी जिला परिषद सदस्य रीता देवी उपस्थित रही । बीडीओ मनोज कुमार ने बताया कि शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्ध योजना,पेंशन योजना,आवास योजना व अन्य योजनाओ के स्टॉल पर काफी भीड़ रही।

## न्यूज गैलरी

### मजदूर किसान कॉलेज में छात्र युवा संघर्ष समिति ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** पांकी मजदूर किसान महाविद्यालय में आम आदमी पार्टी की छात्र विंग सीवाईएसएस ने बैठक की। जिसके मुख्य अतिथि आप के नेता कौशल किशोर बच्चन उपस्थित हुए । कार्यक्रम की संचालन कर रहे सनी कुमार ने छात्रों को छात्र युवा संघर्ष समिति के बारे में बतया। उपस्थित छात्रों ने कॉलेज की विभिन्न समस्याओं से आप नेता कौशल किशोर बच्चन को अवगत कराया। छात्रों ने बताया कि नियमित क्लास नहीं होना, सेशन में देरी होना ,कॉमन रूम की व्यवस्था नहीं होना,प्लेग्राउंड सही नहीं,कंप्यूटर लैब एवं कैंपस सेलेक्शन की व्यस्था कराना नियमित छात्रवृत्ति नहीं मिलना आदि समस्याओं के बारे में जानकारी दी। मौके पर उपस्थित आप नेता कौशल किशोर बच्चन ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि सीवाईएसएस के बैनर तले छात्रों के हित के लिए लड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि छात्र देश के भविष्य होते हैं और आज उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। व्यवस्था नाम पर सिर्फ फीस पूरा वसूला जा रहा है । हमें छात्रों के हित के लिए जो भी संघर्ष करना पड़ेगा हम करने को तैयार हैं। मौके पर अक्षय कुमार लोटन, सनी चंद्रवंशी, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, आकाश कुमार, कौशल कुमार, विकास यादव, अंकित गुप्ता, सुमित कुमार, विजय शंकर सिंह, राजा कुमार, चिराग कुमार, मयंक जायसवाल, विकेश कुमार, अभिषेक कुमार, मोहम्मद रजा, प्रमोद कुमार सिंह, विशाल पाठक, आशीष पन्नी, अभिषेक ठाकुर ,अनुज कुमार ,रिजु वर्मा, एहसान अली, तौसीफ रजा, नितेश कुमार ,अमित कुमार ,अरविंद कुमार आदि मौजूद थे।

### सिंगरा विभूतियों की धरती है :मनोज

**मेदिनीनगर।** नगर निकाय चुनाव में मेयर के भावी प्रत्याशी मनोज सिंह ने कहा कि सिंगरा विभूतियों की धरती है। जिन्होनें देश और समाज की बेहतरी के लिये अपनी जान तक की बाजी लगा दी है। ऐसे इलाके के विकास पर विशेष ध्यान दिये जाने की जगह इसे उपेक्षित छोड़ दिया गया है। श्री सिंह घर घर यात्रा के तहत गुरुवार को अमर शहीद अनुराग शुक्ला के स्मारक पर माल्यार्पण के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अनुराग शुक्ला की शहादत से न सिर्फ सिंगरा बल्कि पूरे पलामू के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इसलिए इस इलाके के उस रूप में विकसित किया जाना चाहिए कि इस इलाके को लोग देखने आये,ताकि अनुराग शुक्ला की वीरता की ख्याति दूर दूर तक फैले, पर आज की स्थिति यह है कि नगर निगम में शामिल होने के बाद सिंगरा के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं । यह निगम की नाकामी है। उन्होंने सिंगरा वासियों को आश्वस्त किया की जनता का आशीर्वाद मिला तो सबसे पहले चुनाव जीतने के बाद खेतिहर जमीन को टैक्स मुक्त करेगें । अभियान के दौरान सिंगरा वासियों ने जो स्नेह और सम्मान दिया यही स्नेह और सम्मान उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। जनता के प्यार और विश्वास की रक्षा कर निगम मे विकास का इतिहास रचेगें। इसी संकल्प को लेकर वह चुनावी मैदान में उतरे है। श्री सिंह ने सिंगरा के बजराहा, पूणार्डीह, आदि मुहल्ला का दौरा कर सभी मुहल्लेवासियों से संवाद किया और मुहल्लेवासियों की समस्या से अवगत हुए। इस दौरान संतोष शुक्ला मंगल नाथ शुक्ला विनोद ठाकुर रेणु देवी,विजय शुक्ला आनंद शुक्ला देवांग शुक्ला, आशीष शुक्ला, लव शुक्ला, चंदू शुक्ला,साकेत शुक्ला, फोटू दूबे, शिशू दूबे, अखिलेश कुमार, नामधारी कुमार, जितेंद्र कुमार, अमरावती देवी, व अखिलेश राम शामिल थे।

### राष्ट्रवादी प्रणेता थे अबुल कलाम आजाद : श्याम नारायण

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षा विभाग चैनपुर इकाई के तत्वाधान में शुक्रवार को मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैनपुर इकाई के अध्यक्ष रामरेश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैंन एवं पूर्व प्रदेश सचिव श्याम नारायण सिंह ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को एक सच्चा देशभक्त और महान राष्ट्रवादी नेता बताया। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद जहां एक तरफ स्वाधीनता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाई । वहीं दूसरी तरफ भारत के शिक्षा मंत्री के रूप में ऐसे कई कार्य किए जो अविस्मरणीय है। अबुल कलाम हिंदू-मुस्लिम एकता के कारणों के साथ- साथ धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद का समर्थन करते थे। ग्यारह वर्षों तक राष्ट्र की शिक्षा नीति का मार्गदर्शन किया। मौलाना आजाद को ही भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आई.आई.टी.) और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना का श्रेय है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य केडी सिंह ने कहा कि मौलाना आजाद की स्वतंत्रता संग्राम में निभाई गई भूमिका सदैव याद रखा जायेगा। कार्यक्रम में रामाशीष पांडे, रविंद्र चौबे, गणेश रवि, सुधीर कुमार सिंह, नंदकिशोर मिश्रा, कुलदीप सिंह, कंचन शुक्ला, अर्जुन राम, समसुद्दीन अंसारी,घुरा तिवारी, गोपाल सिंह आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

### चयनित कराटेकार राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में लेंगे भाग

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के 20 चयनित कराटेकार 13 नवंबर को कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। यह कराटे चैंपियनशिप स्पोट्र्स कराटे एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में स्पोट्र्स क्लब कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप के विजेता कराटेकारों को कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। यह जानकारी मुख्य कराटे प्रशिक्षक सिहान संतोष कुमार ने दी। चयनित कराटेकारों में संत मरियम विद्यालय के ओम प्रकाश,अंशु कश्यप ,अभिषेक कुमार सिंह ,अंश कुमार ,शिवदयाल, आदित्य उरांव, उजाला कुमारी ,सेजल कुमारी, वर्षा कुमारी ,सोनम कुमारी ,सृष्टि कुमारी एवं पलामू मिक्स मार्शल आर्ट टाईर्गस एकेडमी के उज्जवल पासवान, रवि नयन, रौनक कुमार ,आकांक्षा कुमारी । वही कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय ,बिश्रामपुर के संध्या कुमारी। पांडू कस्तूरबा के चांदनी कुमारी, मुस्कान कुमारी ,सोनम कुमारी ,खुशबू कुमारी के नाम शामिल है। यह कराटे टीम 12 नवंबर को शक्तिपुंज एक्सप्रेस से कोलकाता के लिए रवाना होगी! जबकि लड़के ग्रुप के टीम मैनेजर सेन्साई सिकंदर प्रजापति एंव लड़की ग्रुप के टीम मैनेजर सेमपाई चांदनी कुमारी को नियुक्त किया गया है। इंटरनेशनल टाईर्गस फुल कांटेक्ट कराटे फेडरेशन के चेयरमैन एवं झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कहा कि पलामू जिले में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है । हमें ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा काम करने की जरूरत है। खासकर कोलकाता चैंपियनशिप में भाग लेने वाले कराटेकारों से मैं यह कहना चाहता हूं की आप आत्मरक्षा कला का अच्छी तरह से प्रदर्शन कर कराटे वर्ल्ड कप चैंपियनशिप में चयनित होकर पलामू लौटे! जो कराटेकार चयनित नहीं होते हैं उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं हैं! वे अपनी कमी को दूर कर आगे की तैयारी के लिए पुरी शक्ति के साथ लग जाये! सफलता उन्हें जरूर मिलेगी।

# पलामू झामुमो ने 1932 का खतियान व ओबीसी आरक्षण पारित होने पर खुशियां मनाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** विधानसभा में 1932 का खतियान आधारित स्थानीयता तथा एसटी-28%, पिछड़ा-27% और एससी-12% आरक्षण विधेयक शुक्रवार को विधानसभा के विशेष सत्र से पारित होने की खुशी में झामुमो पलामू के सभी नेता कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में छहमुहान पर सभा कर लोगों के साथ खुशीयों को बांटा। इस सभा का सफल मंच संचालन झामुमो नेता सन्नी शुक्ला ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज ये झारखंड के लिए ऐतिहासिक पल है। मुख्यमंत्री ने साबित किया की जो वो कहते हैं करते हैं, 1932 आधारित खतियान लागू होने से पूरे झारखंड में हर्ष की लहर है। गरीब के बच्चों का हक अब कोई बाहरी नहीं छीन सकता है। सचिव सन्नू सिद्धिकी ने अपने संबोधन में कहा कि आज झारखंड के लिए गौरवशाली पल है। उनके मास्टर स्ट्रोक ने विपक्षियों को मुद्दाविहीन कर दिया है। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा रूपी शनि ग्रह झारखंड राज्य पर पड़ा हुआ था। जब से झारखंड बना भाजपाइयों की सरकार डेढ़ दशक रही, लेकिन इन्होंने स्थानीय नीति तक नहीं बनाया। पार्टी के उपाध्यक्ष बालकिशून उरांव ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। जिसके लिए एक लंबी लड़ाई आदिवासियों और मूलनिवासियों ने लड़ा है, वो आज जा कर मिला। इस सभा को संबोधित करने वालों में पार्टी के नेता पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य देवेंद्र तिवारी, मुन्ना सिन्हा, उपाध्यक्ष राकेश सिन्हा, कमाल खान, कोषाध्यक्ष रमेश सिन्हा, झामुमो नेता सन्नी शुक्ला, अविनाश देव, संगठन सचिव अनुराग सिंह, कलाम नेता, कमरुद्दीन अंसारी, महीना नेत्री सुशीला मिश्रा, राजिया नियाजी, संजय चंद्रवंशी, परवेज अख्तर, अमन कुमार, देवानंद भरद्वाज, रंजन कुमार, संजय तिवारी, मनुवर जमा सहिछ झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नगर विकास विभाग के लेखा पदाधिकारी का रिजल्ट जारी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड लोक सेवा आयोग ने गुरुवार के देर रात नगर विकास विभाग में लेखा पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए आयोजित परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इसमें अनुसूचित जन की अभ्यर्थी रोशनी टोप्पो सर्वाधिक अंक लाकर टॉपर बनी। वहीं दूसरे स्थान पर महिला अभ्यर्थी शालिनी रही।आयोग द्वारा जारी परिणाम में निर्धारित पदों पर कुल 16 अभ्यर्थी सफल घोषित किए हैं। जिनकी नियुक्ति नगर विकास विभाग में होगी। गौरतलब है कि इन पदों पर नियुक्ति के लिए गुरुवार को ही साक्षात्कार आयोजित किया गया था। साक्षात्कार के बाद आयोग ने देर रात परिणाम जारी कर दिया है। लिखित परीक्षा में सफल 43 अभ्यर्थियों को इंटरव्यू में बुलाया गया था। यह नियुक्ति परीक्षा पूरे होने में 3 वर्ष लग गया। आयोग ने कुल 16 पदों के लिए अक्टूबर 2019 में ही आवेदन आमंत्रित किए थे। जारी किए गए रिजल्ट में सामान्य कोटि के सात अभ्यर्थियों ने जबकी एससी- 02 एसटी - 04 बीसी-वन - 01बीसी-टू - 01 ईडब्ल्यूएस -01 अभ्यर्थियों ने सफलता पाई है।

## हार्ट अटैक से शाहपुर निवासी सतीश की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के सदिक चौक स्थित जिम में जिम करने के दौरान शाहपुर के एक युवक सतीश कुमार उम्र 22 वर्ष की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार जिम में जिम करने वाले अन्य युवको ने बताया कि सतीश जिम करके कुर्सी पर बैठा हुआ था। तभी अचानक उसके मुंह से फेन आने लगा और वह बेहोश हो गया। उसके बाद जिम के युवकों द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता पुलिस विभाग में कार्यरत हैं। घर में सिर्फ मां थी, बेहोश होने की सूचना मिलने पर मां अपने बेटे को लेकर सदर अस्पताल पहुंची थी। ऐसा ही एक घटना कुछ माह पहले भी हुआ था । जिम करने के दौरान सेंट्रल जेल मेदिनीनगर का एक कंप्यूटर ऑपरेटर को भी हार्ट अटैक आया था । जिसमें उसकी मौत हो गई थी। चिकित्सकों का कहना है कि जिम करने वाले युवक अपना शरीर मेंटेनेंस करने के चक्कर में जिम करने के साथ ही अन्य दवा का प्रयोग करते हैं जो दवा उनके लिए हानिकारक होता है। चिकित्सकों ने जिम करने वाले सभी युवकों से आग्रह किया है कि जिम करने के पश्चात किसी भी तरह की साइड इफेक्ट दवा का प्रयोग ना करें। पौष्टिक आहार खाएं और अपने शरीर को स्वस्थ बनाएं।

## फाइलेरिया रोकथाम के लिए जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयूलू दोड्डे की अध्यक्षता में आईडीए-एमडीए कार्यक्रम को लेकर शुक्रवार को जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। जिसमें सभी संबंधित विभागों के जिला अधिकारी, अनुमंडलीय अस्पतालों के उपाधीक्षक तथा सभी समुदायिक चिकित्सा केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डीएमडी, डीएम्पी, अर्बन, डीपीएम, बीटीएम ,बीडीसी, एमटीएस, एमआई, एफएलए, सीएआरई, डीपीओ, डीपीसी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त के द्वारा अन्य सभी विभागों को निर्देश दिया गया कि अपने स्तर से इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार सुनिशचित करें। साथ ही साथ सभी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कार्यक्रम की तैयारी समय पर कर लें एवं अन्य विभागों से समन्वय बनाते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड समन्वयक समिति की बैठक एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त द्वारा आईडीए एमडीए कार्यक्रम हेतु स्लोगन का बिमोचन किया गया एवं सभी को संकल्प कराया गया कि वे अपनी जिम्मेवारी आईडीए एमडीए प्रोग्राम में निभायेंगे एवं जिला को फलेरिया भुक्त बनाऐंगे। बैठक में मुख्य रूप से जिला मलेशिया पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मनातू प्रखंड को छोड़कर सभी प्रखंडों में यह आईडीए एमडीए प्रोग्राम 01 दिसंबर से 15 दिसंबर तक चलाया जायेगा। इसके तहत 1614 गांव के 1690761 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य है। इस कार्यक्रम में 2 साल से नीचे, अति गंभीर रूप से बीमार एवं गर्भवती माताओं को दवा नहीं खिलाना है। केयर इंडिया के डीपीओ भीबीडीसी के पीसीआई के तरफ से अभी तक कि तैयारियों के बारे में बताया गया। अनुप तिवारी के द्वारा जिले में चलाये जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम के दौरान छूटी हुई आबादी को आठवें एवं पंद्रहवें दिन कभर किया जायेगा।

## जिला स्कूल के प्रभारी प्राचार्य के साथ दुर्व्यवहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय जिला स्कूल में गुरुवार को अजीब घटना घटित हो गई। स्कूल के प्रभारी प्राचार्य करुणा शंकर तिवारी के साथ स्कूल में ही कुछ महिलाओं के द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। प्रभारी प्राचार्य के रवैया से विद्यार्थी और अभिभावक नाराज दिखे। इस विषय मे स्कूल के विद्यार्थियों ने बताया जिन छात्रों का एडमिशन प्रिंसिपल सर ने अधिक पैसे लेकर किया था। उनसे रजिस्ट्रेशन के समय यूनिफॉर्म कंपलसरी नहीं किया गया और जिन्होंने नॉर्मल एडमिशन लिया और जिन्होंने अधिक पैसे नहीं दिए उनसे रजिस्ट्रेशन के समय यूनिफार्म में आने के लिए कहा जा रहा है । छात्रों ने बताया भी की यूनिफार्म सिलने के लिए दिया गया है। कुछ समय लगेगा परंतु प्राचार्य नहीं माने। जिससे छात्र और उनके साथ आये अभिभावक के साथ तू तू मैं मैं हुआ और अभद्र व्यवहार भी किया गया। अभी स्कूल में इंटर के विद्यार्थियों का रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है। जिसका अंतिम तिथि 30 नवंबर है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व भी जिला स्कूल के प्रभारी प्राचार्य और अनुसेवक के बीच हाथापाई हुई थी। जिसके बाद अनुसेवक को हटाया भी गया है। आये दिन जिला स्कूल के प्राचार्य के कारनामे की खबरे आ ही जाती है। विद्यार्थियों के अभिभावक भी प्राचार्य को लेकर नाराज दिखे उनका कहना था कि प्राचार्य को ऐसी हरकत नही करना चाहिए था। विद्यार्थियों को आखिर परेशान करने से क्या फायदा है। विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी परेशानी होती है।

**क्या कहना है प्रभारी प्राचार्य का :** प्रभारी प्राचार्य करुणा तिवारी का कहना है कि सरकार के द्वारा विद्यार्थियों को पोशाक के लिए राशि आवंटित किया है। जिस बाबत उन्होंने नोटिस जारी कर सभी विद्यार्थियों को पंजीयन के समय ड्रेस कोड में आने को कहा है। किसी विद्यार्थियों के साथ भेदभाव नही किया है। उनपर लग रहे आरोप बेबुनियाद है।

## मुखिया शमीना ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नरसिंहपुर पथरा के मुखिया मीना देवी ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बुनियादी विद्यालय नरसिंहपुर पथरा प्रखंड चैनपुर पलामू का चाहरदीवारी करने तथा शिक्षक पदस्थापित या प्रतिनियोजित करने, पंचायत के खराब एवं बंद पड़े जलमीनार तथा चापाकल में फूटा पाइप को बदलकर नया पाइप के साथ मरम्मत कराने का आग्रह किया है। मुखिया मीना देवी ने कहा कि नरसिंहपुर पथरा पंचायत में शिक्षा, चिकित्सा एवं पेयजल की ज्वलंत समस्या है। बुनियादी विद्यालय नरसिंहपुर पथरा में एक भी सरकारी शिक्षक नहीं है। 5 वर्षों से एक पारा शिक्षक के भरोसे किसी तरह विद्यालय संचालित हो रहा है, जबकि स्वीकृत पद-11 है। नामांकित बच्चों की संख्या लगभग 260 है। विद्यालय में विद्यालय सुरक्षित नहीं है। चाहरदीवारी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। पंचायत में पेयजल की गंभीर समस्या है।

## कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का 60 सदस्यीय दल अंतरराज्यीय वार्षिक शैक्षणिक भ्रमण के लिए शुक्रवार को रवाना हो गया। विद्यालय के निदेशक सियाचरण सिंह एवं प्राचार्य नंदकिशोर भारती ने शैक्षणिक भ्रमण के लिए दो स्कूली बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर विद्यालय के निदेशक श्री सिंह ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के ज्ञानार्जन के लिए आवश्यक है। बच्चें जो अध्ययन करते हैं ,उसके विषय में भौतिक रूप से देखकर और अधिक ज्ञान अर्जित करते हैं। मौके पर प्राचार्य एनके. भारती ने कहा कि छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए विद्यार्थी जीवन में शैक्षणिक भ्रमण आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधन विद्यार्थियों के ऑल राउंड पर्सनालिटी डेवलपमेंट के लिए सभी तरह के गतिविधियां करा रही है। उन्होंने कहा कि लगभग एक सप्ताह चलने वाला यह शैक्षणिक भ्रमण स्कूल के विद्यार्थियों का साठ सदस्यीय दल झारखंड और उड़ीसा के कई ऐतिहासिक दार्शनिक स्थलों का भ्रमण करेगी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को भ्रमण के दौरान प्राप्त जानकारियों के आधार पर प्रोजेक्ट वर्क दिया गया है। शैक्षणिक भ्रमण का नेतृत्व सब्या सिंह कर रही है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक पूनम तिवारी,ि प्रया रंजनी, निभा, स्नेह सुरभि, वेद प्रकाश दुबे, स्वर्णा तिवारी, सुनीता पांडेय, तान्या, रविरंजन, विरेंदर, कुंदन दुबे, विनाय उरांव, राकेश, रौशन, किसन, सचिदानंद, अमन, मान्वी, सनाया, अनुशका, बिट्टू, जैकेस,आदित्य, अभिनव सहित कई लोग उपस्थित है।

## भाजपा संयुक्त मंडलों ने किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** हेमंत सोरेन सरकार की नीतियों के विरोध में भाजपा नगर मंडल मेदिनीनगर ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर एवं पोलपोल मंडल की ओर से शुक्रवार को सदर प्रखंड कार्यालय मेदिनीनगर का घेराव कर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा नेताओं ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की नीतियों की जम कर आलोचना करते हुए हल्ला बोला। कार्यक्रम में पहुंचे पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने राज्य सरकार पर आदिवासी, किसान, युवा व महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि हेमंत सोरेन सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। सरकार के पास उपलब्धि बताने के लिए कुछ भी नहीं है। हेमंत सोरेन सरकार ने विकास के मामले में राज्य को पीछे ले जाने का कार्य किया है। अब राज्य सरकार आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के नाम पर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रही है। उपमहापौर ने हेमंत सोरेन की सरकार को हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाया। जनता से किये वायदों को पूरा करने में राज्य सरकार विफल रही है। वहीं पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। कहीं बालू, तो कहीं जमीन की लूट हो रही है। आपराधिक घटनाओं का ग्राफ बढ़ा है। पिछले 34 माह के कार्यकाल में ट्रांसफर-पोस्टिंग एक उद्योग का रूप ले लिया है। प्रखंड से लेकर सचिवालय स्तर तक के कार्यालयों में भ्रष्टाचार देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी ,महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष रूपा सिंह, जिला महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जीतू गुप्ता ,जिला सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा छोटू ,ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुनील पांडे, पोल पोल मंडल अध्यक्ष जवाहर चंद्रवंशी ,स्वेतांग गर्ग विपुल गुप्ता ,आशीष भारद्वाज ,राजकुमार बर्मन, सुशील सिंह, अन्नपूर्णा तिवारी ,रूबी सिंह ,शुभक तिवारी, दीपक सिंह ,गुड्डू बर्मन ,मनीष भिवानिया, विकास सिंह, एवं काफी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शराब की अवैध कारोबार को रोकें : आयुक्त

### सेल्समैन का समय से मानदेय भुगतान की हो पहल

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी ने शुक्रवार को मद्य निषेध विभाग के कार्यों एवं राजस्व संग्रहण की समीक्षा की। आयुक्त कार्यालय में आयोजित बैठक में आयुक्त राजस्व संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके लिए उन्होंने पलामू प्रमंडल के जिलों में सक्रियता से छापेमारी कर शराब की अवैध कारोबार को रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ओवर प्राइस की समस्या, मिलावट व रिपैकेजिंग की शिकायतें मिलती है। सख्ती से छापेमारी अभियान चलाकर इन समस्याओं को दूर कराना सुनिश्चित करें, ताकि सरकार के राजस्व संग्रहण में तेजी आ सके। आयुक्त ने कहा कि दुकानों में जरूरत के हिसाब से आपूर्ति सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। साथ ही ट्रैक एंड ट्रैस की व्यवस्था दुरुस्त कराने की पहल करने की बातें कही। उन्होंने कहा कि स्कैन करने की व्यवस्था दुरुस्त होने से राजस्व संग्रहण में तेजी आयेगी। उत्पाद विभाग में पदाधिकारियों की कमी को दूर करने एवं उत्पाद दारोगा को प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने तक सब इंस्पेक्टर को प्रतिनियुक्ति करने को लेकर विभाग को अवगत कराने का निर्देश दिया। साथ ही आयुक्त ने उत्पाद अधिकारियों को दुकानों में आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं नियमावली का पालन कराने का निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त जटा शंकर चौधरी के अलावा पलामू उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, गढ़वा के उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार एवं लातेहार के उत्पाद अधीक्षक प्रदीप कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

## छापामारी के दौरान भारी मात्रा में नकली शराब बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा के निर्देशानुसार पलामू जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में छापामारी अभियान के दौरान पलामू जिले के नावाखास गांव में गुरुवार की देर रात नावाखास निवासी सुनील प्रसाद के घर से भारी मात्रा में नकली विदेशी शराब और विदेशी शराब के कई ब्रांड के रैपर बरामद किया गया है। इस संबंध में उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा ने बताया कि उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि नावाखास गांव निवासी सुनील प्रसाद के द्वारा कई महीनों से अवैध नकली विदेशी शराब की खुलेआम खरीद बिक्री की जा रही है। जानकारी मिलने पर उत्पाद विभाग की टीम गांव पहुंचकर सुनील प्रसाद के घर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध शराब को जब्त किया है।

## न्यूज गैलरी

### ग्रीन कार्ड धारियों ने डीलर पर लगाया दो माह का राशन नही देने का आरोप

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के चौरिया गांव के आधा दर्जन ग्रीन कार्डधारी लाभूक डीलर मुन्नी देवी पर दो माह का पर्ची निकालने के बाद भी राशन नही देने का आरोप लगाया है। ग्रीन कार्डधारी देवंती देवी, गुड़िया देवी, लक्ष्मीनिया देवी, सुनीता देवी, महेंद्र चौधरी, जय कुमार चौधरी, पवन चौधरी, मिथलेश राम, वार्ड सदस्य शारदा देवी आदि ने बताया हमलोग सभी ग्रीन कार्डधारी लाभुक है। हम लोगों को डीलर मुन्नी देवी सितंबर तथा अक्टूबर माह का पर्ची निकाल ली। जब हमलोग राशन मांग उक्त डीलर के घर गए तो डीलर ने बताया अभी तुमलोगो का राशन नहीं आया है आयेगा तो देंगे। जब हमलोगो को डीलर मुन्नी देवी राशन नही दी तो हमलोग निराश होकर पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी के घर राशन दिलाने की मांग करने आए है। पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने दूरभाष पर प्रखंड पदाधिकारी गणेश महतो को जानकारी दिया। साथ ही आवश्यक करवाई करने की मांग किया। साथ ही बताया पर्ची निकालने के बावजूद राशन को नहीं देना गलत है। ऐसे डीलर पर निश्चित रूप से करवाई होना चाहिए।

इस संबंध मे डीलर मुन्नी देवी ने बताया लाभूकों का आरोप गलत है। उनके मर्जी से पर्ची निकाला गया है। शिकायत कताओं में सिर्फ दो लोग ही हमारे यहां से अनाज का उठाव करते हैं। बाकी अन्य डीलर के लाभूक हैं।

### झामुमो नेताओं ने 1932 का खतियान आधारित स्थानीयता नीति और आरक्षण विधेयक पारित होने पर खुशी जाहिर की



**श्री बंशीधर नगर।** विधान सभा मे 1932 का खतियान आधारित स्थानीयता नीति और आरक्षण विधेयक पारित होने पर झामुमो ने खुशी जाहिर की है। बस स्टैंड के समीप एनएच-75 पर झामुमो के बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने जमा होकर अतिशबाजी किया। इस दौरान पार्टी के झंडे लेकर कार्यकताओं ने हेमंत सरकार के समर्थन में जमकर नारेबाजी भी किया। इस दौरान पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि 1932 का खतियान आधारित स्थानियता नीति विधानसभा में पारित करवाकर प्रदेश की जनता को हेमंत सोरेन सरकार ने जश्न मनाने का मौका दिया है। झारखंड के वीर शहीदों और आंदोलनकारियों का आज सपना साकार हुआ है। वही उन्होंने कहा एसटी को 28 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत और एससी को 12 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक भी ऐतिहासिक है। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष अमर राम, अमरनाथ पांडेय,कामता प्रसाद जिला परिषद सदस्य बाला रानी, झामुमो नेत्री किरण देवी, नेहा कुमारी, जितेंद्र कुमार, बुलबुल चौबे, मुन्ना खान सहित कई लोग मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों को उमड़ी भीड़




**मंझिआंव/गढ़वा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 12 ग्राम खजूरी में चौथे व अंतिम चरण में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत कार्यालय पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कार्यपालक पदाधिकारी सुश्री निकिता बाला ने सभी विभागों से संबंधित कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दी। एवं सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत दर्जनों किशोरियों को प्रमाण पत्र सौंपा। सभी विभागों से संबंधित नगर पंचायत कार्यालय एवम प्रखंड कार्यालय के कर्मी नंबर वाइज सभी विभागों से संबंधित स्टॉल लगाकर बैठे हुए थे। जिसमें सभी विभागों से संबंधित नगर पंचायत वासियों ने कार्यक्रम में फरियाद लेकर पहुंचे, कार्यक्रम में पहुंचे लाभार्थियों ने लिखित आवेदन एवं फार्म के जरिए योजना से लाभान्वित हेतु अपना अपना कागजात जमा कराया। सभी विभाग के स्टॉल पर बैठे कर्मियों ने लाभार्थी से आवेदन एवं फार्म प्राप्त करने उपरांत लाभार्थियों को रिसीविंग प्राप्त कराया। कार्यक्रम में स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, अनूप तिवारी, नजीर अमित कुमार पाठक, वीरेंद्र कुमार, विकास कुमार सिंह आदि कई नगर पंचायत एवं प्रखंड कर्मी अपने अपने विभागों से संबंधित स्टॉल पर उपस्थित थे। महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में संजय कमलापुरी झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष डॉक्टर एसएन त्रिपाठी एवं कई क्षेत्रीय नेता सहित 200 से 300 लाभार्थियों को हुजूम देखने को मिला।

### झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपाईयों ने किया आक्रोश प्रदर्शन

**भवनाथपुर।** झारखंड भाजपा के अवाहन पर राज्यव्यापी कार्यक्रम श्हेमंत हटाओं,झारखंड बचाओं के तहत शुक्रवार को भवनाथपुर भाजपा मंडल इकाई के तत्वावधान में झारखंड सरकार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय में सैकड़ो भाजपाइयों एवं समर्थकों के द्वारा रोषपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव उर्फ जयप्रकाश यादव के द्वारा एवं संचालन मनोज पहाड़िया ने किया। भाजपा कार्यकताओं ने कपूर्री चौक स्थित कपूर्री ठाकुर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए हजारों कार्यकर्ता रोड मार्च करते हुए निकले इस दौरान नारेबाजी करते प्रखंड मुख्यालय भवनाथपुर पहुँचे और वहाँ कार्यक्रम को सभा के रूप में तब्दील किया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय ने कहा कि वर्तमान की हेमंत सरकार के द्वारा अपने इस कार्यकाल में भवनाथपुर विधानसभा में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। साथ ही पूरे राज्य में व्याप्त भय,भ्रस्टाचार,तुष्टिकरण की राजनीति,हत्या,अनाचार,बालू पत्थर की लूट और झूठ का बोलबाला है। मौके पर उमेन्द्र यादव, नईम खलीफा, मथुरा पासवान, प्रदीप चौबे, ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल कुमार चौबे, विनय चौबे,संजय कुमार यादव,मनोज सिंह, संगीता गुप्ता, भानु गुप्ता, दयानंद सोनी ने भी सभा को संबोधित किया।

---

### विस में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति पारित होने पर निकला जुलूस

# झारखंडियों का सपना हुआ साकार : झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में शुक्रवार को ओबीसी के लिए 27% आरक्षण, स्थानीय के लिए 1932 का खतियान आदि पारित होने पर पूरे राज्य सहित गढ़वा में भी उल्लास का माहौल है। सरकार के इस फैसले की खुशी में झामुमो एवं मूल वासियों ने खूब जश्न मनाया। विधानसभा से पारित होते ही गढ़वा जिला झामुमो के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में रैली निकाली गई। झामुमो कार्यकताओं ने जमकर आतिशबाजी की। खूब अबीर, गुलाल उड़ाए एवं मिठाइयां बांटी। टाउन हॉल के मैदान से रंका मोड़ तक जुलूस निकाली गई। रंका मोड़ पर ही लगे बड़े टीवी में विधानसभा की कार्रवाई भी कार्यकर्ता देख रहे थे।

मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे,




महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अंजली गुप्ता आदि नेताओं ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि झारखण्ड के लिए आज का दिन ऐतिहासिक और बेहद खुशी का दिन है। झारखण्ड के आदिवासी, मूलवासी, दलित और पिछड़े वर्ग तथा इस राज्य के मूलनिवासियों की वर्षों पुरानी सपना को हेमन्त सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार ने साकार कर दिया है। हेमन्त सरकार ने सही मायने में आज झारखंडी जनभावना के अनुरूप तमाम झारखंडियों को झारखंडी पहचान दिया है। इसके साथ ही राज्य के आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण के जरिए उनका जायज हक प्रदान किया है। झारखण्ड वासियों के लिए यह आपार हर्ष का विषय है कि झारखंड स्थानीयता विधेयक और आरक्षण (संशोधन) विधेयक झारखण्ड विधानसभा से पारित हो गया है। झारखंड के इतिहास में यह पल स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज हो गया है। हेमन्त सरकार ने यह साबित कर दिया है कि सही मायने में यह सरकार झारखंडियों की सरकार है। आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़े और वर्षों से शोषित, पीड़ित जनता की सरकार है।

#### विपक्षी दलों को पूरी तरह से मुद्दाविहीन कर दिया

वक्ताओं ने कहा कि हेमन्त सरकार के ऐतिहासिक फैसलों और जनकल्याणकारी कार्यों ने भाजपा, आजसू समेत तमाम विपक्षी दलों को पूरी तरह से मुद्दाविहीन कर दिया है। जिसके हताशा में बौखला कर भाजपा और केन्द्र सरकार देश की संवैधानिक संस्थाओं, केन्द्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर हेमंत सरकार को अस्थिर करने का प्रयास कर रही है। जो कभी सफल होने वाला नहीं है । झारखंड की जनता सब देख और समझ रही है। 2024 में राज्य की जनता भाजपा, आजसू समेत तमाम सामन्तवादी ताकतों को इसका करारा जवाब देगी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, चंदन पासवान, संजय चौधरी, अनिता दत्त, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, फुजैल अहमद, अरविंद यादव, आशीष गुप्ता, श्रवण कमलापुरी, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# सर्वेश्वरी समूह की ओर से सगमा में लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पीड़ितों और गरीबों की सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था श्री सर्वेश्वरी समूह श्री बंशीधर नगर शाखा की ओर से आगामी रविवार को सगमा प्रखंड मुख्यालय में स्थित भैया रूद्र प्रताप देव हाईस्कूल परिसर में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जायेगा। समूह की श्री बंशीधर नगर शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव व मंत्री आनंद जायसवाल ने इसकी जानकारी देते हुये बताया कि अवधूत भगवान राम कुष्ठ सेवाश्रम के दिशा निर्देशन में आम जनमानस के कल्याणार्थ एलोपैथिक और होम्योपैथिक स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के बाद दवाएं दी जायेगी। स्वास्थ्य जांच इलाज और दवा पर किसी का कोई पैसा नहीं लगेगा। उन्होंने बताया कि शिविर



में लखनऊ इलाहाबाद, बनारस, रांची और धनबाद के नाक, कान, गला, नेत्र, बाल और स्त्री रोग, हृदय, गुर्दा एवं चर्म रोग विशेषज्ञ चिकित्सक लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करेंगे। समूह के पदाधिकारी द्वय ने लोगों से शिविर के ही दिन ही ससमय में उपस्थित होकर अपना रजिस्ट्रेशन कराने की अपील की है। उस मौके पर समूह के व्यवस्थापक संजीव सिन्हा, सदस्य आनंद सिन्हा, नवीन कुमार सिन्हा, राजेंद्र प्रसाद यादव, गुड्डू कुमार, सोमनाथ प्रसाद व नागेंद्र राम आदि उपस्थित थे।

---

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर आयोजित

# समस्याओं को लेकर लोगों ने जमा किये आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई ।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतिम दिन शुक्रवार को प्रखंड के तास रार पंचायत में सम्पन्न हुआ । पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परिसर में सरकार के द्वारा आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ सोमा उरांव, सीओ चोना राम हेंब्रम, जिप सदस्य मोहन पासवान, मुखिया विनीता देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपपरियोजना पदाधिकारी योगेंद्र कुमार,सहायक कनिये अभियंता चंद्रकिशोर कुमार,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय , एई राहुल कुमार, जेई मुकेश दुबे, बीपीओ सुनील कुमार ने भी भाग लिया । इस दौरान सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पंचायत के विभिन्न वार्ड से बड़ी संख्या में ग्रामीण शिविर में पहुंच अपनी समस्या को लेकर आवेदन जमा किया। इस दौरान सबसे ज्यादा आवेदन मनरेगा और



सर्वजन के लगे स्टालों पर जमा किया गया। मनरेगा के लिए पशु शेड, सिंचाई कूप योजना के लिए दिया ग्रामीणों की ओर से जमा किया गया। शिविर में लगे बिजली विभाग के स्टॉल पर एक भी पदाधिकारी मौजूद नहीं रहे। वही चिकित्सीय स्टॉल पर डॉक्टर कुमुद रंजन भी अपने ड्यूटी से गायब रहे । उक्त दोनों स्टालों पर आवेदन जमा करने को लेकर ग्रामीण शिविर में इधर-उधर भटकते रह गए । प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत में लगे आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के शिविर में निर्धारित समय से पहले ही ग्रामीण स्थल पर पहुंच गए। वही कार्यक्रम का शुभारंभ होते ही वे सभी अपनी-अपनी समस्याओं को संबंधित स्थानों पर जमा करना शुरू कर दिए। इस बीच मुखिया मोनिका देवी पंचायत के लोगों के आवेदन पर अपना दस्तखत करने में दिन भर परेशान दिखी । इस दौरान बीडीओ सोमा उरांव ने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वरोजगार कर स्वालंबन बनाने के लिए यह है खासकर यह कार्यक्रम काफी अच्छा रहा। ग्रामीणों के द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 2400 आवेदन प्राप्त हुआ। ग्रामीणों की समस्याओं का निदान को लेकर संबंधित विभाग के द्वारा 14 अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। ग्रामीणों ने शिविर में विभाग के द्वारा लगे स्टॉल में बारी बारी से अपनी समस्याओं को निदान के लिए आवेदन को जमा किया। शिविर में कई जरूरतमंद लोगो को वृद्धा पेंशन की स्वीकृति प्रदान किया गया।

---

# भाजपाईयों ने राज्य में फैले व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर किया प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** भाजपाइयों ने हेमंत सरकार के झूठे वादे गलत नीति राज में फैले भ्रष्टाचार को लेकर शुक्रवार को एक दिवसीय रोष प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय से सिवड़ी मोड़ तक करते हुए एक जनसभा किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए धुरकी प्रखंड के प्रभारी सिवधारी राम ने कहा कि आज हेमंत सरकार के गलत नीति एवं झूठे वादे को लेकर राज त्राहिमाम कर रहा है। यहां के लोग बेरोजगार हो गये हैं। लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। वहीं भाजपा नेता इंद्रमणि जयसवाल ने कहा कि राज्य में भूख भ्रष्टाचार का आलम है यहां पर सिर्फ दलालों बिचौलियों का राजपाट है। अफसरशाही चरम पर है। सरकार में कोई भी लोग ग्रामीण को सुनने वाले नहीं हैं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रताप जायसवाल ने किया, कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि अखिलेश यादव ने किया। कार्यक्रम का संबोधन रामप्रवेश गुप्ता, मंगल यादव, लक्ष्मण राम, उपेंद्र चंद्रवंशी, चांदेव बैठा, संजय जयसवाल, उमेश जायसवाल, शशि कमलापुरी, संजय सिंह, तेजू कोरवा, शहादत अंसारी लाखा यादव नरेश ठाकुर आदि लोगों ने संबोधित किया।

---

### अनियंत्रित बाइक के धक्के से छात्रा गंभीर रूप से घायल

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर खरौंधी मोड़ के समीप शुक्रवार को नाबालिक चालक के अनियंत्रित बाईक के धक्का लगने से बीएसएम कॉलेज की बीए पार्ट-वन की छात्रा खरौंधी चंदनी निवासी प्रमोद बैठा की पुत्री खुशबु कुमारी घायल हो गई। घायलावस्था में स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहां पर तैनात महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी द्वारा इलाज किया गया। घायला छात्रा की सहेलियों ने बताया कि हमलोग परीक्षा देने के लिए कॉलेज के लिए निकले थे कि पीछे से लहराते हुए बाईक आकर पीछे से धक्का मार दिया । सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर थाना के एसआई सहदेव साह सबदल के साथ पहुंचकर बाईक तथा बाईक चालक अरसली उतरी के मनोज पासवान को कब्जे में लेकर थाने ले जाया गया है।

### बाइक दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** मझिआंव थाना क्षेत्र के करूई गांव निवासी शशि कुमार सिंह 50 वर्ष व उसका पुत्र कृष कुमार 17 वर्ष मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया है। दोनो का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गढ़वा से अपने घर करूई गांव जा रहा था। उसी बीच दलेली मोड़ के पास उसकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे गिरकर यह दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है। चिकित्सक के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

---

# डीएवी विद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों की दी गयी जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने शुक्रवार को टाउनशिप सेल डीएवी विद्यालय के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात संबंधित नियमों की जानकारी दी। विद्यालय के प्राचार्य आर के सिन्हा ने पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार का स्वागत गुलदस्ता देकर किया। इस मौके पर पुलिस निरीक्षक चंदन कुमार ने छात्र-छात्राओं से कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे। कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधेंगे। वाहन चलाते समय कभी भी मोबाइल फोन पर बात नहीं करेंगे। हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएंगे। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद



करना चाहिए। अधिकतर मार्ग दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करके के चलते होती हैं। इसलिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मार्ग दुर्घटना में अगर कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित करें। मौके पर शिक्षक संजय राय भट, ओपी सिंह, शौकत अली, सूरज सिंह, संतोष गुप्ता, प्रवीण पांडे, गणेश त्रिवेदी सहित कई लोग उपस्थित थे।

---

### नारायण वन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बोले बीडीओ

# आपके घर तक अधिकारों को पहुंचा रही सरकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के नारायण वन में शुक्रवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी,उप प्रमुख शम्भु सिंह खरवार, बीडीओ मुकेश मछुआ मुखिया मुंगा साह, पंचायत समिति सदस्य अजिमा खातून ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आपूर्ति विभाग, पशुपालन, समाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य विभाग, कल्याण विभाग,श्रम विभाग, पीएम आवास, मनरेगा सहित अन्य विभागों द्वारा अलग अलग स्टाल लगाया गया। उक्त शिविर में पंचायत क्षेत्र के सैकड़ों लोग पहुंचकर अपनी समस्या से सम्बंधित आवेदन पत्र जमा किये।



इस अवसर पर बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा की कार्यक्रम के माध्यम से सरकार आमजनों को जागरूक कर आपके अधिकारों को आपके घरों तक पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा की प्राप्त आवेदन का रजिस्ट्रेशन शिविर में ही किया जायेगा। उन्होंने ग्रामीणों को अपनी समस्या से सम्बंधित आवेदन पत्र जमा करने को कहा। जेएस एलपीएस के महिलाओं को स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए 21 लाख 95 हजार रुपए का चेक दिया गया।।

**कार्यक्रम से आधा दर्जन विभाग के अधिकारी रहे गायब :** मुकुन्दपुर पंचायत के नारायण वन में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आधा दर्जन से अधिक विभाग के अधिकारी और पदाधिकारी गायब दिखें। कार्यक्रम में वन विभाग, बिजली विभाग,बाल बिकास परियोजना, स्वास्थ्य विभाग,लघु कुटीर विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे।जिस कारण सम्बंधित विभाग का आवेदन देने के लिए ग्रामीण बेचैन और निराश दिखे। चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ निशांक निश्रम, डॉ कमल शैंनी अनुपस्थित रहे।

---

### चंदनी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, सैकड़ों आवेदन प्राप्त हुए

# गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगी विकास योजनाएं:धर्मराज

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी(गढ़वा)।** प्रखंड के चंदनी पंचायत के समीप में शुक्रवार को फेज 2 के तहत आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ गणेश महतो,जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,प्रमुख आभा रानी,बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक,उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य,विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास मुखिया रामगहन मेहता उपमुखिया अनिता देवी, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पंचायत के लोगों की विभिन्न समस्याओं के निदान के लिये अलग-अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया गया। जिसमें अंचल, बाल विकास, शिक्षा, पेंशन, कल्याण, आवास, स्वास्थ्य, पशु पालन, बैंक, जेएसपीएल, कृषि, निर्वाचन, श्रम विभाग सहित कई अन्य विभाग के स्टॉल लगाए गए बीडीओ



गणेश महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित कराना तथा समस्याओं का समाधान कराना है। उन्होंने सरकार की महत्वकांक्षी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सोना-सोबरन साड़ी, धोती- लुंगी योजना, किसान क्रिडेट कार्ड, कंबल वितरण कार्यक्रम के साथ-साथ शिविर में लगाए गए स्टॉल की जानकारी दी गई। जिलापरिषद सदस्य धर्मराज पासवान ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं को गावँ के अंतिम व्यक्ति तक पहुचाने की बात कही।उन्होंने झारखंड की हेमंत सरकार की जमकर सराहना किया। वही प्रमुख आभा रानी ने ग्रामीणों को शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल से लाभ लेने के लिए प्रेरित किया एवं सरकार द्वारा चलाए गए महत्वपूर्ण योजना के बारे में लोगों को विस्तार पूर्वक बताया। बिससूत्री अध्यक्ष राजेश रजक ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण योजना के बारे में लोगों को जागरूक करते हुए प्रेरित किया।मुखिया रामगहन मेहता ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा की जनता ने जो मुझपर भरोसा जताया है सरकार के हर एक योजना गावँ के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाऊँगा। आप सभी सरकार के द्वारा संचालित योजना का लाभ अधिक से अधिक ले मेरे द्वारा भरपूर सहयोग किया जाएगा। शिविर में लगाए गए स्टालों में आवेदन देने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ देखी गई। शिविर में 1260 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों की जांच कर लगभग 800 आवेदन की ऑन स्पॉट स्वीकृति दी गई। शिविर में लाभुकों के बीच जेएसपीएल के द्वारा 11 लाख का चेक वितरण किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, नाजिर शैलेश शर्मा, प्रधान सहायक सत्यनारायण बैठा, मनरेगा बीपीओ डिम्पल गुप्ता प्रखंड समन्वयक प्रवीण कुमार, अशर्फी राम, जेएसपीएल बीपीएम मोनिका भेंगरा, जीपीएस उमेश कुमार,बिजली विभाग से इंदल राम,पीएचडी जेई देवेन्द्र किस्कु, लेखपाल अशानंदन राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

---

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ताली गांव के एक क्लिनिक में की छापेमारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर की टीम ने गुरुवार की देर शाम ताली गांव में अवैध रूप से संचालित एक क्लिनिक में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान डॉ नितेश भारती और स्वास्थ्य विभाग की टीम को ताली गांव पहुंचने से पूर्व अस्पताल संचालक ताला बंद कर मौके से फरार हो गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम को ग्रामीणों ने बताया कि अस्पताल बंद है। तब स्वास्थ्य विभाग की टीम बैरंग वापस लौट गई। कुछ देर बाद स्वास्थ्य विभाग कि टीम को सुचना मिली की अस्पताल के मरीज को गांव में छुपाकर रखा गया है। इसके बाद पुनः स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं केतार पुलिस ने ताली गांव के एक घर में छापेमारी की जहां एक महिला मरीज मिली। महिला मरीज ने पुछताछ के दौरान बताया की आठ नवम्बर को वाराणसी में बच्चेदानी



का ऑपरेशन हुआ है ,मरीज के द्वारा अस्पताल का पर्ची भी दिखया गया।इस सम्बन्ध में चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने कहा की इसका जांच किया जा रहा है, जांच में दोषी पायें जाने पर अस्पताल को सील कर संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया जायेगा। इस छापेमारी टीम में केतार पुलिस, स्वास्थ्य विभाग के डॉ. नितेश भारती, प्रदीप पाठक, अनुज कुमार गुप्ता, अनुप कुमार शामिल थे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा किये गये इस छापेमारी से केतार प्रखंड में दहशत का माहौल है।

## न्यूज गैलरी

### बरवाडीह में 111 किसानों के बीच चना बीज का किया गया वितरण

बरवाडीह। प्रखंड मुख्यालय बरवाडीह पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत रवि फसल के लिये 111 किसानों के बीच चना बीज का वितरण पंचायत की मुखिया कालो देवी द्वारा किया गया। मौके पर मुखिया कालो देवी ने कहा की सरकार का मुख्य उद्देश्य किसानों को प्रमाणित बीज उपलब्ध कराकर उन्नत खेती करना है। जिससे कि किसान कम लागत में अधिक उत्पादन हो सकें। उन्होंने कहा की यह गुणवत्ता पुर्ण बीज है, जिससे पैदावार में बढ़ोतरी भी होगी। उन्होंने कहा की किसानों को चना की बोवाई के बाद चना की कटाई तक कीड़े मकोड़े लगने वाले खर-पतवार की बचाव को रासायनिक खाद भी जल्द किसानों के बीच वितरण किया जायेगा। मौके परप्रभारी कृषि पदाधिकारी ने किसानों को चना की खेती करने की जानकारी दी। मौके पर उपमुखिया सुनीता देवी, वार्ड सदस्य अशोक कुमार, सुनील कुमार सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में डीएलएमसी की हुई बैठक, दिये कई दिशा-निर्देश



चतरा। समाहणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में केन्द्रीय प्रायोजित योजना कम्प्यूटराइजेशन ऑफ प्राइमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसाइटी से संबंधित जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण समिति (डीएलआईएमसी) की बैठक शुक्रवार को हुई। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से पैक्सों के सशक्तिकरण एवं उनके कामकाज में पारदर्शिता के साथ सुगमता बनाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजना अन्तर्गत पैक्सों का कम्प्यूटरीकरण किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इसके तहत प्रथम चरण में चतरा जिला के 78 पैक्सों का चयन किया गया है। जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे संबंधित सभी विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई करें। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, डीडीएम नाबार्ड मृत्यंजय बक्शी, सहायक निबंधक चन्द्रमणि कुमारी एवं राज्य सहकारी बैंक के प्रबंधक तथा पैक्सों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सशक्तिकरण शिविर को लेकर बीडीओ ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**गिद्धौर(चतरा)।** डीएसएसए के तत्वाधान में आयोजित होने वाले सशक्तिकरण शिविर को लेकर गिद्धौर प्रखंड कार्यलय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने जेएसलपीएस, तेजस्विनी, मनरेगा व प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित कर्मियों को बीडीओ ने बताया कि आगामी 12 नवम्बर को प्रखंड कार्यालय परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में सशक्तिकरण शिविर लगाया जायेगा। जिसमें मनरेगा, पीएम आवास, अम्बेडकर आवास की स्वीकृति पत्र, जेएसलपीएस, वृद्धावस्था पेंशन, सावित्रीबाई फुले के तहत छात्राओं को स्वीकृति पत्र सहित कई परिसंपतियों का वितरण किया जायेगा। बैठक में बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, प्रधान सहाय संजीत पाठक, तेजस्विनी की संध्या कुमारी, सहायक अभियंता मौज कुमार, जेई सचिनदत्त शर्मा, रोजगार सेवक सुनील कुमार, गोविंद दांगी, स्वर्णलता कुमारी, टेक्नारायण राम, रोहित कुमार यादव, अभय कुमार, अभिनंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

### प्रखंड पत्रकार संघ की हुई बैठक, लिये गये कई निर्णय



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** शुक्रवार को पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित लेंबोईया पहाड़ी पर अवस्थित देवी स्थान परिसर में प्रखंड पत्रकार संघ की बैठक हुई। जिसमें संगठन के मजबूती पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए पत्रकार संगठन, सुरक्षा व कोष से सम्बंधित बातें पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही एकजुटता पर बल देते हुए कई निर्णय लिए गए। वहीं 20 नवंबर को पुनः बैठक करने का निर्णय लिया गया। बैठक में स्थानिय संवाददाता जितेंद्र तिवारी, चेतन पांडेय, अरविंद ठाकुर, मो. सिराजुल, सुग्रीव दांगी, संजय राणा, सुनील कुमार दांगी, श्रीकांत राणा, दीपक राज, मृत्युंजय कुमार, संतन दांगी व सुनील कुमार आदि शामिल थे।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**चतरा।** जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में तीन दिवसीय द्वितीय झारखंड राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को किया गया। तीन दिवसीय राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 11 नवंबर से 13 नवंबर 2022 तक चलेगी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन व समिति के संरक्षक सह एसडीपीओ अविनाश कुमार उपस्थित थे। प्रतियोगिता का संचालन चीफ रेफरी संदीप साहा, असिस्टेंट रेफरी किरण बिहारी शुक्ला व अंपायर की भूमिका रविन्द्र कुमार, एलएन मिश्रा, अंजली रानी व ज्योति यादव ने निभाई। प्रतियोगिता में चतरा, हजारीबाग, पूर्वी सिंहभूम, धनबाद, गढ़वा, गिरिडीह, कोडरमा, लातेहार, रामगढ़, रांची एवं अन्य जिलों के लगभग 151 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष सायवाल गुप्ता, सचिव समरजीत सिंह आदि मौजूद थे।

# सीएसपी संचालक से सात लाख रुपए लूट कर भाग रहे दो अपराधियों को पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** रांची जिला अंतर्गत मैकलुस्कीगंज थाना क्षेत्र के लपरा सीएसपी संचालक से सात लाख रुपये लूट कर भाग रहे अपराधियों को चंदवा पुलिस ने हथियार के साथ पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने घटना में शामिल दो अपराधियों को ग्रामीणों की मदद से पकड़ लिया जबकि एक अपराधी भागने में सफल रहा। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लपरा पंचायत सचिवालय में सीएसपी संचालक के साथ तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर लगभग सात लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम देने के बाद चंदवा की ओर भाग निकले, लूट की सूचना लपरा पुलिस ने चंदवा थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा को दी जिसके बाद थाना प्रभारी श्री शर्मा के नेतृत्व में चंदवा-मालहन-



सड़क पर गिरा कट्टा

मैकलुस्कीगंज पथ पर पुलिस बल की तैनाती कर दी गई। लूट की सूचना स्थानीय ग्रामीणों को भी लग चुकी थी जिसके बाद कुसुमटोली के कार्तिक चौक के समीप कुछ ग्रामीण जमा हो गए इसी दौरान एक बाइक पर सवार होकर तीन अपराधी पहुंचे अपराधियों ने पुलिस व ग्रामीणों को देख कर बाइक घुमाकर भागना चाहा तभी दो अपराधी बाइक से गिर गए जिसमें से एक अपराधी भागने में सफल रहा। वहीं बाइक लेकर भगाने वाले अपराधी को ग्रामीणों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। अपराधी के हाथ से एक हथियार भी सड़क पर गिर गया था जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।ग्रामीणों के अनुसार पुलिस को अपराधियों के पास से एक बैग भी मिला है जिसमें हथियार और लूट के रुपये थे।खबर लिखे जाने तक चंदवा और मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार अपराधियों से पूछताछ की प्रक्रिया चल रही थी।

### अज्ञात अपराधियों ने संदीप यादव पर की फायरिंग

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के डालडा फेक्ट्री स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन के समीप कब्रिस्तान के पास शुक्रवार की सुबह अज्ञात अपराधियों के द्वारा अंधाधुंध गोली चलाई गई।जिससे स्टेशन निवासी संदीप यादव बाल-बाल बच गये। इस संबंध में संदीप यादव ने बताया कि मैं मॉर्निंग वॉक के लिए अपने घर से निकला था तभी अपराधियों के द्वारा गोली चलाया गया। उस गोलीबारी में मैं बाल-बाल बच गया। उसने तीन से चार बार गोली मारने का प्रयास किया लेकिन मैंने भागकर अपनी जान बचाया। वही घटना की सूचना पाकर लातेहार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ कर सारे पहलुओं को देखते हुए जांच कर रहे हैं। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि अपराधियों के द्वारा संदीप यादव पर गोली चलाई गई है पुलिस उसकी गहनता से जांच कर रही है। इस कांड में जो भी अपराधी शामिल होंगे वह पुलिस के गिरफ्त में जल्द होंगे।

# दामोदर घाटी निगम के हेल्थ कैंप मे 325 रोगियों की हुई जांच



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम की तुबेद कोल माइन ने अपने सीएसआर गतिविधियों के तहत परियोजना क्षेत्र के नेवाड़ी मध्य विद्यालय के पास एक चिकित्सा सह जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में तकरीबन तीन सौ ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां दी गई। इससे पहले निगम के कार्यकारी निदेशक खनन महेश कुमार सिंह व वरीय संयुक्त सचिव आरपीएके सिन्हा ने संयुक्त रूप से शिविर का उद्घाटन किया। मौके पर डीवीसी के अधीक्षण अभियंता अमीत प्रसाद, वरीय मंडल पदाधिकारी राहुल उरांव, अधीक्षण अभियंता खनन मनीष कुमार व मिथिलेश कुमार तथा उप निदेशक मानव संसाधन रवि प्रकाश तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यकारी निदेशक महेश कुमार ने कहा कि डीवीसी अपने सामाजिक दायित्वों के निवर्हन के तहत इस स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया है. उन्होंने इस शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की. शिविर में एमओआइसी डा देबू ज्योति घोषदस्तीदार व डॉ सुमन कुमार झा, प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा संगीता रानी, तुबेद कोल माइन के चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार व फार्मास्स्टि विवेक केरकेट्टा ने तकरीबन 325 रोगियों की स्वास्थ्य जांच कर दवाइयों का वितरण किया।

### भाजपाईयों ने निकाली जनआक्रोश रैली, बोले वक्ता

# राज्य में चरम सीमा पर फैला है भ्रष्टाचार

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा/इटखोरी(चतरा)।** शुक्रवार को कुंदा व इटखोरी प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा झारखंड सरकार के खिलाफ जनाक्रोश रैली निकालने के साथ धरना प्रदर्शन किया गया। कुंदा प्रखंड में कार्यक्रम का संचालन सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने किया। रैली में कार्याकर्ता हाथों में सरकार विरोधी नारों के साथ बैनर लिए झारखंड सरकार हाय-हाय, किसानों का शोषण बंद करो आदी नारों के साथ कुंदा चौक से प्रखंड कार्यलय पहुंच कर धरना प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कालीचरण सिंह ने कहा की मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक सभी झारखंड को लूट कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं, इनको किसानों व जनता के दुख की चिंता नहीं है। प्रदीप सिंह ने कहा प्रतापपुर से कुंदा मुख्य सड़क निर्माण में




सिर्फ आश्वासन दीया जा रहा है और हर एक आश्वासन में हफ्ते भर का समय बढ़ाया जा रहा है। कुंदा की जनता मंत्री के आश्वासन सुनकर थक चुकी है। पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ने कहा की वर्तमान सरकार व उनके मंत्री सिर्फ पैसे की उगाही करने में लगे हैं। कार्यक्रम में यदुनंदन यादव, राजेश पासवान, अंबिका सिंह भोक्ता, मनोज यादव, बसंत यादव, घनश्याम यादव, प्रमोद गुप्ता, अजित यादव, मंडल अध्यक्ष अनीता देवी, गंदौरी साव, रविन्द्र भारती, उप प्रमुख सतेंद्र गुप्ता, लवकुश गुप्ता, रामस्वरूप यादव, भीम महतो, अनुज गुप्ता आदि शामिल थे। वहीं इटखोरी प्रखंड में प्रखंड अध्यक्ष देवकुमार सिंह की अगुवाई में जनाक्रोश निकाली गई। जिला महामंत्री डॉ. मृत्युंजय सिंह ने कहा कि झारखंड में अभी बलात्कार, पेट्रोल अटेक, बेरोजगारी व घूसखोरी अपने चरम सीमा को पार कर रहा है। लेकिन सरकार अपनो को खदान लीज और अपने पूंजी को चारगुना बढ़ोतरी करने में लगी है। इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामकुमार सिंह, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बसन्त नारायण सिंह, ऋषिबाला सिंह, निरंजन सिंह, पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती आदि शामिल थे।

# सीआरपीएफ ने लात पंचायत में ग्रामीणों के बीच कई सामानों का किया वितरण

नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** छिपादोहर थाना क्षेत्र के लात पंचायत अंतर्गत टोंगरी गांव में सीआरपीएफ 112 वाहिनी के द्वारा सिविक एक्सन प्रोग्राम के तहत सहायक कमांडेंट बीएन भोइ के नेतृत्व में कई सामानों का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी, इंस्पेक्टर रवीण बाबू व लात पंचायत के सरपंच भी शामिल हुए। सीआरपीएफ 112 वाहिनी द्वारा लात पंचायत के टोंगारी, बरखेता, हरहे, गांसेदाग, लादी, लात कि जरूरतमंद ग्रामीणों को दैनिक उपयोग वस्तुएं जैसे सोलर लैंप, पानी रखने के लिए प्लास्टिक बकेट आदि वही स्कूली बच्चों के बीच पठन-पाठन की सामग्री का वितरण किया गया। वही सहायक कमांडेंट बी एन भोइ ने ग्रामीणों एवं स्कूली छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें और



उन्हें पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित करें क्योंकि शिक्षा ही एक माध्यम है जो आपके बच्चों के भविष्य उज्जवल कर सकेगा। सीआरपीएफ क्षेत्र में अभियान के साथ-साथ आम जनता ओं के परेशानियों को कम करने के लिए इस तहत का कार्यक्रम का आयोजन करती रहती हैं और आने वाले समय में भी करती रहेगी। कार्यक्रम में ईश्वरी देवी मुखिया ईश्वरी देवी ,पूर्व मुखिया मंजू देवी, पताली तिवारी ,पुषण सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण व जवान उपस्थित थे।

### मनरेगा कर्मियों संग बीपीओ ने की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को मनरेगा कर्मियों के साथ गिद्धौर प्रखंड कार्यालय परिसर में बीपीओ अजय कुमार सिन्हा ने बैठक की। बैठक में उपस्थित कर्मियों को प्रखंड में मनरेगा के तहत संचालित योजना में कार्य के अनुसार भुगतान पूर्ण योजना को प्राथमिकता के आधार पर अभिलेख बंद करने का निर्देश सम्बंधित रोजगार सेवकों को दिया। प्रधानमंत्री आवास में मनरेगा के तहत मजदूरों का डिमांड करने, मनरेगा मजदूरों का शत-प्रतिशत आधार इंट्री करने के साथ प्रखंड कार्यालय परिसर में 12 नवम्बर को डालसा द्वारा आयोजित शिविर में स्टॉल लगाने व समय पर कार्यालय पहुंचने का निर्देश कर्मियों को दिया। बैठक में रोजगार सेवक गोविंद दांगी, रोहित कुमार यादव, टेक्नारायण राम व सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

### पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# प्रेम प्रसंग में कमलेश की हुई थी हत्या, एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** हेरहंज थाना अंतर्गत ग्राम होंजर तेतरताड़ के पास चार नवंबर को एक युवक कमलेश उरांव हत्या कांड का उद्भेदन हेरहंज पुलिस ने छह दिनों के अंदर कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कक्ष में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजनी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि हेरहंज थाना अंतर्गत ग्राम होंजर तेतरताड़ के पास चार नवंबर की शाम एक अज्ञात व्यक्ति को पत्थर से कुचलकर हत्या कर दिया गया था। जिसमें पांच नवंबर 2022 को सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया था। रात में शव का पहचान कमलेश उरांव पिता गणेश उरांव ग्राम कसमार थाना हेरहंज के रूप




में होने के उपरांत अज्ञात के विरुद्ध हेरहंज थाना कांड संख्या 44/22 धारा 302 ,120 बी ,201 भादवि के अंतर्गत किया गया था। एसपी ने आगे बताया कि बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार एवं पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार के नेतृत्व में हेरहंज थाना से एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा कांड का अनुसंधान में पता चला कि युवक का एक लड़की से प्रेम प्रसंग काफी दिनों से चल रहा है। जिससे उनके दोस्त चतरा जिले के लावालौंग थाना के कदहे गांव निवासी मनबोध गंझू पिता जेठू गंझू के द्वारा अपने भाभी को परेशान देखकर मौका का फायदा उठाते हुए सुनसान जगह पर ले जाकर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मनबोधनल गंझू ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध कबूल किया है। पुलिस ने आरोपित मनबोध गंझू को गिरफ्तार कर मंडल कारा भेज दिया गया है।

**पुलिस ने किया सामान बरामद :** युवक की हत्या में हेरहंज पुलिस ने घटना में प्रयुक्त दो पत्थर, मृतक कमलेश उरांव का मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड, अभियुक्त का खून लगा जींस बरामद किया है।

### छापामारी दल में ये पुलिस पदाधिकारी थे शामिल

इस छापामारी दल में बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार, बालूमाथ पुलिस निरीक्षक शशि रंजन कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी मुकेश चौधरी, हेरहंज थाना पुअनि बिंदेश्वर महतो, हेरहंज थाना पुअनि अभिषेक कुमार एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।


GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

Very Short e-Quotation No. 04/2022-23

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Repairing of electro-mechanical components of clear water pumping plant of rural water supply scheme Bariyatu. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 14.11.2022 at 3.30 hrs.to 21.11.2022 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 22.11.2022 at 2.05 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer
D.W. & S. Mechanical Division
Medininagar (Palamau)

PR 282001 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D



GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar

Very Short e-Quotation No. 04/2022-23

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as Repairing of electro-mechanical components of clear and raw water pumping plant of rural water supply scheme chandwa. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 14.11.2022 at 3.30 hrs.to 21.11.2022 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 22.11.2022 at 3.00 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Medininagar (Palamau)

PR.NO.282000 Drinking Water and Sanitation(22-23):D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

ई0टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई0-निविदा संख्या-EE/RDSD/PALAMAU-05/2022-23/RE-01 P.R.276118

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | निविदा शुल्क रू0 | अग्रधन की राशि रू0 | कार्य पूर्ण करने के समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पलामू मनातू के प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1281835.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |
| 2. | पलामू नौडीहा बाजार के प्रखण्ड-सह- अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1279923.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |
| 3. | पलामू पड़वा के प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1281804.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |
| 4. | पलामू हैदरनगर के प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1281863.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- **14.11.2022**
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- **23.11.2022** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ, पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय **24.11.2022** को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय **25.11.2022** अपराह्न 02.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रममण्डल, पलामू।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-**9304798195**
7. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डालटनगंज शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता के यू-केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड़ करना अनिवार्य है।
9- Form of Bid and Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा अमान्य समझा जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **Jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

PR 282046 Rural Development(22-23)#D

## न्यूज गैलरी

### रैपिड एक्शन फोर्स ने लोहरदगा के संवेदनशील स्थानों पर किया फ्लैग मार्च

**लोहरदगा।** रैपिड एक्शन फोर्स की टीम शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के अति संवेदनशील स्थानों पर फैमिलियराइजेशन के तहत फ्लैग मार्च किया।स्थानीय जनप्रतिनिधियों से विधि व्यवस्था को लेकर सूचना संकलन किया। अति संवेदनशील और संवेदनशील स्थानों को चिन्हित किया। रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट जकारिया अहमद और सदर थाना के पुलिस पदाधिकारी सुजीत कुमार की अगुवाई में सशस्त्र बलों ने फ्लैग मार्च किया। इसके तहत अति संवेदनशील बड़ी मस्जिद, बड़ा तालाब, अंजुमन मोहल्ला, बगडू मोड़, सोमवार बाजार, पावरगंज चौक, दुर्गाबाड़ी लेन, रेलवे साइडिंग, टीपू सुल्तान चौक, निगनी, ईदगाह मोहल्ला, इस्लामनगर आदि क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया। आरएएफ के अधिकारी और जवानों ने इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों से संपर्क किया। विधि व्यवस्था संधारण को लेकर उनसे जानकारी लिया। मौके पर उपरोक्त स्थानों का रोड मैप तैयार किया गया। आपात स्थिति में विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर ठोस कार्य किया गया। रैपिड एक्शन फोर्स के परिचित अभ्यास के तहत 9 नवंबर से 15 नवंबर 2022 तक नियमित विभिन्न पहलुओं पर लगातार अलग-अलग कार्य किए जा रहे हैं।

### नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा ने स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का किया आयोजन

**बानो।** नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा के तत्वावधान में बानो प्रखंड में सघन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में 15 से 29 वर्ष के वैसे युवा, जो युवा मंडल सदस्य या राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक नहीं है, ने बढ चढकर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में स्वयंसेवक की एक नई टीम तैयार करना है। स्वयंसेवकों का नामांकन 3 साल के लिए किया जा रहा है। बानो प्रखंड में कार्यक्रम राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक चंद्रकांता कुमारी के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उन्होनें युवाओं को कोरोना महामारी के समय में स्वयंसेवक की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी। नेहरू युवा केंद्र संगठन पूरे भारत में स्वयंसेवकों की एक टीम बनाकर आगामी किसी भी समस्या या आपदा से निपटने के लिए तैयार रहना चाहता है। कार्यक्रम में मॉडल डिग्री कालेज बानो, प्रस्तावित उच्च विद्यालय कोनसोदे, आर सी एम उच्च विद्यालय बाकी तथा संत थॉमस इंग्लिश स्कूल के इच्छुक विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### खेल महाकुंभ में 500 से अधिक भैया-बहन होंगे शामिल



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती झारखंड के द्वारा आयोजित होने वाले खेल महाकुंभ की तैयारी का समीक्षा गुमला विभाग के विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने किया। इस बैठक में सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर, शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर एवं मनोहर लाल इंटर महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित थे। सभी विभागों का विभाग सह समीक्षा एवं तैयारी की जानकारी ली गई। महाकुंभ में झारखंड प्रांत के विभिन्न सरस्वती शिशु मंदिर से 500 से अधिक भैया – बहन भाग लेंगे। इस महाकुंभ का आगाज विद्यालय के भैया– बहनों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम, घोष बैंड, भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं मशाल जुलूस से किया जाएगा। इस महाकुंभ का आकर्षन नन्हे भैया बहनो द्वारा कबड्डी, खो–खो एवं एथलेटिक का प्रतिभा का प्रदर्शन किया जाएगा। समीक्षा बैठक में आने वाले छोटे भैया–बहनों के लिए बॉक्साइट नगरी लोहरदगा के स्वादिष्ट प्रसिद्ध व्यंजन एवं उनके स्वास्थ्य संबंधित समीक्षा किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास एवं महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी उपस्थित थे।

### बिजली चोरी के खिलाफ पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा एवं सेन्हा में अभियान कनीय विद्युत अभियंता सुजीत कुमार के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया। जिसमें सहायक विद्युत अभियंता उमेश कुमार डांगी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल लोहरदगा सुबोध कुमार सिन्हा,सारणी पुरुष, फिरोज अख्तर सहित सेन्हा थाना के शस्त्र बल शामिल थे। छापामारी के दौरान बक्सीडीप निवासी डिम्बु उराँव,लीलावती उराँव,लालेश्वर भगत एवं सेन्हा निवासी संदीप साहू,और शांति देवी के विरुद्ध बिजली ऊर्जा चोरी एवं राजस्व क्षति करने के आरोप पर सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराते हुए बताया गया कि पांचों व्यक्ति द्वारा मीटर के पूर्व सर्विस तार से टैप कर मीटर बाईपास कर अपने घर में बिजली ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा था। जिसके विरुद्ध में प्राथमिकी दर्ज करते हुए जुमार्ना भी लगाया गया है। डिम्बु उराँव पर 36500 बाकी है। तथा चार आरोपीयों पर 18250 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि विद्युत विभाग अधिनियम की धारा 135/137 के तहत कांड संख्या 115/22 दर्ज कर पांचों आरोपी के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

---

सिमडेगा ने किया सड़क सुरक्षा व जिला खनन टास्क की समीक्षा, कहा-

# अवैध खनन पर छापेमारी चलाकर वाहन जब्त कर करें कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा एवं जिला खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्माक बैठक का आयोजन हुआ। बैठक मे मार्च-मई, एवं अक्टूबर माह तक हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की। एन.एच. में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। साथ ही दुर्घटना से क्षति हुए क्रैसबैरियर को ठीक कराने का निर्देश दिया गया। उन्होने सड़क सुरक्षा को लेकर सघन जांच अभियान चलाने की बात कही। कम उम्र के बच्चें जो कि बाईक से स्कूल आ रहे है उसके विरूद्ध भी जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। जिले के जितने भी स्कूली बसें है उसकी भी जांच करने की बात कहीं। उन्होने ॒हिट एंड रन॒ से संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुआवजे से संबंधित लंबित मामलों पर कार्रवाई को पूर्ण कराते हुए ससमय लाभ मुहैया कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले में अवैध खनन के रोक थाम एवं अवैध बालू ढूलाई पर नकेल लगाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

उपायुक्त ने पत्थर व बालू के अवैध खनन को लेकर सघन रूप से छापेमारी अभियान चलाने एवं पकड़े जाने पर कार्रवाई करने तथा गाड़ी जब्त कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिले के जितने भी 'ए' कैटेगरी के बालू घाटों का चयनित किया गया हैं जिसका प्रखंड एवं पंचायत वार सूची प्रकाशन करने एवं संचालन की दिशा में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी महेन्द्र कुमार, जिला परिवाहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव, पंचायती राज पदाधिकारी मो. शहजाद परवेज, सिविल सर्जन नवल कुमार, एन.एच. के अभियंता पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी, एवं अन्य उपस्थित थे।

## खेत में सिंचाई के दौरान लगी करंट, दो व्यक्ति की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के सीठीयो में अहले सुबह खेत सिंचाई के दौरान दो व्यक्ति का मौत हो गया। घटना की सूचना पर पंचायत मुखिया शोभा देवी पूर्व जीप सदस्य रामलखन प्रसाद पहुंच घटना का निंदा करते हुए शोक प्रकट किया। घटना को लेकर पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जाता है कि सीठीयो ग्राम निवासी कमलेश्वर साहू उम्र 40 पिता मकरू साहू एवं विश्राम उरांव उम्र 35 पिता स्वर्गीय माड़ो उराँव अहले सुबह दक्षणी कोयल नदी के समीप खेत का सिंचाई करने गये हुए थे। खेत सिंचाई के दौरान विश्राम उरांव बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे कमलेश्वर साहू ने देखा तो बचाने के लिए दौड़ पड़ा लेकिन विश्राम उरांव को बचाने के क्रम में सूझ बूझ खो दिया और वह भी बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे दोनो की मौत घटना स्थल पर हो गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को एक महिला के माध्यम से चला जिसके बाद घटना की जानकारी सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकान्त को दिया गया। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी एवं ए एस आई पवन सोरेन शस्त्र बल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए घटना का जायजा लिया और पोस्टमार्टम हेतु शव को लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ने कहा कि ग्रामीणों के अनुसार दोनो की मौत बिजली तार के संपर्क में आने से हुई है। इस संदर्भ में पुलिस जांच पड़ताल करते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई है। बिजली के सम्पर्क में आने से दोनो व्यक्ति के मौत के बाद बच्चे अनाथ हो गये साथ ही बताया जाता है कि मृतक कमलेश्वर साहू के एक पुत्र विवेक साहू 15 वर्ष एक पुत्री निधि कुमारी 12 वर्ष तथा मृतक विश्राम उरांव का पुत्र विनीत उरांव पुत्री अनु कुमारी जो पिता के मृत्यु के बाद दोनो परिवार के बच्चों के सर से पिता का छाया उठ गया वही परिजनों में शोक का लहर दौड़ पड़ा। इस घटना के बाद गांव परिवार में मातम छाया हुआ है।

## पेट्रोल पंप कर्मी से रंगदारी मांगने के फरार चार अपराधी गये जेल



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा पुलिस ने शुक्रवार को कांड संख्या 42/22 के चार फरार अभियुक्त को जेल भेज दिया। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर परवेज अंसारी पिता इस्लाम अंसारी, राहुल उरांव पिता तेम्बा मिंज, चंपा उरांव पिता पुनई उरांव, शंभु उरांव पिता स्व शिवनाथ उरांव ऐ सभी आरोपी रांची जिला अंतर्गत नरकोपि थाना क्षेत्र के मुड़कट्टी गांव के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बतया की इन आरोपियों पर भंडरा थाना में कांड संख्या 42/022 का मामला दर्ज है। आरोपियों ने भंडरा यशराज पेट्रोल में पेट्रोल पम्प कर्मी के साथ मारपीट एवं रंगदारी करने का मामला दर्ज है।

## लोहरदगा सिविल कोर्ट में आज लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत : पीडीजे

- पीडीजे राजेन्द्र बहादुर पाल ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी, कहा लोहरदगा में 500 से अधिक चेक बाउंस के मामले हैं लंबित



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला सत्र एवं प्रधान न्यायाधीश राजेन्द्र बहादुर पाल ने प्रेस वार्ता कर बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में भव्य तरीके से आज आयोजित किया जाएगा। न्यायालय में लंबित सुलह योग्य मामले राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से पक्षकार सहज निपटारा करा सकते हैं। पक्षकार जिनका मुकदमा न्यायालय में लंबित चल रहा है या विवाद पूर्व आपसी राजीनामे के माध्यम से निस्तारण चाहते हैं, वे अपने मुकदमे से संबंधित न्यायालय में जाकर अथवा ऑनलाईन माध्यम से भी संबंधित न्यायालय में संपर्क कर अपना मुकदमा राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए रखवा सकते हैं। लोक अदालत में एन.आई.एक्ट बैंक, वित्तीय प्रकरणों से संबंधित बैंक अधिकारियों व पक्षकार की उपस्थिति में प्री-काउंसलिंग करा सकेंगे। पक्षकार को लोक अदालत में बैंक से मिलने वाले वित्तीय छूट एवं वन टाइम सेटलमेंट ऑफर के बारे में जानकारी देकर प्री-काउंसिलिंग के प्रयास किए जाएंगे। इसमें सभी मामलों का निपटारा सुलह समझौते के माध्यम से किया जाएगा। उन्हीं मामलों की सुनवाई होगी, जिसमें दोनों पक्ष सहमत हों। लोक अदालत में आपराधिक वाद, पारिवारिक मामलें, मोटरयान दुर्घटना अधिनियम के मामलें, बिजली व प्राधिकरणों के जल भुगतान से सम्बन्धित मामलें, धारा 138 एन.आई.एक्ट के वाद, भू-राजस्व वाद, सेवा संबंधित मामले एवं प्री-लिटीगेशन से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। पीडीजे राजेंद्र बहादुर पाल ने बताया कि झारखंड विक्टिम स्कीम के तहत दुष्कर्म, सामूहिक दुष्कर्म, शारीरिक शोषण, दुर्घटना, एसिड अटैक, बर्निंग आदि मामलों पर पीड़ित पक्ष चाहे तो उक्त योजना के तहत मुआवजा का लाभ ले सकता है। सरकार द्वारा उपरोक्त मामलों के पीड़ित व उनके आश्रित को 5 से 10 लाख मुआवजा देने का प्रावधान है। बताया कि 13 नवंबर 2022 जिले के सभी प्रखंडों में विशेष कैंप आयोजित की जा रही है। सभी प्रखंडों में न्यायिक पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। इस दौरान सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ गांव के गरीब जरूरतमंद लोगों को देने के लिए उन्हें जागरूक किया जाएगा। कहा कि लोहरदगा जिले में चेक बाउंस के लगभग 500 से ज्यादा केस लंबित है ।चेक बाउंस के मामले पर आरोप सिद्ध होने पर 2 वर्ष की कारावास व दोगुना राशि जुमार्ना लगाया जा सकता है। पीडीजे ने कहा कि न्यायालय में लंबित चेक बाउंस के मामलों का प्राथमिकता पर निपटारा किया जा रहा है।

## कुडू में अतिक्रमण हटाओं अभियान का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू/लोहरदगा।** कुडू अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने का अभियान का शुभारंभ हो गया है। पूर्व निर्धारित 11.11.22 तक अंचलाधिकारी कुडू ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण हटा लेने का आवाह्न किया था। ज्ञात हो कि अतिक्रमण हटाने का कार्यक्रम 5.11.22 दिन शनिवार को निर्धारित था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से उक्त तिथि को स्थगित कर दिया गया। कई लोगों ने स्वतः संज्ञान लेकर अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया था। जैसा कि अंचलाधिकारी कुडू ने बताया कि सड़क निर्माण एवं उसके चौड़ीकरण के लिए संवेदक एवं उनके अधिकारियों द्वारा आग्रह किया था। जिसके मद्देनजर सड़क निर्माण एवं नाली निर्माण का काम निर्बाध गति से हो। आवश्यक समझते हुए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। अंचलाधिकारी कुडू के निगरानी में अंचल विभाग की पुरी टीम साथ में कुडू पुलिस ने मुस्तैदी से अपने कार्यों को अंजाम दिया। साथ हीं मस्जिद मोड़ में टेम्पो संचालकों को भी चेताया कि सड़क पर टेम्पो लगाने के बजाय निर्धारित की गई जगह पर लगाये।

## दुकान से चोरी हुई मोटरसाइकिल पुलिस ने किया बरामद, चोर को भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित समसेरा मोड़ के एक दुकान से चोरी हुई मोटरसाइकिल को पुलिस ने किया बरामद, चोर को भेजा जेल। इस मौके पर बताया गया कि गत 1 अक्टूबर की रात्रि में बोलबा प्रखण्ड मुख्यालय के समसेरा मोड़ स्थित एक दुकान से एक मोटरसाइकिल को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया था।काफी खोजबीन के बाद भी मोटरसाइकिल नहीं मिला। बोलबा पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। अंततः 10 नवबंर 2022 को मोटरसाइकिल सहित चोर को पकड़ने में सफल हो गया। इस संबंध में बोलबा पुलिस ने बताया कि पिछले 1 अक्टूबर की रात्रि में अज्ञात अपराधियों के द्वारा मोटरसाइकिल चोरी किया गया था उसे बोलबा पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए अर्जुन कुम्हार पिता झिलया कुम्हार ग्राम अंडाली जामबहार थाना रायबोगा, जिला सुंदरगढ़ को गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही मोटरसाइकिल को राऊरकेला बिसरा थाना क्षेत्र से बरामद किया गया। बताया गया कि अर्जुन कुम्हार का एक साथी फरार है उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इस संबंध में बोलबा थाना में कांड संख्या 18/2022 भादवि की धारा 379 दिनांक 02.10.2022 दर्ज कर आरोपी अर्जुन कुम्हार को जेल भेज दिया गया। इस मौके पर एएसआई हरेंद्र प्रसाद, फेबियन कुल्लू, बिनोद कुजूर, शम्भू रजवार, सुशील तिर्की, कुलदीप तिर्की, कुन्दन कुमार एवं अन्य लोग मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि बोलबा थाना छेत्र में विगत दो वर्षों में जितने भी कांड हुए है सभी कांडों का त्वरित निष्पादन किया गया।पुलिस द्वारा किए जा रहे इस तरह के कामो से आम लोगों में पुलिस के प्रति काफी विश्वास बढ़ा है जो सराहनीय है।

## विस में 1932 खतियान व ओबीसी आरक्षण विधेयक पारित, झामुमो ने मनाया जश्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा संयोजक मंडली सिमडेगा द्वारा झारखंड विधानसभा में पारित 1932 खातियन विधेयक पारित होने एवं ओबीसी को 27% आरक्षण को विधानसभा में मंजूरी मिलने की खुशी में सिमडेगा जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा आभार जुलूस निकाला गया।मौके पर पूर्व विधायक बसंत कुमार लौंगा ने कहा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने इसको लेकर झारखंड के लोगों से वादा किया था इसके अलावा एक विधेयक पारित कर राज्य के स्थानीय निवासी होने का सत्यापन 1932 के जमीन दस्तावेज/रिकॉर्ड के आधार पर करने का फैसला लिया गया है। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में झारखंड स्थानीय व्यक्ति की परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्ति को विशेष सामाजिक, सांस्कृति और अन्य लाभ मुहैया कराने संबंधी विधेयक, 2022' पारित किया गयाराज्य के आदिवासी लंबे समय से मांग कर रहे थे कि ब्रिटिश शासनकाल में 1932 में कराये गये जमीन सर्वेक्षण के रिकॉर्ड के आधार पर व्यक्ति के स्थानीय निवासी होने का सत्यापन किया जाए ना कि 1985 के सर्वे के आधार पर, जैसा अभी हो रहा है पारित हुए विधयेक के प्रभावी होने के बाद 1932 में झारखंड में रह रहे ऐसे लोग जिनके नाम जमीन रिकॉर्ड में शामिल हैं, की भावी पीढ़ियों को स्थानीय निवासी माना जाएगा। मौके पर जिला संयोजक मंडली सदस्य सफीक खान, अनिल कंडुलना, अनिल तिर्की, आस्कर डांग, राकेश लकड़ा, दीप्तिमान तिर्की, विरजो कन्डुलना, मो. शहीद, फिरोज अली, नारायण मांझी, कोलेबिरा प्रखंड अध्यक्ष मनोहर बागे, कोलेबिरा प्रखण्ड सचिव वकिल खान, किशोर डांग, नोवास केरकेट्टा, कल्याण मिंज, मो.अनास, मो. लाला, अमलेन समद, मुकुल बरला, डेविड खालखो, विरेंद्र बाड़ा उपस्थित हुए।

### विधानसभा में 1932 आधारित खतियान पारित होने पर खुशी जाहिर की



**भंडरा / लोहरदगा।** सूबे के चहेते व जनमानस की हितैसी हेमंत सोरेन की सरकार ने राज्य की जनता का एक बार फिर से दिल जीत लिया है। शुक्रवार को हेमंत सोरेन जेएमएम की सरकार ने जिस तरह विशेष सत्र का आयोजन कर विधानसभा में 1932 का खतियान आधारित एसटी को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत, एससी 12 प्रतिशत अरक्षण को पारित कराया। इससे पूरे राज्य की जनता में खुशी की लहर है उक्त बातें जेएमएम के भंडरा प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी ने शुक्रवार को भंडरा के डाकबंगला भवन में बैठक आयोजित कर कहा है। साथ ही शनिवार को भंडरा नौडीहा चौक से थाना मोड़ तक आभार यात्रा निकालने को लेकर सरकार के प्रति अभिवादन करने की सहमति जताई है। इस पर जेएमएम कार्यकर्तओं ने भी भव्य आभार यात्रा निकालने को लेकर सहमति दी है। मौके पर मिठू उरांव ने भी हेमंत सरकार द्वारा लोक हित में किये जा रहे कार्यो की सराहना की है। विधानसभा में 1932 आधारित खतियान पारित होने पर खुशी जाहिर की है। मौके पर पिंटू उरांव, बिदू उरांव, शामिल उरांव, तिवारी उरांव, रामविलाश उरांव, जातरू उरांव, तैयब खान, साहिल मंसूर, रवि यादव, मनोज उरांव, बुधराम उरांव, सैफुल्लाह अंसारी, खुर्सीद अंसारी, एजाजुल अंसारी, बिरिया उरांव, रामवृक्ष उरांव सहित काफी संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता मौजूद थे।

---

केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला ने खूंटी में जनजातीय गौरव दिवस के तहत दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

# देश के स्वतंत्रता आंदोलन में भगवान बिरसा मुंडा का योगदान अद्वितीय है : अतुल चौबे




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे समारोहों के क्रम में खूंटी जिला के कालामाटी स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जागरूकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य आदि का आयोजन हुआ। साथ ही गुरुवार दिनांक 10 नवंबर को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी में आयोजित रंगोली, चित्रांकन एवं निबंध प्रतियोगिता में विजयी 20 प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा एवं वीर सिद्धू कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात खूंटी के जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे, झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन, खूंटी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्री अनिल दुबे, फूदी पंचायत की मुखिया अनिमा कच्छप, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन ज्योति कुमारी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के पंजीकृत सांस्कृतिक दल लोकनाथ लोहरा कला जत्था एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों का विधिवत स्वागत केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने अंग वस्त्र और पौधा दे कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए खूंटी के जिला शिक्षा पदाधिकारी अतुल कुमार चौबे ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा जनजातीय गौरव दिवस की घोषणा से हम देश के उन जनजातीय वीरों और वीरांगनाओं की महती भूमिका को याद कर पा रहे हैं जिन्होंने देश की आजादी के लिए अदम्य साहस दिखाया और अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने जनजातीय गौरव दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला को सराहा और आगे भी ऐसे कार्यक्रमों के लिए शुभकामनाएं दीं। झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के अतिरिक्त कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ने कहा कि जिस तरह धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने भारत की आजादी के लिए अपना संपूर्ण जीवन लगा दिया, हम सब को उनके प्रति हमेशा कृतज्ञ रहना चाहिए।इस कार्यक्रम से हम देश के जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों की महती भूमिका को याद कर सकेंगे जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। खूंटी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अनिल दुबे ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस पर आने वाली पीढ़ियां हमारे देश एवं झारखंड के महान जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष व बलिदानों के बारे में जान सकेंगे। इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से सभी लोगों को अपने महापुरुषों के व्यक्तिव एवं कृतत्व से अवगत होने का अवसर मिलता है। मुखिया अनिमा कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवाओं को भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन को हमेशा याद रखना चाहिए। जिस तरह झारखंड के वीरों और वीरांगनाओं ने देश की आजादी के लिए अदम्य साहस दिखाया, हमें हमेशा उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे पूर्व विषय प्रवेश करवाते हुए केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने भारतीय इतिहास और संस्कृति में जनजातियों के विशेष योगदान को सम्मानित करने व पीढ़ियों को इस सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित करने के उद्देश्य से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला द्वारा इस दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता हुए पुरस्कृत

**प्री प्रोगाम** के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी के प्रांगण में बालिका विद्यालय परिसर में 'आजादी का अमृत महोत्सव' एवं 'झारखंड के वीर स्वतंत्रता सेनानी' विषय पर 10 नवंबर को रंगोली, निबंध एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिन के विजेताओं को गणमान्य अतिथियों द्वारा स्कूल बैग देकर पुरस्कृत किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता में लक्ष्मी परधिया, यशोदा कुमारी, खुशबू कुमारी, रिया कुमारी, सीमा स्वनसी, दीपिका कुमारी विजई हुए। निबंध प्रतियोगिता के विजेता रहे चंद्रिका कुमारी, सिमरन कश्यप, प्रियांशी कुमारी, आरती कुमारी, बसंती कुमारी, दुर्गेश्वरी कुमारी, संस्कृति कुमारी, सुरभि कश्यप। रंगोली प्रतियोगिता में छोटी कुमारी ग्रुप, तृषा कुमारी ग्रुप, जयंती कुमारी ग्रुप, अनु कुमारी ग्रुप, माही कुमारी ग्रुप, स्वाति कुमारी ग्रुप पुरस्कृत हुए।

## आरक्षण नीति स्थानीय नीति बिल विस में पारित होने पर जेएमएम नेताओं में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** झारखंड विधान के विशेष सत्र में शुक्रवार को झारखंड के आंदोलनकारियों के सपने को साकार करते हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत, ओबीसी को 27 प्रतिशत व अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत आरक्षण बिल को विधानसभा से पारित कराया। इसके लिए जेएमएम प्रखण्ड कमिटी के द्वारा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन समेत तमाम मंत्री विधायक जिन्होंने भी इस बिल को पारित कराने मे सहयोग किया सभी को बधाई दी गई। मौके पर जे एम एम के केंद्रीय समिति सदस्य समीद अंसारी ने कहा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन जिस तरह से जनकल्याणकारी कार्य कर रहे हैं उसके लिए झारखंड की जनता उनका हमेशा शुक्रगुजार रहेगी। आज झारखंड की सबसे पुरानी मांग 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, एसटी, एससी, ओबीसी आरक्षण बिल को विधानसभा से पास कराने का जो साहस किया है काबिले तारिफ है। जेएमएम के नेतृत्व में सरकार अनेको जनकल्याणकारी कार्य कर रही है अब तो विपक्ष के पास कोई मुद्दा भी नही रह गया है विपक्ष बेकार में ही जनता को बरगलाने का काम कर रही है। जनता सब देख समझ रही है जो काम विगत झारखंड बनने के बीस वर्षों तक नही हुआ था। जेएमएम की नेतृत्व वाली सरकार के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने वे सभी कार्य कर दिए आने वाले समय मे झारखंड में जेएमएम और भी मजबूती के साथ चुनाव लड़ेगी और जनता जे एम एम के द्वारा किये कार्यो का बदला जरूर देगी। बधाई देने वालो में प्रखण्ड अध्यक्ष मो. सजाद, श्रीराम उरांव, अंगनु उरांव, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष जमील अख्तर, धनपत उरांव, बिपिन उरांव, समीरुदीन अंसारी, अख्तर अंसारी, बजरंग उरांव, एनुल अंसारी, हासिम अंसारी, परवीन साहू, मुकेश उरांव, मंगदेव उरांव, अशोक पहान, संदीप उरांव, सुरेश उरांव, सुखदेव उरांव, शंकर उरांव आदि शामिल है।

# इन शाकाहारी चीजों से नहीं होगी शरीर में प्रोटीन की कमी, बनेगी अच्छी फिटनेस!



चिया के बीज मांसपेशियों के लिए काफी अच्छे साबित होते हैं। इसमें कम कैलोरी होने के अलावा फाइबर, प्रोटीन और ओमेगा 3 फैटी एसिड की मात्रा ज्यादा होती है। ऐसे में प्रोटीन पाने के लिए आप अपने आहारों में चिया बीज को शामिल कर सकते हैं।

हमारे शरीर के लिए प्रोटीन कितना ज्यादा जरूरी है इसके बारे में सभी जानते हैं। इससे न केवल मांसपेशियों की अच्छी ग्रोथ होती है बल्कि वजन भी कंट्रोल में रहता है। ज्यादातर लोग सबसे अच्छे प्रोटीन स्रोत में मांस-मछली और अंडों के बारे में ही जानते हैं। वहीं, अच्छी फिटनेस बनाने वालों को अधिक प्रोटिन की जरूरत होती है। ऐसे में समस्या उन लोगों के लिए बढ़ जाती है जो शाकाहारी होते हैं और उन्हें पनीर के अलावा किसी अन्य प्रोटीन स्रोत के बारे में जानकारी नहीं है। अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं जो शाकाहारी प्रोटीन युक्त आहारों के बारे में नहीं जानते हैं और अच्छी फिटनेस बनाना चाहते हैं तो आपको निराश होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको शाकाहारी प्रोटीन स्रोत के बारे में बताने जा रहे हैं।

**चिया बीज :** फिटनेस एक्सपट्र्स का मानना है कि चिया के बीज मांसपेशियों के लिए काफी अच्छे साबित होते हैं। इसमें कम कैलोरी होने के अलावा फाइबर, प्रोटीन और ओमेगा 3 फैटी एसिड की मात्रा ज्यादा होती है। ऐसे में प्रोटीन पाने के लिए आप अपने आहारों में चिया बीज को शामिल कर सकते हैं। इसे आप पानी या दूध में भिगोकर सेवन कर सकते हैं।

**दाल :** कई प्रकार की दाल होती हैं, इनमें प्रोटीन की अच्छी मात्रा होने के साथ आयरन, फाइबर और पोटेशियम मौजूद होता है। इसलिए आपको रोजाना अपने आहार में दाल को भी शामिल करना चाहिए। अगर आप रोजाना आधा कप पकी हुई दाल का सेवन करेंगे तो इससे आपको 9 ग्राम प्रोटीन प्राप्त होगा।

**चने :** काबुली चने को कई तरह से खाया जा सकता है। इसमें प्रोटीन की मात्रा ज्यादा होती है। इसे आप भीगोकर, सलाद, करी और भुनकर भी सेवन कर सकते हैं। ये खाने में स्वादिष्ट होने के साथ ताकत से भरपूर्ण भी है। अगर आप 150 ग्राम छोले का सेवन करते हैं तो आपको 10/7 ग्राम प्रोटीन मिलता है।

**टोफू :** टोफू भी प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत माना जाता है। फिटनेस एक्सपट्र्स का मानना है कि टोफू का सेवन करने से शरीर को हर जरूरी अमीनो एसिड प्राप्त होते हैं। टोफू को स्वादिष्ट बनाने के लिए इसमें मसाले मिलाए जा सकते हैं। इसके प्रति 100 ग्राम में 10-19 ग्राम प्रोटीन पाया जाता है।

**ग्रीक योगर्ट :** फिटनेस एक्सपट्र्स का मानना है कि ग्रीक योगर्ट प्रोटीन का एक अच्छा स्रोत होता है। इसलिए इसे भी आप अपने आहारों में शामिल कर सकते हैं। ग्रीक योगर्ट के 100 ग्राम में प्रटीन 10 ग्राम की मात्रा होता है।

**बादाम :** बादाम जिस तरह से दिमाग को तेज बनाने में मदद करता है, ठीक वैसे ही ये मांसपेशियों के लिए भी अच्छा रहता है। इसमें प्रोटीन और विटामिन ई पाया जाता है, जो एक अच्छा स्वस्थ स्रोत है। अगर आप 1/2 कप बादाम का सेवन करते हैं तो आपको करीब 16.5 ग्राम प्रोटीन प्राप्त होता है।

**मूंगफली :** छोटी मूंगफली के बीज का सेवन करना शरीर के लिए अच्छा रहता है। इसमें प्रोटीन और हेल्दी फैट होता है। अगर आप पीनट बटर का सेवन करते हैं तो ये भी प्रोटीन का उच्च सोर्स माना जाता है। आप मूंगफली को स्नैक की तरह खा सकते हैं। इसके आधे कप का सेवन करने से आपको 20.5 ग्राम प्रोटीन मिलता है। वहीं, पीनट बटर को ब्रेड या रोटी के साथ सेवन कर सकते हैं। एक चम्मच पीनट बटर में 8 ग्राम प्रोटीन होता है।

**क्विनोआ :** क्विनोआ भी एक अच्छा प्रोटीन स्रोत माना जाता है। इसके प्रति कप में करीब 8 ग्राम प्रोटीन होता है। इसे कई तरह से सेवन किया जा सकता है। आप चाहें तो सलाद या फिर चावल में क्विनोआ को शामिल कर सकते हैं। इसके प्रति 100 ग्राम में 4/7 ग्राम प्रोटीन की मात्रा होती है।

❖ सिमरन सिंह

# चीन अंतरिक्ष में भेज रहा है बंदर, जीरो ग्रेविटी में प्रजनन की संभावना पर होगी रिसर्च, पहले भी हो चुके हैं ऐसे प्रयोग



चीन की स्पेस एजेंसी अंतरिक्ष की जीरो ग्रेविटी में लाइफ साइंस पर रिसर्च करने जा रही है। इसके लिए उन्होंने बंदरों को स्पेस में भेजने का फैसला लिया है। एजेंसी बंदरों को स्पेस में भेजकर ये पता लगाने वाली है कि यहाँ प्रजनन संभव है या नहीं। बता दें, चीन ने इस मिशन की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया है। अंतरिक्ष में चीन का तियांगोंग स्पेस स्टेशन बनकर तैयार हो गया है। इसी के साथ चीन ने इसमें एक बड़ा प्रयोग करने की योजना भी बना ली है, जो आने वाले कुछ समय में देखने को मिल सकती है। दरअसल, चीन की स्पेस एजेंसी अंतरिक्ष की जीरो ग्रेविटी में लाइफ साइंस पर रिसर्च करने जा रही है। इसके लिए उन्होंने बंदरों को स्पेस में भेजने का फैसला लिया है। एजेंसी बंदरों को स्पेस में भेजकर ये पता लगाने वाली है कि यहाँ प्रजनन संभव है या नहीं। बता दें, चीन ने इस मिशन की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया है, लेकिन उनके द्वारा इससे जुड़ी जानकारी साँझा की गयी है।

साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन अंतरिक्ष में प्रजनन पर रिसर्च करने का प्लान बना रहा है, इसके लिए वह बंदरों को वहां भेजेगा। बीजिंग की चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा इस प्रोजेक्ट को लीड किया जा रहा है। प्रोजेक्ट के लिए एकेडमी वेंटियन नाम के कैप्सूल तैयार कर रही है, इसी में प्रयोग को अंजाम दिए जाने की संभावना जताई जा रही है।

चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज के रिसर्चर झांग लू ने बताया कि चूहों और अफ्रीकी बंदरों पर स्टडीज की जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि वे अंतरिक्ष में कैसे प्रजनन करते हैं और अपनी आबादी कैसे बढ़ाते हैं। इस स्टडी से हमें अंतरिक्ष के वातावरण में जानवरों के बर्ताव में बदलाव और प्रजनन से जुड़े पहलुओं को समझने में मदद मिलेगी।

## अंतरिक्ष में इससे पहले भी कई जीवों को भेजा जा चुका है

- स्पेस में जाने वाली सबसे पहली जीव एक मधुमक्खी थीं। अंतरिक्ष में जीव की बायोलॉजी पर क्या प्रभाव पड़ता है, यह जानने के लिए मधुमक्खी को यहाँ भेजा गया था।
- 1942 में, पहली बार नासा ने एक बंदर को स्पेस में भेजा था, लेकिन स्पेस स्टेशन पहुंचने से पहले ही उसकी दम घुटकर मौत हो गयी थी। इसके बाद 1948 में बंदर भेजा गया, जो स्पेस में सही सलामत पहुंच तो गया था लेकिन वहां से लौटते समय उसकी मौत हो गयी। 1951 में फिर से कुछ बंदरों को स्पेस भेजा गया था, वो धरती पर वापस भी आ गए थे, लेकिन लौटने के कुछ घंटो बाद उनकी मौत हो गयी थी।
- 1957 में सोवियत संघ ने एक फीमेल डॉग को पहली बार स्पेस में भेजा था, जिसकी वहां पहुंचने के कुछ घंटों के बाद ही मौत हो गयी थी।
- बंदरों के बाद 1961 में नासा ने एक चिम्पैंजी को स्पेस में भेजा, उसे पृथ्वी पर लौटने के बाद कुछ नहीं हुआ। इसके बाद ही पहली बार नासा की तरफ से एस्ट्रोनॉट एलन बी शेपर्ड स्पेस में गए थे।

# नैनीताल में श्रद्धा के केंद्र है नैना देवी मंदिर



नैना देवी मंदिर में नैना देवी की प्रतिमा के साथ ही भगवान श्री गणेश और काली माता की मूर्तियां भी लगाई गयी हैं। साथ ही पीपल का एक विशाल वृक्ष मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थित है जिसके साथ भी कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। पर्यटक स्थल नैनीताल में स्थित माता नैनी देवी मंदिर सहज ही पर्यटकों का ध्यान आकर्षित करता है। नैनी झील के उत्त्तरी किनारे पर स्थित इस मंदिर के बारे में कहा जाता है कि 1880 में भूस्खलन से यह मंदिर नष्ट हो गया था। बाद में इसे फिर से बनाया गया। इस मंदिर में सती के शक्ति रूप की पूजा की जाती है। मंदिर में दो नेत्र हैं जो नैना देवी को दशार्ते हैं। नैनी झील के बारे में मान्यता है कि जब शिव सती की मृत देह को लेकर कैलाश पर्वत जा रहे थे, तब जहां-जहां उनके शरीर के अंग गिरे वहां-वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई। इस स्थान पर देवी सती के नेत्र गिरे थे। इसीलिए यहां इस मंदिर की स्थापना की गयी।

इस मंदिर में नैना देवी की प्रतिमा के साथ ही भगवान श्री गणेश और काली माता की मूर्तियां भी लगाई गयी हैं। साथ ही पीपल का एक विशाल वृक्ष मंदिर के प्रवेश द्वार पर स्थित है जिसके साथ भी कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। यहां लोग मन्नत मांगने आते हैं और पीपल के पेड़ पर इसके लिए लाल चुन्नी या धागा बांधते हैं। मंदिर के आसपास का दृश्य भी बेहद खूबसूरत है। इस मंदिर के ठीक बाहर तिब्बती बाजार लगता है।

**मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथा :** दक्ष प्रजापति की पुत्री उमा का विवाह शिव से हुआ था। शिव को दक्ष प्रजापति पसन्द नहीं करते थे, परन्तु वह देवताओं के आग्रह को टाल नहीं सकते थे, इसलिए उन्होंने अपनी पुत्री का विवाह न चाहते हुए भी शिव के साथ कर दिया था। एक बार दक्ष प्रजापति ने सभी देवताओं को अपने यहाँ यज्ञ में बुलाया, परन्तु अपने दामाद शिव और बेटी उमा को निमन्त्रण तक नहीं दिया। उमा हठ कर इस यज्ञ में पहुंचीं। जब उसने हरिद्वार स्थित कनरवन में अपने पिता के यज्ञ में सभी देवताओं का सम्मान और अपने पति और अपना निरादर होते हुए देखा तो वह अत्यन्त दुःखी हो गयीं। वह यज्ञ के हवन कुण्ड में यह कहते हुए कूद पड़ीं कि 'मैं अगले जन्म में भी शिव को ही अपना पति बनाऊंगी। आपने मेरा और मेरे पति का जो निरादर किया इसके प्रतिफल स्वरूप यज्ञ के हवन कुण्ड में स्वयं जल कर आपके यज्ञ को असफल करती हूं।' जब शिव को यह ज्ञात हुआ कि उमा सती हो गयीं, तो उनके क्रोध का पारावार न रहा। उन्होंने अपने गणों के द्वारा दक्ष प्रजापति के यज्ञ को नष्ट भ्रष्ट कर डाला। सभी देवी-देवता शिव के इस रौद्र रूप को देखकर सोच में पड़ गए कि शिव प्रलय न कर ड़ालें। इसलिए देवी देवताओं ने महादेव से प्रार्थना की और उनके क्रोध के शान्त किया। दक्ष प्रजापति ने भी क्षमा मांगी। शिव ने उनको भी आशीर्वाद दिया। परन्तु सती के जले हुए शरीर को देखकर उनका वैराग्य उमड़ पड़ा। उन्होंने सती के जले हुए शरीर को कन्धे पर डालकर आकाश भ्रमण करना शुरू कर दिया। ऐसी स्थिति में जिन जिन स्थानों पर शरीर के अंग किरे, वहां वहां पर शक्ति पीठ हो गए। इसी क्रम में जिस स्थान पर सती के नयन गिरे थे वहां पर नैना देवी का भव्य स्थान हो गया। कहा जाता है कि माता के नयनों की अश्रुधार ने यहां पर ताल का रूप ले लिया। तबसे यहां पर शिवपत्नी नन्दा (पार्वती) की पूजा नैना देवी के रूप में की जाती है।

❖ प्रीटी

# नवजात की सर्दियों में यूं करें केयर, बीमारियों से रहेगा बचाव



मौसम बदलते ही शरीर का बीमारियों की चपेट में आने का खतरा बढ़ता है। खासतौर पर नवजात शिशु का पहली सर्दी में खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। असल में, इस दौरान बच्चे को खांसी-जुकाम, मौसमी बुखार होने की परेशानी हो सकती है। ऐसे में अगर आप भी अपने नवजात शिशु की देखभाल को लेकर चिंता में है तो चलिए आज हम आपको कुछ टिप्स बताते हैं। इन टिप्स से आप अपने शिशु को बेहतर तरीके से संभाल सकते हो।

**गंदे हाथों से बच्चे को ना छुएं :** छोटे बच्चे को इंफेक्शन होने का खतरा ज्यादा होता है। ऐसे में उसे छूने से पहले हाथों को अच्छे से धोएं। इससे उसे बैक्टीरिया नहीं लगेंगे।

**मां का दूध जरूरी :** छह महीने तक के बच्चों को स्तनपान करवाना जरूरी होता है। असल में, मां का दूध बच्चे के लिए संपूर्ण आहार माना जाता है। ऐसे में उसे सभी जरूरी तत्व मिलने के साथ इम्यूनिटी बढ़ने में मदद मिलती है। साथ ही तेज ठंड व इंफेक्शन से बचाव रहता है।

**बच्चे को लगने वाले टीकों की लिस्ट बनाएं :** संक्रमण से बचाएं रखने के लिए बच्चे को सभी टीके लगने बहुत जरूरी है। इससे बच्चे का बीमारियों से बचाव रहने के साथ बेहतर विकास होने में मदद मिलती है। ऐसे में आप इसे भूलें न। आप चाहें तो इसके लिए एक लिस्ट तैयार कर सकती हैं।

**कमरे के तापमान का रखें ध्यान :** कमरे के तापमान का खास ध्यान रखें। बच्चे को ऐसे कमरे में रखें जहां सामान्य या गर्म तापमान हो। इसके अलावा कमरे की खिड़कियों व दरवाजे को बंद रखें ताकि ठंडी हवा रूम में न आएं।

**मालिश करना भी जरूरी :** बच्चे की नियमित रूप से तेल मालिश करें। इसके लिए आप ऑलिव, नारियल, बादाम तेल इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बच्चे की मांसपेशियों व हड्डियों में मजबूती आने के साथ बेहतर विकास में मदद मिलेगी।

**नहलाते समय रखें ध्यान :** वैसे तो ठंड से बच्चे को बचाने के लिए उसे डेली नहलाने की जरूरत नहीं होती है। ऐसे में आप उसे 1-2 दिन के गैप में नहा सकते हैं। मगर इस बात का ध्यान रखें कि रोजाना उसका मुंह-हाथ धुलाकर कपड़े जरूर बदल लें। इसके अलावा बच्चे को नहलाने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। साथ ही उसे गर्म कपड़े पहनाएं। उसे नहलाने के बाद हवा में ले जाने से बचें। नहीं तो बच्चे को ठंडी लग सकती है।

**कपड़े हो आरामदायक :** अक्सर महिलाएं बच्चे को ठंडी में बहुत से गर्म कपड़े पहना देती है। मगर ऐसा करना गलत है। असल में, बच्चे को आरामदायक और कमरे के तापमान के मुताबिक कपड़े पहनाने चाहिए। अगर कमरा ज्यादा गर्म है तो उसे कम कपड़े ही पहनाएं।

**बेबी प्रोडक्ट्स का कम करें इस्तेमाल :** बच्चे की स्किन सेंसिटिव होती है। ऐसे में बाजार से बच्चों के लिए बहुत से बेबी प्रोडक्ट्स मिलते हैं। मगर फिर भी सर्दियों में उसे ज्यादा बेबी साबुन, शैंम्पू और बॉडी वॉश लगाने से बचें।

**लोशन लगाना न भूलें :** स्किन में नमी बनाएं रखने के लिए रोजाना बच्चे को बेबी लोशन या क्रीम करें। इससे उसकी स्किन पोषित होने के साथ मुलायम बनी रहेगी।

# इन समस्याओं में भूलकर भी न करें मखाने का सेवन, फायदे की जगह होगा नुकसान

मखाना एक इस तरह की ड्राई फ्रूट्स है जिसका सेवन बहुत से लोग करते हैं। व्रत के अलावा भी इसे लोग खाना पसंद करते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। इसमें एंटीइंफ्लेमेटरी, एंटीबैक्टीरियल, कैल्शियम, मैग्नीशियम और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। मखाने में कैलोरी की मात्रा भी कम पाई जाती है। जिसके अनुसार, यदि आप वजन कम करना चाहते हैं तो इसे अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। परंतु कुछ लोगों के लिए मखाने का सेवन करना नुकसान दायक हो सकता है।



**गैस की समस्या में :** यदि आपको गैस बनती है तो मखाना का सेवन बिल्कुल भी न करें। क्योंकि इसमें फाइबर और प्रोटीन काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है जिसके कारण इसे पचाने में समय लगता है। गैस्ट्रिक, ब्लोटिंग या फिर पेट से जुड़ी समस्या में आपको मखाने का सेवन नहीं करना चाहिए। इसे खाने से आपकी समस्या और भी ज्यादा बढ़ सकती है।

**किडनी में स्टोन वाले मरीज को :** यदि आपकी किडनी में स्टोन है तो भी मखाने का सेवन भूलकर भी न करें। क्योंकि मखाने में कैल्शियम काफी ज्यादा मात्रा में पाया जाता है जिससे आपके शरीर में कैल्शियम की मात्रा बढ़ सकती है। कैल्शियम किडनी में पाए जाने वाले स्टोन का साइज बढ़ा सकता है।

**दस्त की समस्या में :** यदि आप दस्त से परेशान हैं तो भी मखाना न खाएं। मखाने में पाया जाने वाला फाइबर आपके लिए समस्या खड़ी कर सकता है। कब्ज में एक्सपट्र्स फाइबर से भरपूर आहार खाने की सलाह देते हैं लेकिन यदि आप दस्त से परेशान है तो भूलकर भी मखाना न खाएं। इससे आपकी समस्या बढ़ सकती है।

**दवाईयों वाले मरीज :** यदि आप किसी बीमारी की दवाई का सेवन कर रहे हैं तो भी मखाना का सेवन न करें। इससे आपकी दवाईयों का असर कम हो सकता है और आपकी समस्याएं और भी ज्यादा बढ़ सकती हैं।

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। काम का बोझ अधिक रहेगा और पूरा दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और आय वृद्धि के योग रहेंगे। व्यवसाय-धंधा अच्छा चलेगा।

**मिथुन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियां सफल रहेंगी और कारोबार से संबंधित कार्यों में धन लाभ के योग बनेंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और सहकर्मियों के सहयोग से सभी कार्यों में सफलता मिलेगा।

**सिंह राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की भी अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार में धनलाभ और नौकरी में तरक्की के योग बन रहे हैं। कार्यों में सफलता से धनलाभ की स्थिति बनेगी और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**तुला राशि :** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और आर्थिक लाभ मिलने की संभावना रहेगी। सभी कार्य निर्धारित रूप से योजना के अनुसार पूर्ण होंगे।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यावसायिक गतिविधियों में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी, लेकिन भागदौड़ और कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगा।

**धनु राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में छोटी-छोटी परेशानियां आ सकती हैं, जिससे मन व्यथित हो सकता है, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

**मकर राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी, जिससे सभी कार्य सफल होंगे। कारोबार में धनलाभ की स्थिति रहेगी। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और पूरा दिन सुख-शांतिपूर्वक बीतेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी, लेकिन अनावश्यक खर्च बढ़ने.से मन चिंतित हो सकता है।

**मीन राशि :** आज का दिन बहुत अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधे में लाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार को लेकर व्यवस्थित रूप से आर्थिक योजना बना सकेंगे।

# देश-विदेश






## न्यूज गैलरी

### जसमीत कौर बैंस ने रचा इतिहास, कैलिफोर्निया विस के लिए चुनीं गयीं

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** एक और भारतीय ने इतिहास रच दिया। जसमीत कौर बैंस ने भारत के सम्मान को और बढ़ाया। जसमीत कौर बैंस भारतीय मूल की पहली सिख महिला के रूप में कैलिफोर्निया विधानसभा के लिए चुनी गयीं। केर्न काउंटी में जसमीत कौर बैंस ने अपनी प्रतिद्वंद्वी लेटिसिया पेरेज को पराजित किया। बैंस को 10,827 मतों के साथ 58.9 प्रतिशत वोट मिला, जबकि उनकी प्रतिद्वंदी पेरेज को 7,555 वोट के साथ 41.1 प्रतिशत वोट हासिल हुआ। जसमीत कौर बैंस बेकर्सफील्ड रिकवरी सर्विसेज में चिकित्सा निदेशक हैं। जीत हासिल करने के बाद जसमीत कौर बैंस ने कहाकि, वह स्वास्थ्य सेवा, आवास, पानी की सुविधा और वायु गुणवत्ता को प्राथमिकता देंगी। कैलिफोर्निया विधानसभा के लिए चुनी गई जसमीत कौर बैंस ने अपने एक संदेश में लिखा, यह एक रोमांचक रात है, मैं शुरूआती रूझान से उत्साहित हूं और केर्न काउंटी में मिले समर्थन के लिए लोगों की आभारी हूं। उनका चुनाव क्षेत्र जिला अरविन से डेलानो तक फैला है। इसमें पूर्वी बेकर्सफील्ड का अधिकांश भाग शामिल है। जसमीत कौर बैंस के पिता ने ऑटो मैकेनिक के रूप में अपना कैरियर शुरू किया। और कार डीलरशिप के मालिक बना एक सफल व्यवसायी बनें।

### जगदीप धनखड़ कंबोडिया में ताप्रोह्म मंदिर का करेंगे उद्घाटन

**सीमरीप/कंबोडिया (एजेंसी)।** उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को यहां जीर्णोद्धार किये गये ताप्रोह्म (बाबा ब्रह्मा) मंदिर का उद्घाटन करेंगे। श्री धनखड़ कंबोडिया में आयोजित भारत आसियान और भारत पूर्व एशिया शिखर बैठक के सिलसिले में गुरुवार शाम को नामपेन्ह पहुंचे। ये बैठकें नामपेन्ह में आयोजित आसियान शिखर बैठक के साथ ही आयोजित की जा रही हैं। ताप्रोह्म मंदिर का जीर्णोद्धार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) विभाग द्वारा कंबोडिया के सरकारी एजेंसी अप्सरा नेशनल अथॉरिटी के माध्यम से किया जा रहा है। भारत इस परियोजना को यूनेस्को की संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल इस बौद्ध मंदिर के जीर्णोद्धार में 2003 से अब तक करीब 50 करोड़ रुपये खर्च कर चुका है। ताप्रोह्म परिसर के जीर्णोद्धार में शामिल एएसआई टीम के प्रमुख देवेन्द्र सिंह सूद ने भारत आसियान मीडिया संवाद कार्यक्रम के अन्तर्गत यहां आए भारतीय मीडियाकर्मियों के दल से बातचीत में कहा कि हम सीमरीप क्षेत्र में अंकोरवाट मंदिर परिसर के इस महत्वपूर्ण प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार में 2003 से आठ स्थानों पर काम कर रहे हैं जिनमें तीन चौथाई काम हो चुका है।

# ओइजा बोर्ड गेम खेल रहे 11 बच्चों की मौत, स्कूल के बाहर मिले शव

**बोगोटा (एजेंसी)।** कोलंबिया के एक स्कूल के बाहर 11 बच्चे मृत पाए गए हैं। ये बच्चे ओइजा बोर्ड गेम खेल रहे थे। डॉक्टरों का कहना है कि फूड पॉइजनिंग के कारण उन्हें उल्टी और

- मुंह से निकल रहा था झाग, मेडिकल रिपोर्ट में फूड पॉइजनिंग से मौत
- 13 से 17 साल के बच्चे, ओइजा बोर्ड गेम को लेकर भी चल रही है जांच



मांसपेशियों में दर्द का सामना करना पड़ा। कोलंबिया के हाटो में एग्रीकल्चर टेक्निकल इंस्टीट्यूट के टीचर कॉरिडोर में 11 बच्चों को मृत देखकर हैरान रह गए। इन बच्चों की उम्र 13 से 17 साल थी जिन्हें सोकोरो जिले के मैनुएला बेल्ट्रान अस्पताल ले जाया गया था। बच्चों का एक दिन इलाज चला लेकिन उनकी बीमारी के रहस्यमयी कारण ने कर्मचारियों को हैरान कर दिया। मिरर की खबर के अनुसार, यह कहा जा रहा है कि बच्चे ओइजा बोर्ड गेम खेल रहे थे। ओइजा एक बोर्ड होता है जिस पर अक्षर, संख्याएं और चिन्ह बने होते हैं। माना जाता है कि इसका इस्तेमाल मृतकों से बात करने के लिए किया जाता है। हाटो के मेयर जोस पाब्लो टोलोजा रोंडन ने कहा, 'बच्चों की मौत हो चुकी है, जब उनके शव मिले तो उनका दम घुट चुका था और उनके मुंह से झाग निकल रहा था।' उन्होंने कहा कि इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि ओइजा बोर्ड को लेकर जांच जारी है।

### बच्चों ने एक ही गिलास से पिया पानी

**अन्य** लोगों का कहना है कि उन्होंने एक ही कंटेनर से पानी पी लिया था जबकि कुछ लोग कह रहे हैं कि उन्हें कुछ खाने के लिए दिया गया था। बातचीत में पता चला है कि उन्होंने एक ही गिलास से पानी पिया था। डेल सोकोरो अस्पताल के डॉक्टर जुआन पाब्लो वर्गास नोगुएरा ने कहा कि हम एल हाटो गए और हमें 13 से 17 साल के बीच 11 मरीज मिले जिन्हें उल्टी, पेट दर्द और मांसपेशियों में ऐंठन की शिकायत थी। बच्चों की मौत और ओइजा बोर्ड के बीच कनेक्शन को लेकर डॉक्टर ने कहा कि हमें बच्चों में कोई मनोवैज्ञानिक बदलाव देखने को नहीं मिला। मेडिकल रिपोर्ट में कहा गया है कि यह फूड पॉइजनिंग के कारण हुआ।

## बेंगलुरु में दौड़ी दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस

### प्रधानमंत्री मोदी ने दिखाई हरी झंडी



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेंगलुरु के क्रांतिवीर संगोली रायण्णा (केएसआर) रेलवे स्टेशन से दक्षिण भारत की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन बेंगलुरु के रास्ते मैसूर और चेन्नई के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री ने भारत गौरव काशी दर्शन ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई, जो रेलवे की भारत गौरव ट्रेन नीति के तहत कर्नाटक के मुजराई विभाग द्वारा चलाई जाएगी। दक्षिण पश्चिम रेलवे के अनुसार, यह काशी की यात्रा करने को इच्छुक कई यात्रियों के सपने को पूरा करेगी। इस ट्रेन में यात्रा के लिए आठ दिन का एक यात्रा पैकेज उपलब्ध होगा, श्रद्धालुओं को इसमें विशेष छूट दी जाएगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक सरकार काशी विश्वनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों को अतिरिक्त पांच हजार रुपये भी देगी। यह ट्रेन वाराणसी, अयोध्या और प्रयागराज जैसे कई तीर्थ स्थल जाएगी।

## कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ समझने की विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखता भारत : राजनाथ

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत ऐसी विश्व व्यवस्था में यकीन नहीं रखता है, जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि अगर सुरक्षा वास्तव में सामूहिक उद्यम बन जाती है तो सभी के लिए फायदेमंद वैश्विक व्यवस्था बनाने की संभावना तलाशी जा सकती है। राष्ट्रीय रक्षा महाविद्यालय में एक संबोधन में उन्होंने साइबर युद्ध कौशल को लेकर आगाह किया और कहा कि इससे अहम बुनियादी ढांचों की भेदता बढ़ गयी है। सिंह ने कहा, मैं आपको बताना चाहता हूं कि हमारी सामरिक नीति का आचरण नैतिक होना चाहिए। भारत ऐसी व्यवस्था में यकीन



नहीं रखता है जहां कुछ देशों को दूसरों से श्रेष्ठ माना जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के कृत्य मानवीय समानता और प्रतिष्ठा के मूल सार द्वारा निर्देशित हैं जो हमारे प्राचीन मूल्यों तथा उसके मजबूत नैतिक आधार का हिस्सा है और हमें राजनीतिक शक्ति देते हैं। हमारा स्वतंत्रता संग्राम भी उच्च नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर आधारित था।

## ईरान ने किया हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने का दावा

**तेहरान (एजेंसी)।** एक ईरानी जनरल का दावा है कि उनके देश ने ऐसी हाइपरसोनिक मिसाइल विकसित कर ली है जो किसी भी एयर डिफेंस सिस्टम को भेद सकती है। हाइपरसोनिक मिसाइल पारंपरिक मिसाइलों की तरह ही परमाणु हथियार ढोने में सक्षम होती हैं। ये मिसाइल आवाज की गति से पांच गुना ज्यादा रफ्तार से उड़ान भर सकती हैं। इस्लामिक रेवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स की एयरोस्पेस यूनिट के कमांडर जनरल अमिराली हाजीजादेह का कहना है कि यह हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल एयर डिफेंस सिस्टम के घेरे को तोड़ने के लिए बनाई गई है। ईरान की समाचार एजेंसी फार्स ने जनरल का बयान छापा है। हाजीजादेह के मुताबिक, यह सभी एंटी मिसाइल डिफेंस सिस्टम को तोड़ने में सक्षम है। इसके साथ ही उनका यह भी कहना है कि इसे पकड़ने की क्षमता रखने वाला सिस्टम विकसित करने में दशकों लग जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा आयोग (आईएईए) के प्रमुख रफायल ग्रोसी ने मिस्र में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु सम्मेलन में इस घोषणा पर चिंता जताई है। समाचार एजेंसी एएफपी से ग्रोसी ने कहा कि हम जानते हैं कि इस तरह की घोषणाएं ध्यान बढ़ाती हैं, चिंता बढ़ाती हैं, लोगों का ध्यान ईरान के परमाणु कार्यक्रम की ओर बढ़ाती हैं। हालांकि इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वो ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर चल रही बातचीत पर इसका कोई असर नहीं होने की उम्मीद कर रहे हैं। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब बीते हफ्ते ही ईरान ने माना है कि उसने रूस को



ड्रोन दिये हैं। हालांकि, उसका यह भी कहना है कि उसने ये ड्रोन यूक्रेन की लड़ाई शुरू होने से पहले दिये। बीते महीने वॉशिंगटन पोस्ट ने खबर दी थी कि ईरान रूस में मिसाइलें भेजने की तैयारी कर रहा है। ईरान ने इस रिपोर्ट को खारिज करते हुए इसे पूरी तरह गलत बताया है। यह सारी घटनाएं तब हो रही हैं जब ईरान महसा अमीनी की हिरासत में मौत के बाद विरोध प्रदर्शनों की आंच झेल रहा है।

### इमरान ने हत्या की कोशिश के पीछे सेना अधिकारी का बताया हाथ

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने आरोप को दोहराते हुए कहा कि तीन नवंबर को उनकी हत्या की कोशिश के पीछे एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का हाथ था। श्री खान ने गुरुवार को कहा कि सेना के अधिकारी मेजर जनरल फैसल नसीर ने मेरी हत्या की योजना का मास्टरमाइंड था और उसी ने इसकी पूरी योजना बनायी थी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, श्री खान ने पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश से निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की ताकि यह पता चल सके कि देश में लोकतंत्र कमजोर नहीं हुआ है।

## चीन को चिप कंपनियां नहीं बेचेगा जर्मनी

**बर्लिन (एजेंसी)।** चीनी कंपनी साई माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स जर्मन कंपनी एल्मोस के डॉर्टमुंड फैक्ट्री को खरीदने वाली थी। साई माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स इसे सहायक स्वीडिश कंपनी सिलेक्स के जरिये खरीदना चाहती थी। अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने अधिग्रहण को खारिज कर दिया क्योंकि खरीद जर्मनी की व्यवस्था और सुरक्षा को खतरे में डाल सकती है। दूसरा अधिग्रहण जिसे रोका गया, वह बवेरिया का ईआरएस इलेक्ट्रॉनिक है, जो वेफर मैन्यूफैक्चरर को कूलिंग तकनीक मुहैया कराता है। जर्मनी के आर्थिक मामलों के मंत्री रॉबर्ट हाबेक ने कहा है कि हमें कंपनी के अधिग्रहण पर बहुत बारीकी से नजर रखनी चाहिए जब यह अहम बुनियादी ढांचे से जुड़ा हो या जब टेक्नोलॉजी के गैर-यूरोपीय संघ के देशों के खरीदारों तक जाने का कोई खतरा हो। एल्मोस और सिलेक्स ने इस फैसले पर खेद जताया है। एल्मोस ने कहा कि यह सौदा यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में सेमीकंडक्टर के उत्पादन को मजबूत करता। कंपनी कानूनी कार्रवाई पर विचार कर रहा है, क्योंकि अधिग्रहण पर रोक की घोषणा समीक्षा अवधि के खत्म होने से पहले और कंपनियों को सुनवाई का मौका दिये बिना की गयी। एल्मोस मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल पुर्जे बनाती है। सिलेक्स इसे 8.5 करोड़ यूरो में खरीदना चाह रहा था। जर्मनी में बीजिंग पर ज्यादा निर्भरता और चीन से जुड़ी कंपनियों के हाथों में अहम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट जाने को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। यूक्रेन पर रूस के हमले और उसके बाद यूरोप के गैस आपूर्ति में कमी ने चिंताओं को और बढ़ा दिया है।




# कोविड से भी ज्यादा और कैंसर के बराबर जानलेवा है जलवायु

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** कोविड से भी ज्यादा और कैंसर के बराबर जानलेवा। इंसानी सेहत पर जलवायु परिवर्तन के असर का जांच रहे वैज्ञानिक तुरंत कार्बन उत्सर्जन घटाने की मांग कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि जलवायु परिवर्तन इंसान की सेहत के लिए अब तक का सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। डब्ल्यूएचओ ने मिस्त्र के शर्म अल शेख शहर में हो रहे विश्व जलवायु सम्मेलन, सीओपी27 में इस मुद्दे को केंद्र में रखने की मांग की है। विशेषज्ञों के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन कई तरह से इंसान पर असर डालता है। बेहताशा गर्मी, पानी की कमी, बाढ़ जनित बीमारियां और वायु प्रदूषण, ये सारे कारक मानव स्वास्थ्य को अलग-अलग तरीके प्रभावित करते हैं।

### मौतों का आंकड़ा बढ़ाएगा जलवायु परिवर्तन




**डब्ल्यूएचओ** का दावा है है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से 2030 से 2050 के बीच, हर साल ढाई लाख मौतें ज्यादा होंगी। इनमें से ज्यादातर लोग कुपोषण, मलेरिया, डायरिया और गर्मी की वजह से जान गंवाएंगे। ग्लोबल क्लाइमेट एंड हेल्थ अलायंस नाम के एनजीओ की पॉलिसी लीड अधिकारी जेस बीग्ली कहती हैं, मौत का यह आंकड़ा बहुत ही संकुचित अनुमान है। वह कहती हैं कि जैसे जैसे जलवायु परिवर्तन का असर बुरा होता जाएगा, वैसे वैसे हम इंसानी सेहत के सामने बढ़ते खतरे देखेंगे। संयुक्त राष्ट्र के जलवायु विशेषज्ञों के पैनल, आईपीसीसी के मुताबिक दुनिया भर में फिलहाल करीब 70 फीसदी मौतें बीमारियों से होती हैं। ग्लोबल वॉर्मिंग इस तस्वीर को और भयावह बनाएगी।

**असहनीय माहौल में जीवन :** दुनिया के कई हिस्सों में बीते 50 साल में कई बार सूखा पड़ा है। सूखा भोजन के साथ साथ पीने के पानी का भी संकट खड़ा कर रहा है। 2020 में ही दुनिया में खाद्यान्न की कमी से जूझने वाले लोगों की संख्या में 10 करोड़ का इजाफा हुआ है। दूसरी तरफ 2020 में दुनिया भर में वायु प्रदूषण के कारण 33 लाख लोगों की मौत हुई। इनमें से 12 लाख मौतें तो सीधे जीवाश्म ईंधन से होने वाले उत्सर्जन की वजह से हुईं। यह दावा द लैंसेट काउंटडाउन की रिपोर्ट का है। वैज्ञानिक चेतावनी दे रहे हैं कि गर्म होती दुनिया में बीमारियां दूर-दूर तक फैलेंगी। उदाहरण के लिए, गर्म होते यूरोप, रूस और कनाडा में मच्छर पहुंचने लगे हैं।

## स्थानीय नीति नियोजन व आरक्षण नीति का ध्वनिमत से सदन से पारित होना ऐतिहासिक : नायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** स्थानीय नीति नियोजन नीति एवं आरक्षण नीति का ध्वनिमत से सदन से पारित होना झारखंडी दलित आदिवासी मूलवासी समाज के लिए ऐतिहासिक दिन साबित हुआ और शुक्रवार का दिन झारखंड के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों पर लिखा जाएगा। उपरोक्त बातें आज झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष हटिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने सदन में दोनों विधेयक का ध्वनिमत से पारित होने पर आज अपनी प्रतिक्रिया में कहीं। उन्होंने हेमंत सरकार को बधाई देते हुए कहा कि जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार 20 वर्षों तक झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के हक और अधिकार को दबाकर रखा था उसको हेमंत सोरेन की सरकार ने उनके हक और अधिकार को देने का काम किया इसके लिए झारखंडी सूचना अधिकार मंच एवं समस्त झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज उनको इस कार्य के लिए बधाई देता है। श्री नायक में आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय सरकार सदन से पारित दोनों विधेयक जो झारखंड की जनता की मूल आत्मा से जुड़ी हुई है उनके भावनाओं के साथ जुड़ी हुई है उन दोनों विधेयक को अविलंब केंद्र की सरकार कानून बनाकर नवीं अनुसूची में अविलंब डालने का काम करें। अगर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की सरकार अगर इन दोनों कानूनों को अगर नहीं पारित करती है तो आने वाले लोकसभा के चुनाव में विधानसभा के चुनाव में झारखंड से उनका सुपारा साफ करने के लिए झारखंडी समाज कमर कस चुकी है।

## सेल में कर्मचारियों को दिलाई गई गुणवत्ता की शपथ

**रांची।** विश्व गुणवत्ता दिवस पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फोर आयरन एंड स्टील सेल रांची में समारोह हुआ। मौके पर गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में कार्यकारी निदेशक आरडीसीआईएस एन बनर्जी, कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) ए चक्रवर्ती व मुख्य महाप्रबंधक (आरटी) पी पाठक ने गुणवत्ता ध्वज फहराया। कर्मचारियों को गुणवत्ता की शपथ दिलाई। वहीं, एन बनर्जी ने ग्राहकों के लिए उपलब्ध कई विकल्पों को देखते हुए गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया।

## पृष्ठ एक के शेष

**1932 खतियान के आधार पर राज्य में...**

अन्य ऋण पर विशेषाधिकार और संरक्षण प्राप्त होगा। खतियान आधारित संबंधित इस विधेयक को पारित कराने के साथ ही भविष्य में आनेवाली अन्य कठिन को दूर करने का रास्ता भी इस विधेयक के माध्यम से ही निकाल लिया गया है। इस विधेयक में प्रावधान किया गया है कि स्थानीय व्यक्ति को ही राज्य सरकार के वर्ग-3 और वर्ग-4 पदों के लिए विरुद्ध नियुक्ति के लिए पात्र माना जायेगा। झारखंड पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2022 और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति से संबंधित विधेयक को लेकर सदन में कुछ संशोधन और सुझाव भी सदस्यों की ओर से आये, लेकिन उन्हें अमान्य कर दिया गया। विधेयक को प्रवर समिति को भेजने का भी प्रस्ताव आया, लेकिन किसी भी प्रस्ताव को मानने से सरकार ने इंकार कर दिया। विधानसभा के विशेष सत्र में दोनों विधेयकों के पारित होने के बाद स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सत्र की कार्यवाही को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया।

**मुख्यमंत्री का केंद्रीय सरना समिति...**

जश्न मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड और झारखंडवासियों के मान-सम्मान और अस्मिता के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इन दोनों विधेयकों को पारित कर हमारी सरकार आदिवासियों-मूलवासियों को उनका हक और अधिकार देने का कार्य किया है। झारखंड विकास के रास्ते पर आगे बढ़ चुका है और यह सिलसिला नहीं थमेगा।

**पूरे झारखंड के लिए आज का दिन...**

गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी और मूलवासियों को उनका अधिकार देने के साथ यहां रह रहे सभी लोगों के हितों का भी पूरा ख्याल और संरक्षण किया जायेगा।

**यूपीए के विधायकों ने प्रदर्शित की एकजुटता : रांची।** विधानसभा के मुख्य गेट पर यूपीए के विधायकों ने शुक्रवार को अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि झारखंड को हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे। जो वादा सरकार ने किया था उसे पूरा किया जा रहा है। झारखंड की पहचान 1932 की खतियान है और हम इसे लागू करने जा रहे हैं। इस दौरान झामुमो, कांग्रेस और राजद के विधायक हाथों में तख्तियां लेकर खड़े थे।

**सुप्रीम कोर्ट ने जदयू-राजद गठबंधन...**

सरासर उल्लंघन है। नीतीश कुमार को सुप्रीम कोर्ट तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने का आदेश जारी करे। याचिकाकर्ता का कहना था कि चुनाव बाद हुए इस गठबंधन को अदालत फ्रॉड घोषित करे। ऐसी पार्टियों के लिए शीर्ष अदालत दिशा-निर्देश जारी करे जो करप्ट और हॉर्स ट्रेडिंग की राजनीति में लिप्त हैं। उनकी मांग थी कि सुप्रीम कोर्ट संसद को आदेश जारी करे, जिससे एक ऐसा कानून बनाया जा सके जिसमें चुनाव से पहले हुए गठबंधन पैसे और बाहुबल के इस्तेमाल से न तोड़े जा सकें। उनकी दलील थी कि सत्ता के लालची नेता अपने फायदे के लिए चुनाव पूर्व किये गठबंधन तोड़कर अपनी मर्जी से गठजोड़ कर लेते हैं। याचिका में संसद को ये भी निर्देश देने के लिए कहा गया था कि वो संविधान की 10वीं अनुसूची में व्यापक फेरबदल करे, जिससे इस तरह के मौकापरस्त गठबंधनों के होने का रास्ता बंद हो सके। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के एक वरिष्ठ वकील का कहना है कि इस याचिका पर यदि नीतीश कुमार सरकार बर्खास्त हुई होती, तो इसके आधार पर शिवराज सरकार, शिंदे सरकार सहित पूर्वोत्तर भारत के कई सरकारों को बर्खास्त करने की नौबत आ सकती थी।

**जेजेएमपी का उग्रवादी पिस्टल के...**

के पास से 9 एमएम की एक पिस्तौल, 9 जिंदा गोली 4 मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

**छापामारी अभियान में शामिल** : पुअनि दीपक नारायण सिंह, धर्मेंद्र कुमार महतो , मोहम्मद शाहरुख व लातेहार थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

**ज्ञानवापी परिसर के शिवलिंग का...**

आयुक्त की कार्रवाई की मांग पर आपत्ति के लिए समय मांगा था। जिला जज ने इस पर 100 रुपये का जुर्माना सुनाते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए दो नवम्बर की तारीख दे दी थी। वहीं, इसके पहले श्रृंगार गौरी मामले में पक्षकार के लिए आये सभी आवेदनों को कोर्ट ने खारिज कर दिया था। ज्ञानवापी परिसर के लिए राखी सिंह सहित पांच महिलाओं ने याचिका डाली थी। ज्ञानवापी परिसर में सर्वे के दौरान मिले शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग खारिज हो गयी थी। राखी सिंह सहित पांचो वादी महिलाओं ने अब एक बार फिर से ज्ञानवापी परिसर के सर्वे की मांग की थी। इन महिलाओं के इस प्रार्थना पत्र को 17 मई को अदालत के सामने रखा गया था। इन पांचों महिलाओं की दी गयी याचिका में कहा गया है कि 16 मई को कमीशन की कार्यवाही के दौरान सर्वे में मिले शिवलिंग को पूरब की ओर दीवार में दरवाजे को ईंट से ढका गया है। वहीं, तहखाने में नंदी के सामने ये मलबा रखा गया है और उत्तर दिशा की ओर भी एक दीवार बनायी गयी है। इसमें उन्होंने मांग की है कि दीवार व मलबे को हटाकर शिवलिंग की ऊंचाई, लंबाई व चौड़ाई के साथ ही तहखानों में सर्वे की कार्रवाई की जाये।

**सभी छह दाषियों को रिहा का...**

गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरुंबदूर में एक चुनावी सभा के दौरान हत्या कर दी गयी थी। इसके लिये धानु नाम की एक महिला आत्मघाती हमलावर का इस्तेमाल किया गया था।

### कांग्रेस जनों ने पटाखे फोड़कर व मिठाईयां बांटकर मनाया जश्न

# ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड में 1932 का खतियान ही स्थानीयता का आधार होगा. महागठबंधन की सरकार ने शुक्रवार 11 नवम्बर, 2022 को इस बिल को विधानसभा से पारित करा लिया। इस ऐतिहासिक निर्णय पर शुक्रवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की उपस्थिति में कांग्रेस जनों ने पटाखे फोडकर, मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि 1932 खतियान आधारित



स्थानीयता नीति के लिए राज्य की जनता पिछले 22 वर्षों से इंतजार कर रही थी इसका विधानसभा द्वारा पास होना हमारे लिए गर्व एवं हर्ष का विषय है। इसके साथ ही हमने सरकार में रहकर ओबीसी आरक्षण के लिए जो संघर्ष और आंदोलन किया था उसका परिणाम भी आज आया कि झारखंड के ओबीसी वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव भी आम सहमति से पारित कर दिया गया। यह सीधे-सीधे जन सरोकार से जुड़ा हुआ मामला था जिसका पिछले 22 वर्षों से झारखंड वासियों को इंतजार था यह एक बेहद महत्वपूर्ण ऐतिहासिक फैसला है। हमारी सरकार के इस निर्णय से राज्य के युवाओं को रोजगार के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। 1932 आधारित खतियान पर आधारित स्थानीयता नीति कैबिनेट द्वारा पारित किए जाने पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सतीश पॉल मुंजनी ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे राज्य के युवाओं और जनता को सीधा लाभ होगा।

## सेल में कर्मचारियों को दिलाई गई गुणवत्ता की शपथ

**रांची।** विश्व गुणवत्ता दिवस पर रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर फोर आयरन एंड स्टील सेल रांची में समारोह हुआ। मौके पर गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में कार्यकारी निदेशक आरडीसीआईएस एन बनर्जी, कार्यकारी निदेशक (एसएसओ) ए चक्रवर्ती व मुख्य महाप्रबंधक (आरटी) पी पाठक ने गुणवत्ता ध्वज फहराया। कर्मचारियों को गुणवत्ता की शपथ दिलाई। वहीं, एन बनर्जी ने ग्राहकों के लिए उपलब्ध कई विकल्पों को देखते हुए गुणवत्ता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लोगों से कंपनी के लिए एक ब्रांड वैल्यू बनाने और अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए गुणवत्ता अभियान जारी रखने को कहा।

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

40वीं औपबंधिक सूची
जिला:-लोहरदगा

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 1. आवेदन क्रमांक :- 351<br>2. आवेदक का नाम :-सन्त कुमार उराँव<br>3. पिता का नाम :-स्व0 नथुवा उराँव उर्फ मसीह उराँव<br>4. ग्राम :-हुदु<br>5. पोस्ट:-गितिलगढ़<br>6. प्रखण्ड :-कैरो<br>7. थाना :-कैरो<br>8. लिंग :- पुरूष<br>9. पहचान चिह्न:-सिर में घाव का चिन्ह।<br>10. आयु :-48 वर्ष | लोहरदगा थाना काण्ड सं0-124/87 जी0आर0 323/87 | नहीं | कारण:-19.11.1987 को झारखण्ड बंद के अवसर पर निषेधाज्ञा उल्लंघन करने का आरोप धारा-188 भा0द0वि0 पार्टी का नाम-आजसू जेल की अवधि-04 दिन | कंडिका-02 (viii)(a) |
| 2. | 1 आवेदन क्रमांक :- 136<br>2 आवेदक का नाम : राजु उराँव<br>3 पिता का नाम :- स्व0 कोकिल उराँव<br>4 ग्राम :-पावरगंज चौक, उराँव सोकड़ा, न्यू रोड<br>5 पोस्ट:- लोहरदगा<br>6 प्रखण्ड :लोहरदगा<br>7 थाना :-लोहरदगा<br>8 लिंग :- पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-पेट में गोली का जख्म का निशान<br>10 आयु :- 43 वर्ष | लोहरदगा थाना काण्ड सं0-190/92 | नहीं | कारण:-दिनांक 23.11.1992 को झारखण्ड बंद की तिथि को पुलिसकर्मियों पर गोली चलाना एवं अवैध आग्नेयास्त्र के साथ इकठ्ठे होने का आरोप। धारा-399, 402, 307, 332 भा0द0वि0 पार्टी का नाम-आजसू जेल की अवधि-14 दिन | कंडिका-02 (viii)(a) |
| 3. | 1 आवेदन क्रमांक :- 549<br>2 आवेदक का नाम :-राजु गुप्ता<br>3 पिता का नाम :-बजरंग साहु<br>4 ग्राम :-तिसीया<br>5 पोस्ट:-तिसीया,<br>6 प्रखण्ड :किस्को<br>7 थाना :-किस्को<br>8 लिंग :- पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-दाहिने कान के नीचे तिल का निशान<br>10 आयु :- 53 वर्ष | किस्को थाना दैनिकी सं0-175, 188 दि0 09.06.1989 | नहीं | कारण:- 09.06.1989 को झारखण्ड बंद के अवसर पर विधि-व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा-3/4 वि0पदा0अधिक पार्टी-अन्य | 2(ix) |
| 4. | 1 आवेदन क्रमांक :- 397<br>2 आवेदक का नाम :- साजीद अहमद<br>3 पिता का नाम :- स्व0 सेराज अहमद<br>4 ग्राम :-पावरगंज<br>5 पोस्ट:-लोहरदगा<br>6 प्रखण्ड :लोहरदगा<br>7 थाना :-लोहरदगा<br>8 लिंग :- पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-अंकित नही।<br>10 आयु :- 55 वर्ष | लोहरदगा थाना अप्राथ0 सं0-102/92 अनु0दण्डा0 लोहरदगा एम-544/92 | नहीं | कारण:-दिनांक-24.11.1992 को सम्पूर्ण झारखण्ड बंद के अवसर पर विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा-107 द0प्र0स0 पार्टी-आजसू | 2(ix) |
| 5. | 1 आवेदन क्रमांक :- 398<br>2 आवेदक का नाम :- प्रवीण कुमार जयसवाल<br>3 पिता का नाम :- स्व0 महेश प्रसाद<br>4 ग्राम :-मिशन चौक, लोहरदगा<br>5 पोस्ट:-लोहरदगा<br>6 प्रखण्ड :लोहरदगा<br>7 थाना :-लोहरदगा<br>8 लिंग :- पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-अंकित नहीं।<br>10 आयु :- 54 वर्ष | लेहरदगा थाना अप्राथ0 सं0-102/92 अनु0दण्डा0 लोहरदगा एम-544/92 | नहीं | कारण:-दिनांक-24.11.1992 को सम्पूर्ण झारखण्ड बंद के अवसर पर विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप। धारा-107 द0प्र0स0 पार्टी-आजसू | 2(ix) |
| 6. | 1 आवेदन क्रमांक :- 348<br>2 आवेदक का नाम :- फुलदेव उराँव<br>3 पिता का नाम :- स्व0 डहरू उराँव<br>4 ग्राम :-टोडाँग<br>5 पोस्ट:-हनहट<br>6 प्रखण्ड :लोहरदगा<br>7 थाना :-कुडू<br>8 लिंग :- पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-दाँये पैर में घाव का निशान<br>10 आयु :- 55 वर्ष | अनु0दण्डा0 लोहरदगा एम0 158/89 | नहीं | कारण:-दिनांक 20.04.1989 को झारखण्ड को झारखण्ड बंद के दौरान विधि-व्यवस्था भंग करने का आरोप | 2(ix) |
| 7. | 1 डायरी सं0 :- 783<br>2 आवेदक का नाम :-रतिया उराँव<br>3 पिता का नाम :- घुडु उराँव<br>4 ग्राम :-वनसीरी<br>5 पोस्ट:- सेन्हा<br>6 प्रखण्ड : सेन्हा<br>7 थाना :-सेन्हा<br>8 लिंग : अंकित नहीं<br>9 पहचान चिह्न:-अंकित नहीं<br>10 आयु :- अंकित नहीं | सेन्हा थाना अप्राथ0सं0-46/89 अनु0दण्डा0 लोहरदगा एम0-251/89 | नहीं | कारण:- दिनांक-09.06.1989 को बंद के अवसर पर विधि व्यवस्था भंग करने का आरोप धारा-107 द0प्र0स0 पार्टी का नाम-झामुमो | 2(ix) |
| 8. | 1 डायरी सं0 :- 733 (1)<br>2 आवेदक का नाम :-अजित महतो<br>3 पिता का नाम- स्व0 रामदयाल महतो<br>4 ग्राम :-लोहरदगा<br>5 पोस्ट:- लोहरदगा<br>6 प्रखण्ड :लोहरदगा<br>7 थाना :-लोहरदगा<br>8 लिंग :-पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-दाहिने हाथ में तिल का निशान<br>10 आयु :-53 वर्ष | नहीं | नहीं | कारण:-झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम के आधार पर पार्टी का नाम-राजद | 2(ix) |
| 9. | 1 डायरी सं0 :- 733 (2)<br>2 आवेदक का नाम :-शम्भू कुमार सिन्हा<br>3 पिता का नाम- स्व0 जगदीश प्रसाद<br>4 ग्राम :-बीर शिवाजी चौक, न्यू रोड, लोहरदगा<br>5 पोस्ट:- लोहरदगा<br>6 प्रखण्ड :लोहरदगा<br>7 थाना :-लोहरदगा<br>8 लिंग :-पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-सीने में तिल का निशान<br>10 आयु :-54 वर्ष | नहीं | नहीं | कारण:-झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम के आधार पर पार्टी का नाम-राजद | 2(ix) |
| 10. | 1. डायरी सं0 :- :- 733 (3)<br>2 आवेदक का नाम :-विवेक केडिया<br>3 पिता का नाम- स्व0 विनय कुमार केडिया<br>4. ग्राम :- सृष्टि चौक, मेन रोड़<br>5 पोस्ट:- लोहरदगा<br>6 प्रखण्ड :लोहरदगा<br>7 थाना :-लोहरदगा<br>8 लिंग :-पुरूष<br>9 पहचान चिह्न:-बाँये पैर में लाल दाग का निशान<br>10 आयु :-50 वर्ष | नहीं | नहीं | कारण:-झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन में नाम के आधार पर पार्टी का नाम-राजद | 2(ix) |

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र ब0 तामांग)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

नोट :- 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

(नरसिंह मुर्मू) सदस्य (भुवनेश्वर महतो) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR 281981 Home(22-23).D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू

### ई0टेन्डर अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना
### ई0-निविदा संख्या-EE/RDSD/PALAMAU-06/2022-23

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | निविदा शुल्क रू0 | अग्रधन की राशि रू0 | कार्य पूर्ण करने के समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | पलामू हरिहरगंज के प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1281267.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |
| 2. | पलामू नावा बाजार के प्रखण्ड-सह- अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1281267.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |
| 3. | पलामू पीपरा के प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1281909.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |
| 4. | पलामू तरहसी के प्रखण्ड-सह-अंचल कार्यालय भवन एवं संबंधित आवासीय भवन का मरम्मति निर्माण कार्य। | 1280684.00 | 2500.00 | 25700.00 | 02 माह। |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 14.11.2022
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 23.11.2022 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के प्रतिनिधि द्वारा पुलिस अधीक्षक के कार्यालय परिसर में के कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ, पत्र के मूल प्रति एवं अपलोड किये गये योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि एवं समय 24.11.2022 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.11.2022 अपराह्न 02.00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रममण्डल, पलामू।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-9304798195
7. निविदा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट/बैकर्स चेक के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू के पक्ष में, जो भारतीय स्टेट बैंक डालटनगंज शाखा में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।
8. निविदादाता के यू-केन रजिस्ट्रेशन की फोटोकॉपी अपलोड़ करना अनिवार्य है।
9. Form of Bid and Bill of Quantity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता की निविदा अमान्य समझा जायेगा।
10. प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **Jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

PR.NO.282043 Rural Development(22-23):D

## झारखण्ड सरकार
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

40 वीं औपबंधिक सूची
जिला:-पलामू

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | काण्ड/वाद संख्या | झारखण्ड आन्दोलन के सेनानी पुस्तक में नाम अंकित है अथवा नही | आन्दोलनकारी होने का संक्षिप्त कारण | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के संकल्प संख्या-1938, दिनांक-20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1. आवेदन क्र0-410<br>2. आवेदक का नाम-रमेश प्रसाद<br>3. पिता का नाम- स्व0 लक्ष्मी प्रसाद<br>4. ग्राम-रेड़मा रांची रोड़<br>5. पो0-डालटनगंज<br>6. थाना-मेदिनीनगर (डालटनगंज)<br>7. प्रखण्ड-मेदिनीनगर<br>8. लिंग-पुरूष<br>9. पहचान चिन्ह-ललाट पर कटे का निशान।<br>10. आयु-75 वर्ष | नहीं | नहीं | कारण :- झारखण्ड आन्दोलन से संबंधित अखबार कतरन के आधार पर। पार्टी का नाम-झापा | कंडिका-02(**ix**) |

नोट :- 1. सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि यथा नाम, पिता का नाम, पूरा पता, लिंग, आयु, पहचान चिह्न, केस/वाद सं0, झा0 आंदोलन के सेनानी पुस्तिका, कारण, जेल अवधि आदि में पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं और यदि जेल गये हैं तो उसका प्रमाण पत्र/आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध करावें।
2. जिन आवेदकों का चिन्हितीकरण अखबार कतरन/बैठक पंजी/सदस्यता प्रमाण पत्र के आधार पर किया गया है, वे सम्पुष्टिकरण से पूर्व उक्त कागजात को सक्षम पदाधिकारी से अभिप्रमाणित कर, इसमें नाम होने के आशय का शपथ पत्र अवश्य रूप से उपलब्ध करावें।

चिन्हित/जाँच करने वाले पदाधिकारियों/कर्मियों का हस्ताक्षर।
(क्षेत्र ब0 तामांग)
उपरोक्त का टंकण एवं मिलान मेरे द्वारा किया गया है।

(भुवनेश्वर महतो) सदस्य (नरसिंह मुर्मू) सदस्य (दुर्गा उराँव) अध्यक्ष

PR.NO.281982 Home(22-23):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

### अल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना
### ई- निविदा सूचना संख्या - EE/RDSD/PALAMAU-08/2022-23

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:-

| क्र०सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर - पिताम्बरपुर अन्तर्गत पंचायत जामुडीह के ग्राम बौराखाड़ से अमवाखूर्द को जोड़ने वाला पिरी नदी पर पुल निर्माण। | 28868000.00 | 577500.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि - 14.11.2022
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय - 29.11.2022 अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू/मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, Bank Credit Certificate एवं Affidavit जमा करने की तिथि एवं समय 30.11.2022 अपराह्न 05:00 बजे तक
5. निविदा खोलने का स्थान - मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रक्षेत्र, एफ0 एफ0 पी0 भवन, धुर्वा, राँची
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय -01.12.2022 अपराह्न 2:00 बजे
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 9304798195 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
9. निविदा शुल्क राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट या बैकर्स चेक जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू के पदनाम से देय हो देना होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
पलामू

PR282093 (Rural Development)22-23*D

## कोहली ने इंग्लैंड से हार के बाद किया भावुक ट्वीट

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारत के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली ने टी-20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली हार के बाद शुक्रवार को कहा कि भले ही वह निराश होकर ऑस्ट्रेलिया से जा रहे हैं, लेकिन एक टीम के रूप में वे यहां से और बेहतर होने का प्रयास करेंगे। कोहली ने भावुक ट्वीट साझा करते हुए कहा कि हम अपने सपने को हासिल किये बिना और अपने दिलों में निराशा लिये ऑस्ट्रेलिया छोड़कर जा रहें हैं, लेकिन हम एक टीम के रूप में कई यादगार पलों को अपने साथ समेट कर ले जा सकते हैं और यहां से बेहतर होने की कोशिश कर सकते हैं। कोहली ने अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारी संख्या में स्टेडियम आकर हमारा समर्थन करने के लिए सभी प्रशंसकों का शुक्रिया। यह जर्सी पहनकर अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए हमेशा गर्व होता है। उल्लेखनीय है कि भारत को टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड के हाथों 10 विकेट की हार का सामना करना पड़ा। भारत ने इंग्लैंड को 169 रन का लक्ष्य दिया था जिसे इंग्लैंड ने बिना विकेट गंवाए 16 ओवर में हासिल कर लिया।

## वेस्ट मिडलैंड करेगा कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** विश्व कबड्डी महासंघ (डब्ल्यूकेएफ) द्वारा आयोजित कबड्डी विश्व कप का आयोजन पहली बार एशिया से बाहर, इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड में किया जाएगा। डब्ल्यूकेएफ के अध्यक्ष अशोक दास ने शुक्रवार को यह घोषणा की। दास ने बताया कि कबड्डी विश्व कप 2025 का आयोजन साल की पहली तिमाही में होगा जहां भारत, पाकिस्तान और ईरान सहित कई देश अपनी दावेदारी पेश करेंगे। दास ने कहा कि ब्रिटेन के वेस्ट मिडलैंड में कबड्डी विश्व कप के आयोजन का फैसला एकदम खरा है और यूरोप में इस खेल के विस्तार तथा वैश्विक वृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि कबड्डी हर किसी के लिए है, चाहे उसका लिंग, उम्र या सामाजिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो। जैसा कि हमने इस साल ब्रिटिश कबड्डी लीग के लॉन्च में देखा, वेस्ट मिडलैंड ऐसा क्षेत्र है जो सकारात्मक सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देता है।

## मुकुल की तिकड़ी से टाइगर्स की जीत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** मैन ऑफ द मैच मुकुल शर्मा की शानदार तिकड़ी की मदद से दिल्ली टाइगर्स ने जगुआर को 3-0 से हरा कर फुटबाल दिल्ली सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए एकतरफा मैच में मुकुल ने सातवें, 61वें और 79वें मिनट में गोल जमाए। सीनियर डिवीजन लीग में शनिवार को खेले जाने वाले मैचों में दिल्ली यूनाइटेड को नेशनल यूनाइटेड से 11:30 बजे और यूनाइटेड भारत को शास्त्री एफसी से 2:30 बजे खेलना है।

## सुमित, गोविंद ने एशियाई चैंपियनशिप में जीते कांस्य

**अम्मान/जॉर्डन (एजेंसी)।** थाईलैंड ओपन 2022 के चैंपियन सुमित और गोविंद कुमार साहनी ने एएसबीसी एशियाई एलीट मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गुरुवार को अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हारकर कांस्य पदक से संतोष किया। गोविंद को पुरुषों के 48 किग्रा सेमीफाइनल में कजाकस्तान के संजर ताशकेनबे के हाथों हार का सामना करना पड़ा। भारतीय मुक्केबाज ने पहले राउंड में ताशकेनबे के कई वार रोके, लेकिन यूथ विश्व चैंपियनशिप 2021 के गोल्ड मेडलिस्ट ताशकेनबे ने अगले दो राउंड में वापसी करके बाउट जीत लिया।

# अब इंडिया की टी-20 टीम में नहीं दिखेंगे रोहित और विराट !

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा समेत खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर उंगलिया उठ रही हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2022 में भारतीय टीम के प्रदर्शन को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड अब कड़े फैसले लेने जा रहा है। भारत की टी-20 टीम में अगले 24 माह में बड़े बदलाव होंगे। बीसीसीआई के सूत्रों की मानें तो वह कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ियों को धीरे-धीरे टीम से बाहर करने की प्लानिंग पर काम कर रहा है।

टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में मिली करारी हार के बाद ऐसा लगता है कि दिनेश कार्तिक और रविचंद्रन अश्विन क्रिकेट सबसे छोटे फॉर्मेट में अपने आखिरी मुकाबले खेल चुके हैं। जबकि विराट कोहली और रोहित शर्मा के टी-20 भविष्य को लेकर बीसीसीआई फैसले की जिम्मेदारी उन पर ही छोड़ेगा। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद परेशान नजर आ रहे रोहित शर्मा का कोच राहुल द्रविड़ ने बचाव किया है। हालांकि अभी अगला टी-20 वर्ल्ड कप दो साल दूर है और क्रिकेट के जानकारों की मानें तो इससे पहले हार्दिक पांड्या की अगुआई में एक नई टीम तैयार की जाएगी। क्योंकि वही एक ऐसे हैं, जो लंबे समय तक कप्तानी कर सकते हैं।

### बीसीसीआई लेने जा रहा बड़ा फैसला



### बीसीसीआई सूत्र का बड़ा खुलासा

**मीडिया** रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं खोलने की शर्त पर बताया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड कभी किसी को संन्यास लेने के लिए नहीं कहता। यह व्यक्तिगत फैसला है, लेकिन 2023 के टी-20 मैचों की जगह सीनियर खिलाड़ी वनडे और टेस्ट पर ध्यान केंद्रित करेंगे। इस तरह अगले साल सीनियर खिलाड़ी टी-20 खेलते नजर नहीं आएंगे। इसलिए आगामी समय में रोहित शर्मा और विराट कोहली का टी-20 टीम में बने रहना मुश्किल नजर आ रहा है।




### सुनील गावस्कर ने भी दिये संकेत

**भारत** के दिग्गज खिलाड़ी रहे सुनील गावस्कर ने भी टीम इंडिया में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि कप्तान के रूप में पहले ही प्रयास में आईपीएल की ट्रॉफी जीतने के बाद उन्होंने हार्दिक को टीम इंडिया के अगले कप्तान के रूप में चुना है। उन्होंने कहा कि हार्दिक पांड्या निश्चित रूप से भविष्य में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे। क्योंकि कुछ खिलाड़ी जल्द ही रिटायर होंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम में 35 की उम्र वाले कई खिलाड़ी हैं, जिन्हें अब टी-20 टीम में खुद की पोजिशन को लेकर पुनर्विचार करना होगा।

# टी-20 वर्ल्ड कप : 30 साल बाद विश्व कप फाइनल में भिड़ेंगे इंग्लैंड और पाकिस्तान

**मेलबर्न (एजेंसी)।** पाकिस्तान की टीम ने 1992 में मेलबर्न क्रिकेट मैदान पर इंग्लैंड को हराकर अपना पहला वैश्विक खिताब जीता था। मौजूदा टी-20 विश्व कप के फाइनल में उसके पास इस परिणाम को दोहराने का मौका होगा तो वहीं इंग्लैंड की टीम 30 साल पहले की कसक को पूरा करना चाहेगी। दोनों टीमों ने टी-20 विश्व कप खिताब को एक-एक बार जीता है।

**फाइनल से पहले पाकिस्तान के लिए बुरी खबर :** आईसीसी टी-20 विश्व कप 2022 का फाइनल 13 नवमबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा, जहां पाकिस्तान जीत हासिल कर दूसरी बार ट्रॉफी उठाना चाहेगा। हालांकि, पाक खेमे के लिए बुरी खबर भी सामने आई है, जो उनकी उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। दरअसल, इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच होनेवाले फाइनल और अगले दिन रिजर्व डे दोनों दिनों में बारिश का खतरा मंडरा रहा है जिससे इन दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया जा सकता है। इस समय मेलबर्न में रविवार को बारिश की 95 प्रतिशत संभावना है जिसमें 25 मिली मीटर तक बारिश हो सकती है। ईएसपीएन क्रिकइंफो की खबर के अनुसार मौसम विभाग का कहना है कि बारिश आने की संभावना बहुत ज्यादा है। गरज के साथ तेज बारिश पड़ने की संभावना काफी अधिक है।

### प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए आईसीसी ने नौ खिलाड़ियों के नाम किये शॉर्टलिस्ट



**मेलबर्न (एजेंसी)।** आईसीसी ने ऑस्ट्रेलिया में चल रहे आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए नौ सदस्यीय शॉर्टलिस्ट का ऐलान किया है। फाइनल 13 नवम्बर को प्रतिष्ठित एमसीजी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा, जिसमें दोनों पक्षों के कुल पांच खिलाड़ी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के पुरस्कार के लिए नामांकित होंगे। फैंस 9 खिलाड़ियों के पूल से अपने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के लिए वोट कर सकते हैं जिसमें भारत के सूर्यकुमार यादव और टूर्नामेंट के प्रमुख रन-स्कोरर विराट कोहली शामिल हैं। सूर्यकुमार ने कुछ शानदार पारियों के साथ टूर्नामेंट की शुरूआत की थी। कोहली, जो दो बार यह पुरस्कार जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं, एक शानदार अभियान के बाद तीसरी बार दौड़ में शामिल हैं। उन्होंने भारत के लिए छह मैचों में चार अर्द्धशतक दर्ज किए। वहीं, पाकिस्तान को ऑलराउंडर शादाब खान और तेज गेंदबाजी सनसनी शाहीन अफरीदी को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शाहीन अफरीदी ने पहले दो मैचों में कम विकेट लेने के बाद धीरे-धीरे टूर्नामेंट की शुरूआत की, लेकिन तब से दस विकेट लेकर वापस फॉर्म में आ गए हैं। अन्य फाइनलिस्ट इंग्लैंड में प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए तीन खिलाड़ी दौड़ में हैं। जबकि जोस बटलर और एलेक्स हेल्स इस पुरस्कार के लिए सबसे स्पष्ट विकल्पों में से दो हैं।

# हार के गम में भूले पंत की कुर्बानी

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम को टी-20 वर्ल्ड कप 2022 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 10 विकेट की हार झेलनी पड़ी। इस हार के बाद उसका सफर भी खत्म हो गया। टीम इंडिया एक बार फिर बिना कप लिए स्वदेश लौट रही। प्लेयर्स में बुरी तरह निराश और हताश दिखे, जबकि इंडियन फैंस में टीम की हार को लेकर गुस्सा है। इस बीच एक बात जो कुछ ही लोगों को याद होगी वह है कि ऋषभ पंत की कुर्बानी। युवा विकेटकीपर के करियर पर पहले से ही संकट के बादल मंडरा रहे हैं और उसके बावजूद पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ हार्दिक पंड्या के लिए अपना विकेट कुर्बान करने में देरी नहीं की। दरअसल, 19वें आवेर की तीसरी गेंद थी। क्रिस जॉर्डन की यॉर्कर गेंद पर ऋषभ पंत गेंद चूक गये, लेकिन बाई के रूप में एक रन लेने का मौका था। हार्दिक पंड्या के प्रेशर डालने पर ऋषभ पंत दौड़ पड़े, लेकिन वह लेट थे। दूसरी ओर, हार्दिक पंड्या क्रीज में पहुंच चुके थे और दूसरे छोर पर गेंद भी। ऋषभ पंत के पास मौका था कि वह अगर चाहते तो वापस क्रीज में लौटकर अपना विकेट बचा सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा किया नहीं। उन्होंने सोचा कि हार्दिक अच्छे शॉट्स खेल रहे हैं तो वह थंब का दिखाते हुए पवेलियन की ओर बोझिल कदमों से लौट पड़े। हार्दिक पंड्या ने इसके बाद अगली दो गेंदों में चौका-छक्का लगाये। हार्दिक पंड्या 33 गेंदों में चार चौके और पांच छक्के के दम पर 63 रन बनाकर लौटे। उनकी इस पारी के दम पर ही भारत 168 रनों तक पहुंच सका, लेकिन यह स्कोर उसके गेंदबाज बचा नहीं सके। जोस बटलर और एलेक्स हेल्स ने मैदान पर जिस अंदाज में बैटिंग की उसने इंडियन फैंस का दिल चकनाचूर कर दिया।



# रिश्तों में दरार : मॉडल आयशा की वजह से सानिया-शोएब का तलाक

**हैदराबाद (एजेंसी)।** इंडियन टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और पाकिस्तानी क्रिकेटर शोएब मलिक का तलाक हो गया है। यह दावा शोएब के करीबी दोस्त ने किया है, जो कि उनकी मैनेजमेंट टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा- मैं दोनों के तलाक की पुष्टि कर सकता हूं, लेकिन इससे ज्यादा कुछ नहीं बोल सकता। तलाक की अफवाहों के बीच मॉडल आयशा कमर के साथ रिश्तों को लेकर मलिक का इंटरव्यू वायरल हो रहा है। इसमें मलिक ने खुलासा किया था कि आयशा ने फोटोशूट के दौरान मेरी बहुत मदद की थी। दरअसल, 2021 में मलिक ने आयशा के साथ बोल्ड फोटोशूट करवाया था। अब ये सभी तस्वीरें सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रही हैं। हैदराबाद में 12 अप्रैल 2010 को सानिया और शोएब की शादी हुई थी। 15 अप्रैल को रिसेप्शन लाहौर में दिया गया था। दोनों का एक बेटा इजहान है। उसका जन्म 2018 में हुआ था।

### शोएब के करीबी दोस्त ने की पुष्टि



**दुबई में सानिया तो पाकिस्तान में मलिक :** सानिया-मलिक के करीबी दोस्त ने बताया कि उन दोनों का ऑफिशियली तलाक हो गया है। कुछ फॉर्मेलिटीज हैं, जो अभी भी बची हुई हैं। दोनों अभी अलग-अलग रह रहे हैं। सानिया इस समय दुबई में हैं, जबकि मलिक पाकिस्तान में हैं। तलाक की खबरों को सानिया की सोशल मीडिया पोस्ट से और ज्यादा हवा मिल रही है।

# राहुल द्रविड़ टी-20 वर्ल्ड कप से लौटने के बाद करेंगे आराम



**एडिलेड (एजेंसी)।** राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण न्यूजीलैंड के आगामी दौरे पर भारतीय टीम के कार्यवाहक मुख्य कोच होंगे, क्योंकि राहुल द्रविड़ की अगुआई वाले कोचिंग स्टाफ को टी-20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है। भारतीय टीम को टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में गुरुवार को इंग्लैंड से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को न्यूजीलैंड में सफेद गेंद के छह मैच खेलने हैं जिसमें तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे शामिल हैं जो 18 नवंबर से वेलिंगटन में शुरू होंगे। सीनियर खिलाड़ी जैसे नियमित कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को दौरे पर आराम दिया गया है। साथ ही कोचिंग स्टाफ को भी टी-20 विश्व कप के बाद ब्रेक दिया गया है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के सूत्र ने कहा कि लक्ष्मण की अगुआई में एनसीए टीम न्यूजीलैंड जाने वाली टीम से जुड़ेगी जिसमें ऋषिकेश कानिटकर (बल्लेबाजी कोच) और साईराज बहुतुले (गेंदबाजी कोच) शामिल हैं। यह पहली बार नहीं है जब लक्ष्मण को भारतीय टीम में यह जिम्मेदारी दी गयी है। इस पूर्व क्रिकेटर ने पिछली बार जिम्बाब्वे और आयरलैंड के दौरे तथा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालिया वनडे घरेलू श्रृंखला के दौरान भी टीम को कोचिंग दी थी। ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या टी-20 श्रृंखला में टीम की अगुआई करेंगे जबकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन वनडे टीम के कप्तान होंगे। नियमित कप्तान रोहित बांग्लादेश दौरे के लिए वापसी करेंगे। कोहली और अश्विन भी बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में वापसी करेंगे जिसमें भारत तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेलेगा।

# केएल राहुल की अंधभक्ति और घमंड से सपना हुआ चूर-चूर

**एडिलेड (एजेंसी)।** भारतीय टीम की हार के बाद कप्तान रोहित शर्मा रोते दिखे तो पूर्व विराट कोहली कैप से अपना मुंह छिपाते नजर आए, जबकि कोच राहुल द्रविड़ हताश दिखे, लेकिन असलियत यह है कि यह होना था और इसके जिम्मेदार भी वहीं हैं। टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड से भारत की हार के बाद रोहित शर्मा की आंखों में आंसू दिखे। विराट कोहली कैप से मुंह ढकते दिखे तो राहुल द्रविड़ के चेहरे पर गम का आलम ऐसा था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में जबरिया बोलते दिखे। हार्दिक पंड्या ने ट्वीट करके निराशा जाहिर की। रोहित शर्मा की तस्वीरें जब सामने आईं तो भारतीय क्रिकेट फैंस का दिल मुंह को आ गया। स्टेडियम के बाहर पाकिस्तानी फैंस नारे लगा रहे थे तो इंडियन फैंस नजरें झुकाए पतली गली से निकलते दिखे। यह टीम के लिए शर्मसार होने वाला था। फैंस के लिए भी। सवाल फिर भी वही है, विराट कोहली को मुंह छिपाने की जरूरत क्यों पड़ी? आखिर कौन-सा फैन अपने कप्तान को ऐसे देखना चाहता है, लेकिन सवाल फिर भी वही है कि इस हार का जिम्मेदार कौन है? आखिर किसने केएल राहुल को लगातार खराब प्रदर्शन होने के बावजूद टीम में बनाए रखा और हर मैच में ओपनिंग के लिए भेजा? यह कोच राहुल द्रविड़ थे, यह कप्तान रोहित शर्मा थे और सिलेक्टर्स ही थे...। पूरी दुनिया एशिया कप 2022 से पहले से कह रही कि फिलहाल केएल राहुल के बस की बात ओपनिंग नहीं है। इसके बावजूद उन्हें न केवल टीम में बनाए रखा गया, बल्कि राहुल द्रविड़ खुलेआम कहते दिखे कि राहुल ही रोहित के पार्टनर रहेंगे। यह अंधभक्ति नहीं है तो क्या है?



### विकल्प होने के बावजूद एक फ्लॉप ओपनर से ओपनिंग

**पृथ्वी** शॉ, ईशान किशन, शुभमन गिल, ऋतुराज गायकवाड़, देवदत्त पडिक्कल, संजू सैमसन... लिस्ट और भी लंबी है.. ये वे नाम हैं, जो ओपनर हैं। इतना विकल्प होने के बावजूद एक फ्लॉप ओपनर से ओपनिंग कराने का मतलब क्या है? ईशान किशन तो एशिया कप से पहले तक इस कैलेंडर इयर में सबसे अधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज भी थे। पृथ्वी शॉ घरेलू क्रिकेट में गेंदबाजों पर आग बरसा रहे हैं, लेकिन टीम इंडिया और सिलेक्टर्स के कान पर जूं तक नहीं रेंगती। वह सोशल मीडिया पर दुहाई देते रहे गए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। राहुल तेवतिया की क्षमता कौन नहीं जानता। गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के लिए वह गेम चेंजर रहे, लेकिन उन्हें मौका ही नहीं मिला। टीम इंडिया अक्षर पटेल को ढोते रही, जबकि ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले भी वह कुछ खास नहीं कर पा रहे थे। खासकर जडेजा की तुलना में तो कहीं नहीं टिकते। यहां सिर्फ राहुल तेवतिया नहीं हैं, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर के रूप में दो अन्य विकल्प भी हैं, जो ऑलराउंडर के तौर पर बेहतरीन विकल्प हो सकते थे। हालांकि, इनके नामों पर चर्चा हुई होगी ऐसा कह नहीं सकते। अब बात करते हैं पेसर्स की... ओह माफ करिएगा गेंदबाजी की, क्योंकि तेज गेंदबाजी जैसा कुछ है नहीं। भुवनेश्वर और मोहम्मद शमी के पास रफ्तार नहीं है तो अर्शदीप दूसरे छोर पर सीनियर गेंदबाजों को पिटते देख हवा हो गए। ऑस्ट्रेलिया में जहां स्विंग मिला वहां तो भुवनेश्वर कमाल करने में सफल रहे, लेकिन जहां पिच से मदद नहीं मिली तो बल्लेबाजों ने मार-मारकर तेज गेंदबाज होने का भ्रम दूर कर दिया।

